राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 206
लखनऊ, सोमवार 30 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



डीएम के निर्देश पर पकड़ा गया अवैध खनन 10
मन की बात से देशवासियों में नई ऊर्जा व एकजुटता का संचार : केशव 03

## संक्षिप्त समाचार

### मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर चलती बस में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

**मथुरा।** मथुरा के नौझील थाना क्षेत्र में रविवार को यमुना एक्सप्रेसवे पर एक निजी बस में आग लग गई। हालांकि सभी यात्री बाल-बाल बच गए लेकिन पूरी बस जलकर खाक हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार आगरा से नोएडा जा रही एक निजी बस में एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर 64 के पास अचानक आग लग गई। बस में करीब 48 यात्री सवार थे। अग्निशमन अधिकारी किशन लाल ने बताया, बस के चालक ने इंजन से धुआं निकलते देखा। बस रोककर जांच की तो इंजन में आग लग चुकी थी। उसने तुरंत यात्रियों को सतर्क किया और उन्हें सुरक्षित बाहर निकलने में मदद की। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। लाल ने बताया कि मौके पर दमकल की चार गाड़ियां भेजी गईं और करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### बिहार बोर्ड ने कक्षा 10 का परिणाम घोषित किया, 81.79 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने रविवार को कक्षा 10 का परिणाम घोषित कर दिया, जिसमें 81.79 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि जमुई जिले की पुष्पांजलि कुमारी और वैशाली जिले की सबरीन परवीन ने 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। परिणाम घोषित करते हुए मंत्री ने कहा कि कक्षा 10 और 12 के परिणाम मार्च में ही घोषित करने वाला बिहार एकमात्र राज्य है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के उपयोग से मूल्यांकन प्रक्रिया रिकॉर्ड 12 दिन में पूरी की गई। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि परीक्षा में कुल 15,10,928 छात्र शामिल हुए, जिनमें से 81.79 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए हैं। इस अवसर पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर भी मौजूद थे। समिति ने कक्षा 12 का परिणाम 25 मार्च को घोषित किया था।

### महाराष्ट्र से परिवार के साथ काशी आया किशोर नहाते समय गंगा में डूबा, मौत

**वाराणसी।** महाराष्ट्र से अपने परिवार के साथ काशी में दर्शन पूजन के लिए आया किशोर रविवार को केदारघाट पर गंगा नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूब गया। जब तक किशोर को गंगा से निकाला जाता उसकी सांसे थम चुकी थी। एनडीआरफ की टीम ने काफी प्रयास के बाद शव को गंगा से बाहर निकाला। किशोर का शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के सतारा जिले से वाराणसी घूमने आया सचिन (15) केदारघाट पर अपने परिजनों के साथ गंगा स्नान कर रहा था। इसी दौरान सचिन फिसल कर गहरे पानी में समा गया। यह देख परिजनों ने शोर मचाया तो मौके पर मौजूद लोगों ने भेलूपुर पुलिस और एनडीआरएफ को घटना की जानकारी दी। एनडीआरएफ के गोताखोरों ने गंगा में तत्काल सर्च ऑपरेशन शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद किशोर को पानी से ढूंढ निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# मन की बात : ऊर्जा संकट पर अफवाहों से बचने व एकजुटता का आह्वान

**▸ पीएम ने देशवासियों से की अफवाहों पर ध्यान न देने व एकजुटता बनाए रखने की अपील**



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संघर्ष की वैश्विक स्थिति और ऊर्जा संकट पर चिंता जताते हुए रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम से एक बार फिर देशवासियों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और एकजुटता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के कारण पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। ऐसे समय में अफवाहों से दूर रहना और आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करना जरूरी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड में आज उक्त बातें कहीं। उन्होंने खाड़ी देशों के संघर्ष के बीच वहां रह रहे भारतीयों को संभालने के लिए दिए सहयोग पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की ऊर्जा आवश्यकताएं इस क्षेत्र से जुड़ी हैं, जिससे मौजूदा संघर्ष का असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत अपने अंतरराष्ट्रीय संबंधों का उपयोग कर स्थिति का सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री ने इस विषय पर राजनीति करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह 140 करोड़ लोगों से जुड़ा मुद्दा है और इसमें स्वार्थ की राजनीति का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने अफवाह फैलाने वालों को देश के लिए हानिकारक बताया और नागरिकों से अपील की कि वे केवल सरकारी जानकारी पर भरोसा करें। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे कई देशों में ईंधन संकट की स्थिति बनी है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देश की पांडुलिपि धरोहर के संरक्षण में जनभागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि 'ज्ञान भारतम्' पहल के तहत पांडुलिपियों का संरक्षण और उनसे जुड़ी जानकारी एकत्र की जा रही है। इसके लिए एक ऐप भी विकसित किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने पास सुरक्षित पांडुलिपियों की जानकारी साझा करें। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में देश में खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह और उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने आईसीसी टी-20 विश्व कप में भारतीय पुरुष टीम की जीत और रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक उपलब्धि की चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के एथलीट कुलवीर सिंह की उपलब्धि का जिक्र किया, जिन्होंने न्यूयॉर्क सिटी हाफ मैराथन में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वह एक घंटे से कम समय में हाफ मैराथन पूरा करने वाले पहले भारतीय बने। उन्होंने अनाहत सिंह द्वारा स्क्वैश ऑन फायर ओपन जीतने और 8 मार्च को 'अस्मिता' महिला लीग के आयोजन का भी उल्लेख किया और कहा कि देश में नारी शक्ति खेलों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने बेंगलुरु के 'प्रयोग इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन रिसर्च' के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह संस्थान बच्चों को विज्ञान के व्यावहारिक अनुभव से जोड़ रहा है। इसके साथ ही उन्होंने नागा समुदाय की 'मोरुंग' प्रणाली का उल्लेख किया, जो परंपरा और आधुनिक शिक्षा का समन्वय प्रस्तुत करती है। प्रधानमंत्री ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने त्रिपुरा के वांगमुन गांव, छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले और तेलंगाना के मुधिगुंटा गांव के उदाहरण दिए, जहां वर्षा जल संचयन और भूजल संरक्षण के प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मछुआरों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में नवाचार हो रहे हैं और मछुआरे भाई-बहन आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने योग अपनाने व चीनी-तेल का सेवन घटाने पर दिया जोर

पीएम मोदी ने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में देशवासियों से फिटनेस पर ध्यान देने और योग को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में अब 100 दिनों से भी कम समय बचा है और पूरी दुनिया में योग के प्रति आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने बताया कि अफ्रीका के जिबूती में अल्मिस नामक व्यक्ति अपने अरविंद योग सेंटर के माध्यम से योग का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और विभिन्न स्थानों पर लोगों को योग सिखा रहे हैं। उन्होंने लोगों से खान-पान में सुधार लाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कई लोगों ने इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएटर युवराज दुआ के पोस्ट पर उनकी प्रतिक्रिया को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि युवराज दुआ ने उनसे अपने पिता को चीनी कम करने के लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया था, जिसका सकारात्मक असर देखने को मिला। प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से चीनी का सेवन कम करने की अपील की और खाने के तेल में कम से कम 10 प्रतिशत की कटौती करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के छोटे-छोटे बदलाव मोटापा और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाने में मदद करेंगे। उन्होंने दोहराया कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाना आज के समय की बड़ी जरूरत है।

### राजग की बढ़ती लोकप्रियता केरल में बदलाव का संदेश : प्रधानमंत्री

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केरल में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और यह राज्य में बदलाव का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में केरल में राजग की सरकार बनने पर तेज विकास होगा। केरल के पलक्कड़ में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने वाम दलों के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दोनों गठबंधनों को भ्रष्ट और सांप्रदायिक करार देते हुए कहा कि उनकी राजनीति केवल वोटबैंक तक सीमित है और उन्हें राज्य के विकास की चिंता नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एलडीएफ और यूडीएफ की नीतियां सिर्फ वोटबैंक पॉलिटिक्स पर आधारित हैं। मैं केरलम की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि राजग की सरकार बनने पर राज्य का तेज विकास होगा। यह मोदी की गारंटी है।

# देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है यूपी : योगी

**▸ सीएम योगी ने नर्सिंग अधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के 665 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई हैं।

उन्होंने कहा कि कभी बीमारू कहे जाने वाला उत्तर प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है और शीर्ष तीन राज्यों में शामिल है। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले राज्य की स्थिति ऐसी थी कि कर्मचारियों को वेतन देने में भी कठिनाई होती थी, लेकिन आज प्रदेश राजस्व अधिशेष (रेवेन्यू सरप्लस) की स्थिति में पहुंच गया है। प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 2017 से पहले यह क्षेत्र क्राइम कैपिटल के रूप में जाना जाता था, जबकि आज यह देश-दुनिया के निवेशकों के लिए प्रमुख केंद्र बन गया है। जेवर एयरपोर्ट परियोजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इससे करीब एक लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफवाहों और दुष्प्रचार को लेकर भी लोगों को आगाह किया। उन्होंने कहा कि कुछ तत्व झूठी खबरें फैलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि प्रदेश में सभी व्यवस्थाएं सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बताते हुए कहा कि हर चरण पर सख्त निगरानी रखी जाती है और गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होती है। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि लोहिया संस्थान में 350 से अधिक रोबोटिक सर्जरी हो चुकी हैं और प्रदेश में 31 नए नर्सिंग कॉलेज संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में साइबर थाने और 1681 थानों में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित की गई हैं। विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग पहले नोएडा जाने से बचते थे, वे अब राजनीतिक कारणों से वहां पहुंच रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे आस्था में विश्वास रखते हैं, लेकिन अंधविश्वास को नहीं मानते।

# तेहरान विश्वविद्यालय पर अमेरिकी हमले के बाद ईरान की जवाबी हमला करने की चेतावनी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर ×0 मार्च दोपहर 12 बजे तक अमेरिका और इजरायल ईरान के शिक्षण संस्थानों पर हुई बमबारी की निंदा नहीं करते हैं, तो वे पश्चिम एशिया में अमेरिकी और इजरायली विश्वविद्यालयों पर जवाबी हमले करेंगे।

ईरानी अधिकारियों ने मार्च महीने में विश्वविद्यालय और कई शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों पर अमेरिकी-इजरायली हमलों की जानकारी दी है, जिसमें 28 मार्च को तेहरान में साइंस एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय पर हुआ हमला भी शामिल है। ईरानी मीडिया ने बताया कि वैज्ञानिक और अनुसंधान के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है और कम से कम पांच लोग मारे गए हैं।

आईआरजीसी ने एक बयान में ईरानी विश्वविद्यालय पर हुई बमबारी की निंदा करते हुए पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी और इजरायली विश्वविद्यालय को वैध लक्ष्य बताया। आईआरजीसी ने कहा कि अमेरिकी और इजरायली सेनाओं ने तेहरान साइंस एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय पर बमबारी करके एक बार फिर ईरानी विश्वविद्यालय को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया है कि अमेरिका को यह पता होना चाहिए कि अब से पश्चिम एशिया में मौजूद सभी अमेरिकी और इजरायली विश्वविद्यालय हमारे लिए वैध लक्ष्य होंगे, ईरानी विश्वविद्यालय के बदले में दो विश्वविद्यालयों पर हमला किया जाएगा।

आईआरजीसी ने इस क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, प्रोफेसरों और छात्रों, साथ ही आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को भी सलाह दी कि वे अपनी जान बचाने के लिए बताए गए विश्वविद्यालय से कम से कम एक किलोमीटर दूर रहें।



**▸ ईरानी विश्वविद्यालय के बदले में दो विश्वविद्यालयों पर हमला करने का किया ऐलान**

### अमेरिका ईरान में जमीनी अभियान की कर रहा है तैयारी

**एजेंसी, वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग ईरान में कई हफ़्तों तक चलने वाले ज़मीनी अभियान की तैयारी कर रहा है। वाशिंगटन पोस्ट ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। अख़बार के अनुसार किसी भी संभावित ज़मीनी अभियान में विशेष ऑपरेशन बलों और पारंपरिक पैदल सेना इकाइयों द्वारा की जाने वाली कार्रवाई शामिल होगी। इससे पहले, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत यूएसएस त्रिपोली के पहुंचने की घोषणा की थी।

# जब तक भाजपा की सरकार है, तब तक संविधान खतरे में : अखिलेश यादव

**▸ समाज में भेदभाव व उत्पीड़न झेलने वाले लोगों का दर्द वही समझ सकता है, जिसने इसे महसूस किया हो**



**एजेंसी, नोएडा।**

समाजवादी पार्टी प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को दादरी स्थित मिहिर भोज डिग्री कॉलेज में आयोजित 'भाईचारा रैली' को संबोधित करते हुए सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब तक भाजपा सत्ता में है, तब तक देश का संविधान खतरे में रहेगा।

अखिलेश यादव ने भीमराव अंबेडकर का उल्लेख करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने देश को ऐसा मजबूत संविधान दिया है, जो किसी भी हथियार से ज्यादा ताकतवर है, लेकिन भाजपा को इस संविधान पर भरोसा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में 5 प्रतिशत लोग 95 प्रतिशत जनता का शोषण कर रहे हैं और उनकी लड़ाई इसी असमानता के खिलाफ है।

उन्होंने कहा कि समाज में भेदभाव और उत्पीड़न झेलने वाले लोगों का दर्द वही समझ सकता है, जिसने इसे महसूस किया हो। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सत्ता से हटने के बाद उनके घर को गंगाजल से धुलवाने और मंदिर जाने के बाद मंदिर धुलवाने जैसी घटनाओं ने उन्हें गहरा आघात पहुंचाया। सपा प्रमुख ने 'पीडीए समाज' (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) को एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि अब सामाजिक न्याय का समय है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी को मिटाने का नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का है। उन्होंने कहा कि समाज में दो तरह के लोग होते हैं—एक शोषण करने वाले और दूसरे शोषित। उनका लक्ष्य शोषित वर्ग को उनका अधिकार और सम्मान दिलाना है।

### हॉर्मुज स्ट्रेट से निकले एलपीजी लदे दो भारतीय जहाज, अगले दो-तीन दिन में भारत पहुंचने की संभावना

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच भारत के लिए एक राहत की खबर आई है। भारत आने वाले दो एलपीजी टैंकर्स ने जंग के कारण ठप पड़े हॉर्मुज स्ट्रेट को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। ये दोनों जहाज अब हॉर्मुज स्ट्रेट को पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। अगले दो से तीन दिन में इन दोनों जहाजों के भारत पहुंच जाने की उम्मीद जताई गई है। आपको बता दें कि अमेरिका और इजराइल तथा ईरान के बीच जारी जंग के कारण हॉर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह से ठप हो गया है, जिसकी वजह से मालवाहक जहाजों और ऑयल टैंकर्स की आवाजाही भी रुक गई है। आवाजाही रुकने के कारण कच्चे तेल और गैस की अपनी जरूरत पूरी करने के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भर करने वाले भारत जैसे देश के सामने काफी संकट की स्थिति बन गई है।

# एआई से नौकरी जाने की आशंका खारिज

## डेलॉयट के सीओओ ने भारत में 50 हजार नौकरियां देने का किया दावा

**एजेंसी, बेंगलुरु।**





कृत्रिम मेधा (एआई) से बड़े पैमाने पर नौकरियां खत्म होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए डेलॉयट के दक्षिण एशिया के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) नितिन केनी ने कहा है कि कंपनी भारत में 50,000 लोगों की भर्ती की योजना पर काम कर रही है और इसमें कर्मचारियों को नई प्रौद्योगिकी के अनुरूप कौशल बढ़ाने पर खास जोर दिया जा रहा है।

एक साक्षात्कार में केनी ने बताया कि डेलॉयट देश में तेजी से विस्तार और निवेश की योजना पर काम कर रही है और जल्द ही क्वांटम उत्कृष्टता केंद्र शुरू करने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि एआई के कारण नियुक्तियों पर असर पड़ने की चिंता सही नहीं है। डेलॉयट एआई को नौकरियां कम करने वाला साधन नहीं मानती, बल्कि काम को ज्यादा आसान और प्रभावी बनाने का जरिया मानती है।

केनी ने कहा, नौकरियों में कटौती करना कोई समाधान नहीं है। जरूरी है कि लोगों के कौशल को बढ़ाया जाए, ताकि वे नई प्रौद्योगिकी के साथ मिलकर अधिक मूल्य वाले और जटिल काम कर सकें। उन्होंने बताया कि कंपनी अब तक करीब 30,000 कर्मचारियों को एआई का प्रशिक्षण दे चुकी है, जबकि लगभग 20,000 कर्मचारी कंपनी के अपने मंच पर काम करने के लिए तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि डेलॉयट के कुल वैश्विक कर्मचारियों में से लगभग एक-तिहाई भारत में काम करते हैं, जिससे भारत कंपनी के लिए एक अहम बाजार है। केनी ने कहा कि कंपनी अपनी आय का करीब नौ प्रतिशत हिस्सा कौशल विकास, क्षमता बढ़ाने और नए प्रयोगों पर खर्च करती है।

# युद्ध के बीच भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ श्रीलंका को भेजा 38000 मीट्रिक टन ईंधन

**एजेंसी, कोलंबो।**

ईंधन आपूर्ति की दिक्कत से जूझ रहे श्रीलंका की पुकार पर भारत ने तुरंत मदद का हाथ बढ़ाया। भारत सरकार के इस सकारात्मक रुख पर श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने आभार जताया है।

श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी बात कही। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी बात हुई थी।

इस बातचीत में उन्होंने (दिसानायके) मिडिल ईस्ट संघर्ष के कारण श्रीलंका को हो रही फ्यूल सप्लाई में आ रही रुकावटों को बयां किया था। इसके बाद वो लिखते हैं, भारत ने तुरंत मदद का हाथ बढ़ाया और इसके लिए मैं उनका शुक्रगुजार हूं। शनिवार को कोलंबो में 38,000 एमटी फ्यूल पहुंचा। दिसानायके ने मौजूदा संकट काल में विदेश मंत्री एस जयशंकर के पूर्ण सहयोग का भी जिक्र करते हुए उनका धन्यवाद किया है।

पूर्व मंत्री और श्रीलंका पोदुजना पेरामुना (एसएलपीपी) के सांसद नमल राजपक्षे ने भी एक्स पोस्ट के जरिए भारत को शुक्रिया कहा। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा की तरह अपना पड़ोसी धर्म पूरी शिद्दत से निभाया।

उन्होंने भी एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के लोगों ने एक बार फिर श्रीलंका को 38,000 एमटी पेट्रोलियम की समय पर शिपमेंट के जरिए नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी को बनाए रखा है।



## खबरें एक नजर में

### चौथी बार इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स में दर्ज हुआ इं. हेमन्त का नाम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिंचाई विभाग उ.प्र. लखनऊ में कार्यरत बिजनौर जनपद में चाँदपुर क्षेत्र के गाँव फीना निवासी इं0 हेमन्त कुमार का नाम एक बार फ़िर इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स में दर्ज हुआ है। यह रिकॉर्ड उनकी ई पुस्तक चित्रों के झरोखे से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण को ध्वजारोहण के दिन प्रकाशित करने के लिए दिया गया। इस पुस्तक में मंदिर निर्माण शुरू होने से लेकर इसके पूर्ण होने तक के चित्र और उनकी संक्षिप्त व्याख्या क्रमवार प्रदर्शित की गई है। मंदिर निर्माण की भारतीय शैली पर भी इस पुस्तक में तकनीकी परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है। ज्ञात हो कि 25 नवंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में निर्माण अधीन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में धर्मध्वज आरोहण किया था। इंजीनियर हेमंत कुमार की पुस्तक भी इसी दिन प्रकाशित हो गई थी। इंडिया बुक ऑफरिकार्ड्स ने इस पुस्तक को विशिष्ट उपलब्धि मानते हुए अपने अभिलेखों में अंकित कर इंजीनियर हेमंत कुमार को प्रमाण पत्र तथा मेडल भेजा है। इस पुस्तक को तैयार करने में इंजीनियर हेमंत कुमार ने अयोध्या की कई बार यात्रा की तथा अंत तक और निरंतर प्रयास किए। इससे पूर्व भी हेमंत कुमार के नाम तीन कभी न टूटने वाले राष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज है। हेमंत कुमार ने बताया की ध्वजारोहण के दिन ही इस पुस्तक को अद्यतन रूप में प्रकाशित करना एक बहुत बड़ी चुनौती थी इसके लिए वह कई महीने से लगातार काम करते रहे इस कार्य के लिए उन्होंने विभिन्न सहयोगी और शुभचिंतकों का आभार जाता है। इससे पूर्व भी प्राण प्रतिष्ठा के दिन तब तक के निर्माण से जुड़े चित्रों का पुस्तक के प्रथम संस्कारण के रूप में प्रकाशन हुआ था। इन संस्करणों के लिए राज्यपाल उत्तर प्रदेश पूर्व सांसद बांदा आरके सिंह पटेल एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त महंत कामदगिरि चित्रकूट मदन गोपालदास श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण की ओर से ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बंसल एवं मेवाड़ राजघराने के युवराज लक्ष्यराज सिंह का संदेश शुभकामना प्राप्त हुआ है। हेमंत कुमार की यह पुस्तक इंटरनेट पर निशुल्क और बिना ओटीपी के पढ़ी जा सकती है।

### मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र के बगरिया खेड़ा इलाके में शनिवार देर रात एक मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह बेटे ने पिता को कमरे में फंदे से लटका देखा तो परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक, 38 वर्षीय शयान प्रकाश मजदूरी कर परिवार का पालन–पोषण करते थे। घटना के समय वह घर पर अकेले थे। परिजनों ने बताया कि शनिवार रात वह शराब के नशे में थे और किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद वह अपने कमरे में चले गए। रविवार सुबह बेटा अनुज जब उन्हें जगाने गया तो अंदर का नजारा देख उसके होश उड़ गए। उसने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची दुबग्गा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में पत्नी कविता, बेटा अनुज और बेटी रुचि रावत हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति 11 अप्रैल को करेगी बड़े आंदोलन का ऐलान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की आज आयोजित ऑनलाइन बैठक में पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन द्वारा की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के खिलाफकड़ा रुख अपनाते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि आगामी 11 अप्रैल 2026 को लखनऊ में संघर्ष समिति की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जाएगी। यदि तब तक उत्पीड़नात्मक सभी कार्यवाहियां वापस नहीं ली जाती हैं, तो इसी बैठक में प्रदेशव्यापी आंदोलन की घोषणा की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। संघर्ष समिति ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष द्वारा किसी भी कर्मचारी या अभियंता के खिलाफउत्पीड़न की नीयत से निलंबन या दंडात्मक कार्रवाई की जाती है, तो प्रदेश के सभी जनपदों में बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी, जूनियर इंजीनियर एवं अभियंता तत्काल सामूहिक सत्याग्रह के लिए बाध्य होंगे। बैठक में यह भी आरोप लगाया गया कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन आगामी गर्मी के मौसम में जानबूझकर बिजली व्यवस्था को प्रभावित करने की योजना बना रहा है, ताकि निजीकरण के एजेंडे को आगे बढ़ाया जा सके। संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि बिजली कर्मी इस मंशा को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देंगे और हर प्रकार के उत्पीड़न का पुरजोर विरोध करेंगे। इसके साथ ही यह निर्णय लिया गया कि 11 अप्रैल से पूर्व संघर्ष समिति से जुड़े सभी श्रम संघ अपने–अपने स्तर पर प्रदेशभर में व्यापक सभाएं आयोजित कर कर्मचारियों को एकजुट करेंगे। 11 अप्रैल को लखनऊ में होने वाली बैठक में प्रदेश के सभी संगठनों की केंद्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सैकड़ों सक्रिय सदस्य भाग लेंगे। आज की ऑनलाइन बैठक में प्रमुख रूप से संजय सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, महेन्द्र राय,अंकुर पांडेय, मोहम्मद वसीम, सोहेल आबिद, माया शंकर तिवारी, श्रीचंद, मोहम्मद इलियास, सरजू त्रिवेदी, योगेंद्र लाखा, ए के श्रीवास्तव, रफ़ीक अहमद, पी एस बाजपेई, प्रेम नाथ राय एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### शकुंतला विश्वविद्यालय में एबीवीपी का विरोध कैंपस में चलाया स्वच्छता अभियान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने रविवार को रविवार परिसर के नाम स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान छात्रों ने परिसर में डस्टबिन की कमी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और विश्वविद्यालय प्रशासन से पर्याप्त कूड़ेदान उपलब्ध कराने की मांग की। अभियान के तहत छात्र–छात्राओं ने विश्वविद्यालय परिसर से कूड़ा–कचरा एकत्रित किया। उन्होंने स्वच्छ परिसर की आवश्यकता पर जोर दिया और बताया कि पर्याप्त कूड़ेदानों की व्यवस्था न होने के कारण स्वच्छता बनाए रखना मुश्किल हो रहा है। विद्यार्थियों ने बताया कि इस समस्या को पहले भी कई बार विश्वविद्यालय प्रशासन के संज्ञान में लाया गया था, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसी के विरोध में परिषद के कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण और प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान एकत्रित किए गए कूड़ा–कचरे को विश्वविद्यालय प्रशासन की अमानत बताते हुए कुलपति और कुलसचिव कार्यालय के समक्ष रखा गया। छात्रों ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य अनादर करना नहीं, बल्कि प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करना है, ताकि उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। छात्रों का कहना है कि यदि परिसर में पर्याप्त डस्टबिन उपलब्ध कराए जाएं, तो स्वच्छता बनाए रखना आसान होगा। परिषद ने उम्मीद जताई कि आगामी सप्ताह तक विश्वविद्यालय प्रशासन इस दिशा में आवश्यक कदम उठाएगा और परिसर में पर्याप्त संख्या में कूड़ेदान की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। इस स्वच्छता अभियान में विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष चंद्र प्रकाश मद्धेशिया, उपाध्यक्ष रवि गंगवार, सहमंत्री प्रकाश सोनकर, सहमंत्री सुजीत, रितेश, विकास, अनुराग वर्मा, ओम प्रकाश और आदित्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने स्वच्छ परिसर के संकल्प को दोहराया और भविष्य में भी ऐसे जन जागरूकता कार्यक्रम जारी रखने की बात कही। विद्यार्थी परिषद ने यह भी कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसमें प्रशासन और विद्यार्थियों की समान भागीदारी आवश्यक है।

# मन की बात से देशवासियों में नई ऊर्जा व एकजुटता का संचार : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को लखनऊ स्थित कैम्प कार्यालय पर जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संबोधित लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों के लिए प्रेरणा, मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन का सशक्त माध्यम बन चुका है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री के विचार हर नागरिक के भीतर नई ऊर्जा, आत्मविश्वास एवं राष्ट्र के प्रति गौरव की भावना का संचार करते हैं। कहा कि प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त करने वाला एक अद्भुत जनसंवाद है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों एवं ऊर्जा क्षेत्र में उत्पन्न चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री का संतुलित, स्पष्ट एवं आश्वस्त करने वाला दृष्टिकोण यह दर्शाता है कि भारत हर परिस्थिति में सजग, सक्षम एवं दृढ़ है। प्रधानमंत्री जी का यह आह्वान कि देशवासी जागरूक रहें, अफवाहों से दूर रहें तथा एकजुट होकर संयमित आचरण करें, प्रत्येक नागरिक के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मार्गदर्शन है। उप मुख्यमंत्री ने 'मन की बात' में प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रस्तुत विभिन्न प्रेरक उदाहरणों का उल्लेख करते हुए कहा कि वाराणसी में एक ही घंटे में 2 लाख 51 हजार से अधिक पौधारोपण कर बनाए गए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का उल्लेख उत्तर प्रदेश के लिए अत्यंत गौरव व गर्व का विषय है।

प्रधानमंत्री जी का 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप दे रहा है, जिसमें छात्रों, जवानों एवं स्वयंसेवी संगठनों की सक्रिय भागीदारी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि 'ज्ञान भारतम' पहल, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं अन्य जनहितकारी प्रयासों के माध्यम से प्रधानमंत्री ने समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान की है। साथ ही जल संकट के समाधान हेतु देशभर में सामुदायिक स्तर पर हो रहे प्रयासकृजैसे तालाबों का पुनर्जीवन, वर्षा जल संचयन एवं 'अमृत सरोवर' अभियान के अंतर्गत हजारों सरोवरों का निर्माण जनभागीदारी की सशक्त मिसाल हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री की 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों, विशेषकर उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में लोगों को व्यापक लाभ मिल रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि के साथ जीवन स्तर भी बेहतर हो रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि आपका यह प्रेरक, ओजस्वी एवं मार्गदर्शी संवाद देश के प्रत्येक नागरिक के मन में विश्वास, स्थिरता एवं जिम्मेदारी की भावना को और अधिक सुदृढ़ करता है।

### राजधानी में डिप्टी सीएम सहित बूथ स्तर तक सुनी गई 'मन की बात'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 132वां संस्करण रविवार को राजधानी लखनऊ में बूथ स्तर तक सुना गया। कैंट विधानसभा से लेकर बीकेटी क्षेत्र तक भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम का श्रवण किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इसे देशवासियों में सकारात्मक ऊर्जा भरने वाला कार्यक्रम बताया और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। मीडिया से बातचीत में ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी मानसिक दिवालिएपन का शिकार हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार के दौरान प्रदेश में गुंडाराज, माफ़ियाराज और लूट का माहौल रहा। उन्होंने कहा कि जनता अब ऐसे शासन को पूरी तरह नकार चुकी है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों में साहस और आत्मविश्वास भरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में एक सकारात्मक माहौल बना है और जो भी चुनौतियां हैं, उनसे देश जल्द उबर जाएगा। कैंट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कैंट मंडल–01 के बूथ संख्या 162 पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से 'मन की बात' सुनी। इस दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, उपाध्यक्ष विनायक पांडेय, पार्षद ऋचा मिश्रा समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री के विचारों को जन–जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने कालिदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर 'मन की बात' का श्रवण किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल संवाद नहीं, बल्कि जनहित और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में एक सशक्त पहल है। प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने बीकेटी विधानसभा क्षेत्र के चिनहट ग्रामीण मंडल के बूथ संख्या–452 पर कार्यकर्ताओं के साथ 'मन की बात' सुनी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश को जोड़ने और नई ऊर्जा देने का माध्यम बन चुका है, जो हर वर्ग को प्रेरित करता है। इस एपिसोड में प्रधानमंत्री ने 'ज्ञान भारतम ऐप', रणजी ट्रॉफी और 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' जैसे विषयों पर चर्चा की। उन्होंने सौर ऊर्जा को हर घर तक पहुंचाने और खेलों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया।

## मायावती ने भाजपा-सपा को सुनाई दो टूक, कहा- बसपा सरकार में रखी गई नींव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

**जेवर एयरपोर्ट उद्घाटन पर सियासत तेज**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) के प्रथम चरण के उद्घाटन के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस परियोजना को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस एयरपोर्ट की रूपरेखा और बुनियादी कार्य उनकी सरकार के दौरान ही शुरू हो गए थे। बसपा प्रमुख ने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में ही जेवर एयरपोर्ट और यमुना एक्सप्रेसवे जैसी बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय केंद्र में रही कांग्रेस सरकार ने इस परियोजना में अड़चनें डालीं, जिसके कारण इसका कार्य समय पर पूरा नहीं हो सका। बसपा प्रमुख ने समाजवादी पार्टी पर भी हमला बोलते हुए कहा कि सपा सरकार ने विकास कार्यों पर ध्यान देने के बजाय बसपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों को कमजोर करने का प्रयास किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा ने समाज के कमजोर वर्गों के हित में



किए गए फैसलों को निष्क्रिय करने और महापुरुषों के नाम पर बने संस्थानों की उपेक्षा करने में समय बिताया। बसपा प्रमुख ने प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि वे विरोधी दलों की राजनीति और बहकावे में न आएं। उन्होंने 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की नीति पर भरोसा जताते हुए बसपा को ही प्रदेश के विकास के लिए बेहतर विकल्प बताया। अपने बयान में उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की अलग बेंच और अलग राज्य की मांग को भी उठाया। उन्होंने कहा कि यह सपना अब तक अधूरा है और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है। जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन के बाद इस तरह के बयान से प्रदेश में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। अलग-अलग दल इस परियोजना को लेकर अपनी-अपनी भूमिका और योगदान को सामने रख रहे हैं।

## केसरिया हिंदू वाहिनी के राष्ट्रीय अधिवेशन का हुआ सफल आयोजन, विधान परिषद सभापति रहे शामिल

**समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।**

**लखनऊ।** सहकारिता भवन में आयोजित केसरिया हिंदू वाहिनी का राष्ट्रीय अधिवेशन जिस भव्यता, अनुशासन और संगठनात्मक शक्ति के साथ सम्पन्न हुआ, वह वास्तव में ऐतिहासिक और प्रेरणादायक है। अधिवेशन ने यह स्पष्ट कर दिया कि केसरिया हिंदू वाहिनी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद, सनातन संस्कृति और समाज सेवा के संकल्प को जन–जन तक पहुँचाने वाला एक सशक्त आंदोलन बन चुका है।

सभापति विधान परिषद कुंवर मानवेंद्र सिंह, नम्रता पाठक,पूर्व पुलिस महानिदेशक सूर्य कुमार शुक्ला, आरती पाण्डेय सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों एवं विभिन्न संगठनों के राष्ट्रीय नेतृत्व की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को अभूतपूर्व ऊँचाई प्रदान की। लखनऊ की 50 प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्थाओं का सम्मान कर उन्होंने न केवल सेवा भाव को सम्मान दिया, बल्कि समाज में सकारात्मक कार्यों को नई ऊर्जा और पहचान भी दी है।

एनजीओ प्रकोष्ठ की प्रभारी रूबी राज सिन्हा एवं उनकी टीम का यह योगदान अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम प्रभारी मिथलेश सिंह, एन.के. सिंह एवं समस्त टीम ने जिस समर्पण, दूरदर्शिता और संगठन कौशल का परिचय दिया, वह आने वाले समय में एक मिसाल के रूप में देखा जाएगा।

## भारत सिंह 12वीं बार अध्यक्ष व वशिष्ठ बने महामंत्री



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीडब्ल्यूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ, लोनिवि, उ.प्र. का प्रान्तीय द्विवार्षिक चुनाव एवं अधिवेशन भारत सिंह प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह कार्यालय प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग परिसर जन भवन (राजभवन) के सामने लखनऊ में चुनाव अधिकारी रामराज दुबे प्रदेश अध्यक्ष उ.प. चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ एवं चुनाव अधिकारी राम लखन सिंह प्रदेश अध्यक्ष कार्यालय प्रमुख अभियन्ताध्मुख्य अभियन्ता मिनिस्ट्रीरियल एशोसिऐसन लोनिवि उ.प्र. की देख–रेख में विधि सम्मत ढंग से सम्पन्न हुआ। चुनाव में भारत सिंह बारहवीं बार प्रदेश अध्यक्ष एवं वशिष्ठ नारायण तिवारी को प्रदेश महामंत्री चुना गया।

अधिवेशन का उद्घाटन रामराज दुबे और राम लखन सिंह चुनाव अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर विजय कुमार कनौजिया प्रमुख अभियन्ता, परिकल्पध्नियोजन, लोनिवि उ.प्र. लखनऊ एवं सुधीर कुमार मुख्य अभियन्ता (मु.–2),, लखनऊ तथा सुभाष चन्द्रा वरिष्ठ स्टाफआफीसर ई–3, लखनऊ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। ई. अशोक कुमार द्विवेदी प्रमुख अभियन्ता विकास एवं विभागाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि कर्मचारी विभाग की रीढ की हड्डी है। विभाग कर्मचारियों की समस्याओं के निदान के लिए कटिबद्ध है।

निर्वाचन अधिकारी रामराज दुबे ने बताया कि अधिवेशन एवं चुनाव हेतु प्रमुख अभियन्ता व्यवस्थापन 'ग' वर्ग लोनिवि लखनऊ द्वारा अपने पत्र सं.–459 व्यगध01 व्यग (49) 2020 दिनांक 11 मार्च .2026 द्वारा दिये गये विशेष आकस्मिक अवकाश के क्रम में अधिवेशन एवं चुनाव सम्पन्न कराया गया। अधिवेशन की सामान्य सभा में पीडब्ल्यूडी नियमित वर्कचार्ज संघ के प्रान्तीय पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को चुनाव अधिकारी द्वारा निर्विरोध निर्वाचित घोषित करते हुए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।

नई कार्यकारिणी में शैलेन्द्र कुमार शुक्ला संरक्षक/सलाहकार, भारत सिंह प्रदेश अध्यक्ष, दिलीप सिंह यादव लखनऊ वरिष्ठ उपाध्यक्ष,करूणेश प्रताप सिंह प्रतापगढ़ उपाध्यक्ष, ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, गोरखपुर उपाध्यक्ष, धर्मराज यादव मिर्जापुर उपाध्यक्ष, शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, प्रयागराज उपाध्यक्ष, वशिष्ठ नारायण तिवारी प्रदेश महामंत्री, लल्लन प्रसाद यादव उपमंत्री लखनऊ अरविन्द कुमार तोमर सहारनपुर प्रदेश संयुक्त मंत्री ओम प्रकाश मौर्य लखनऊ संयुक्त मंत्री, माया देवी लखनऊ संगठन मंत्री (महिला), चन्द्रशेखर यादव वाराणसी संगठन मंत्री पूरन सिंह परिहार झाँसी संगठन मंत्री, शिव सिंह चौहान आगरा कोषाध्यक्ष, राकेश नागर मेरठ सम्प्रेक्षक, अनिल कुमार बस्ती को प्रदेश प्रचार मंत्री चुना गया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में धनंजय मिश्रा, उमाशंकर शुक्ला लखनऊ, ओम प्रकाश यादव अयोध्या, विनोद कुमार गोण्डा, चन्द्रजीत यादव, आजमगढ़ रोहित सिंह, कानपुर, प्रमोद कुमार यादव अलीगढ़, रोहित साहू बरेली, सन्तोष कुमार बाँदा, संदीप जैन, मुरादाबाद चुने गये।

## समाज में एकता व भाईचारा बढ़ाने से सभी वर्गों की होगी तरक्की : संजय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, गणेशगंज नाका बाजार इकाई के तत्वाधान में शनिवार देर शाम होली मिलन एवं ईद मिलन समारोह का कार्यक्रम नाका चौराहा पर स्थित ए एन आर होटल में आयोजित हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मौजूद रहे तथा इस अवसर पर बोलते हुए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा होली का त्योहार अधर्म पर धर्म की जीत का संदेश देता है तथा ईद 30 दिन तक मुस्लिम भाइयों के रोजा रखने पर अल्लाह की तरफ से इनाम है उन्होंने



कहा दोनों ही त्यौहार एकता एवं भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा समाज में एकता और भाईचारा बढ़ाने से सभी वर्गो की तरक्की होगी।

उन्होंने उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की गणेश गंज ,नाका इकाई के सभी पदाधिकारियो का इस प्रकार के आयोजन करने पर बधाई दी उन्होंने कहा ये आयोजन लखनऊ की गंगा जमुनी तहजीब और संस्कृति को बढ़ावा देने वाला है तथा इस प्रकार के कार्यक्रमों से आपसी भाईचारा बढ़ता है उन्होंने सभी से एकजुट होकर संगठन को, समाज को एवं देश को प्रगति के रास्ते पर ले चलने का आवाह्न किया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल गणेशगंज नाका बाजार इकाई के पदाधिकारियो को ष्लखनऊ गौरव सम्मानष् से सम्मानित किया,लखनऊ गौरव सम्मान से सम्मानित होने वाले पदाधिकारियो में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, गणेशगंज नाकाबाजार इकाई के अध्यक्ष तस्लीम कुरैशी, महामंत्री यश सिंह, कोषाध्यक्ष अभय अग्रवाल, संरक्षक प्रदीप गुलाटी, संरक्षक साहिल सिद्दीकी, गीता प्रजापति, आमिर कुरैशी, पप्पू प्यारे, सचिन अग्रवाल, अज्जू खान, अनूप गुप्ता, अंबे साहू, विधि सलाहकार राजेंद्र सोनकर, पंकज प्रमुख रूप से रहे। तथा कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफ़ज़ल नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, नगर उपाध्यक्ष राधेश्याम चौरसिया, चंद्रशेखर, भूतनाथ मार्केट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्री कैफे का उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने रविवार को यहां चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उड़ान यात्री कैफे का ई-उद्घाटन किया।

यह कैफे टर्मिनल-3 के चेक-इन क्षेत्र में स्थापित किया गया है, जहां यात्रियों को मात्र 10 रुपये से अल्पाहार और पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह पहल हवाई यात्रा को अधिक सुलभ और कि फायती बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के अनुरूप यह कैफे यात्रियों को




किफायती दरों पर आवश्यक खाद्य-पेय सुविधाएं प्रदान करेगा, जिससे उनके यात्रा अनुभव में सुधार होगा। लखनऊ एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य हवाईअड्डे पर उपलब्ध सेवाओं को अधिक किफायती और सुलभ बनाना है, ताकि यात्री उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण अल्पाहार का लाभ उठा सकें। उल्लेखनीय है कि लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एलआईएएल), अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड की सहायक कंपनी है, जो एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफइंडिया के साथ समझौते के तहत लखनऊ एयरपोर्ट का संचालन, विकास और प्रबंधन कर रही है। एलआईएएल द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए डिजी यात्रा, ई-गेट्स, 2डी स्कैनर, ऑटोमैटिक ट्रे रिट्रीवल सिस्टम, सेल्फ बैगेज ड्रॉप काउंटर और फास्टैग आधारित भुगतान प्रणाली जैसी आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

### प्लॉट दिलाने के नाम पर 32 लाख की ठगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बाजारखाला के मेहंदीगंज निवासी अकील मिर्जा ने बताया कि वर्ष 2020 में मौसी हलीमा खातून ने अपने घर के पीछे 20 हजार वर्गफीट जमीन 38 लाख रुपये में दिलाने की बात कही। अकील ने परिजन व दोस्तों के खातों से सितंबर 2020 से फरवरी 2021 के बीच 32 लाख रुपये दे दिए। 6 लाख बैनामा के बाद देने की बात हुई। लंबे समय तक बैनामा न होने पर जानकारी ली। इसमें पता चला कि मौसी व मौसा सैय्यद मोईन हसन ने फरवरी 2021 में पूरी 10 हजार वर्गफीट जमीन चार करोड़ में ले ली थी। रुपये मांगने पर हजार वर्गफीट जमीन देने की बात कही। कुछ दिन बाद मौसा ने असलहा तानकर धमकाया। डीसीपी पश्चिम से शिकायत करने पर कोतवाली में समझौता कर चेक दिया, लेकिन चेक बाउंस हो गया। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट में अर्जी दी। आदेश पर बाजारखाला पुलिस ने हलीमा खातून और सैय्यद मोईन हसन के खिलाफ धोखाधड़ी व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**कार्यक्रम** — **मेदांता कैंसर समिट 2026 का हुआ आयोजन**

# कैंसर उपचार के हर पहलू पर हुई चर्चा, आधुनिक तरीकों पर किया विचार साझा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मेदांता, लखनऊ द्वारा आयोजित मेदांता कैंसर समिट 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनरल सर्जन, ब्रेस्ट सर्जन, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, गाइनकोलॉजिस्ट, जनरल मेडिसिन, ईएनटी, गेस्ट्रो और पिडियाट्रिक्स जैसे विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने भाग लिया तथा कैंसर उपचार के आधुनिक तरीकों और बदलते दृष्टिकोण पर विचार साझा किए।



कार्यक्रम का उद्घाटन मेदांता लखनऊ के एमडी डॉ. राकेश कपूर ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कैंसर उपचार में तेजी से हो रहे बदलावों और मरीज के अनुसार उपचार तय करने की बढ़ती आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. राकेश कपूर ने कहा कि आज कैंसर का इलाज तेजी से बदल रहा है। अब एक ही तरह के इलाज की जगह हर मरीज के लिए अलग और सटीक उपचार तय किया जा रहा है। ऐसे मंच विशेषज्ञों को एक साथ लाकर बेहतर इलाज की दिशा में सहयोग और नई सोच को आगे बढ़ाते हैं।

इस अवसर पर कैंसर जागरूकता से जुड़ा एक विशेष वीडियो भी जारी किया गया, जिसमें कैंसर के कारण से लेकर उपचार और बचाव के बारे में बताया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मेडिकल ऑन्कोलॉजी पर चर्चा से हुई, जिसमें व्यक्तिगत कैंसर उपचार यानी प्रिसीजन ऑन्कोलॉजी पर चर्चा हुई। इसके बाद रेडिएशन ऑन्कोलॉजी सत्र में कैंसर के इलाज में रेडिएशन की भूमिका और उसकी उपयोगिता को सरल तरीके से समझाया गया।

हेड एंड नेक ऑन्कोलॉजी सत्र में ओरल कैंसर की पहचान से लेकर उपचार तक की पूरी प्रक्रिया पर विस्तार से बात की गई, जिसमें शुरुआती जांच की अहमियत पर जोर दिया गया। ब्रेस्ट कैंसर सत्र में वर्तमान और भविष्य के इलाज, विशेष रूप से व्यक्तिगत उपचार पद्धति पर चर्चा हुई। हीमेटो-ऑन्कोलॉजी सत्र में एक्यूट ल्यूकेमिया की समय पर पहचान, सही प्रबंधन और कार टी-सेल थेरेपी पर चर्चा हुई। जीआई कैंसर सत्र में जटिल सर्जरी और रोबोटिक तकनीकों के बढ़ते उपयोग पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। लंग कैंसर सत्र में नए उपचार विकल्पों और बदलते रुझानों पर चर्चा हुई, जबकि यूरोजेनिटल कैंसर सत्र में रोबोटिक सर्जरी के आधुनिक तरीकों और उनके लाभ पर चर्चा हुई । अंतिम सत्र सर्वाइकल कैंसर पर केंद्रित रहा, जिसमें रेडिएशन थेरेपी की भूमिका को स्पष्ट किया गया।

## नगर निगम की कॉमर्शियल होर्डिंग से वसूली की तैयारी

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ नगर निगम अमौसी एयरपोर्ट के पास लगे होर्डिंग से विज्ञापन फीस नहीं वसूल रहा है। इससे उसे 3 साल में करीब 45 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। अब इन कॉमर्शियल होर्डिंग से वसूली की तैयारी है। नई विज्ञापन गाइडलाइन आने के बाद अब नगर निगम ऐसी वसूली बढ़ाने की कोशिश में है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने भी इसके लिए निर्देश दिए हैं।

एयरपोर्ट के पास ग्राउंड पर लगी होर्डिंग और बैनर से नगर निगम वसूली करेगा। इसको लेकर अधिकारियों की बैठक भी हुई। इसमें नगर आयुक्त गौरव कुमार की तरफ से अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव से कहा गया कि जो ग्राउंड पर होर्डिंग लगी हैं, उनके जिम्मेदारों से वसूली की जाए। इसपर अपर नगर आयुक्त ने हामी भरी है।



नगर निगम की तरफ से एयरपोर्ट के पास फिलहाल 13 होर्डिंग लगाए गए हैं। इनसे पिछले तीन साल से वसूली नहीं हो पाई है। वहीं, छत पर और लाइट वाले होर्डिंग लगाने की परमिशन एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्र में नहीं है। इसके एनओसी विमानपत्तन प्राधिकरण की तरफ से दी जानी चाहिए। पिछले दिनों एयरपोर्ट प्रशासन की तरफ से लिखे गए पत्र में होर्डिंग से सुरक्षा की चिंता व्यक्त की गई थी। इसके बाद से अधिकारी इसकी परमिशन देने से किनारा कर रहे हैं, जबकि दावा है कि नियमों के तहत कुछ होर्डिंग को परमिशन दी जा सकती है। इससे नगर निगम को लाखों रुपए की इनकम होगी। आउटडोर एडवरटाइजिंग एसोसिएशन कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक चंद्रा ने बताया कि हम लोग प्राइवेट लैंड पर यूनीपोल बनाते थे। नगर निगम को लेटर देते थे। ये डिमांड में शामिल कर लेते थे। अब ये हर साल डिमांड में शामिल कर, इसे कैंसिल कर देते हैं। कई लोगों ने निगम को पैसा दिया तो उसे कैंसिल कर उसे दूसरे होर्डिंग में उसके एडजस्ट कर दिया।

इसका कारण पूछने पर नगर निगम की तरफ से बताया गया कि एयरपोर्ट प्रशासन से एनओसी नहीं ली गई। इसपर उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट अथारिटी से एनओसी रूफटॉप और लाइट वाले होर्डिंगों में लेनी होती है न कि सामान्य होर्डिंग में। हमारा यह दोनों नहीं है। यह बॉयलाज के हिसाब से सही है। इसे परमिट दी जानी चाहिए क्योंकि इससे अब 45 लाख रुपए का नुकसान हो रहा है।

## खबरें एक नजर में

### अमर बाल विद्या मंदिर में हुआ मेधावियों का सम्मान



तिलहर-शाहजहांपुर। अमर बाल विद्या मंदिर मेआयोजित वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह में प्राइमरी सेक्शन में छात्रा अनुष्का व जूनियर सेक्शन में माहिरा शेख ने टॉप किया। प्रबंधक अरविंद सिंह भदौरिया ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। प्रबंधक अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि सभी छात्र मन लगाकर पढ़ाई करें। परीक्षा परिणाम में जिन छात्रों के नंबर कम आए हैं वह छात्र और मेहनत करें। प्रधानाचार्य राजाराम गंगवार ने कहा कि सफलता और असफलता इस बात पर निर्भर करती है कि आपके द्वारा किया गया प्रयास किस हद तक किया गया था। कक्षा एनसी में आदर्श यादव व गौरव, केजी में अनुष्का वर्मा व अखिलेश, कक्षा एक में मीरा, आदित्य गंगवार, आरोही व अदिति, कक्षा दो में अवनी, शौर्य गंगवार व आयजा फातिमा, कक्षा तीन में माहिरा शेख, अयान अली व अपेक्षा, कक्षा चार में अर्पिता राठौर व आन्या गंगवार, कक्षा पांच में अमानिया शेख व जोएव, कक्षा छह में मोहम्म काजमी व ईशवा, कक्षा सात में दिव्यांशु गंगवार व अमायरा फातिमा, कक्षा आठ में प्रतिभा सिंह व सुरभि गंगवार ने अपने-अपने ग्रुप में पहला स्थान प्राप्त किया। इस दौरान वंदना भदौरिया, प्रखर भदौरिया, सफिया खान, शोभित मिश्रा, संजय रस्तोगी, उमेश सिंह, पल्लवी शर्मा, निष्ठा गंगवार, श्रद्धा गुप्ता, शैलेश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### मेडिकल कॉलेज के गार्डों संग मारपीट की चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

तिलहर-शाहजहांपुर। मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी के दौरान दो गार्डों संग मारपीट किए जाने के मामले में पीड़ित गार्ड ने दो सगे भाइयों समेत चार हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बंथरा निवासी सूर्यांश सिंह पुत्र मुनेंद्र सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि वह व गांव बमनुमा निवासी साथी गौरव सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज बंथरा में गार्ड की नौकरी करते हैं। आरोप है कि 27 मार्च की रात वह दोनों पर वरुण अर्जुन कालेज में ड्यूटी पर थे। आरोप है कि रात करीब 11 बजे गांव बमनुआ निवासी जीतू सिंह व मोहित सिंह तथा आदेश सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह एक अज्ञात व्यक्ति के साथ वरुण अर्जुन कालेज में ऑल्टो कार व स्विफ्ट डिजायर से शराब के नशे में धुत होकर आये और बिना किसी बात के उन दोनों के साथ गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात घूंसों से काफी मारा पीटा। पूरी घटना सीसीटीवी में दर्ज है। पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि उक्त हमलावर आपराधिक किस्म के व्यक्ति है और आये दिन उक्त लोग वरुण अर्जुन कालेज बंथरा आकर लोगो के साथ मारपीट करते रहते है। उक्त लोगो के खिलाफ पूर्व में भी रिपोर्ट दर्ज है।

### राममूर्ति सिंह वर्मा मेमोरियल सेवा ट्रस्ट द्वारा सेवा कार्य आयोजित

शाहजहांपुर। राममूर्ति सिंह वर्मा मेमोरियल सेवा ट्रस्ट राहत ट्रस्ट के सौजन्य से समाज सेवा हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के लोगों तक सहायता पहुंचाने का सराहनीय प्रयास किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धन एवं असहाय परिवारों को दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री वितरित की गई। साथ ही जरूरतमंद बेटियों के विवाह हेतु राहत सामग्री प्रदान कर उनके जीवन में सहयोग एवं सम्मान का भाव बढ़ाया गया। इस क्रम में देवराज, सीमा की पुत्री नेहा निवासी मिश्रीपुर बालकराम, विमला देवी की पुत्री कुमारी वंदना निवासी मिश्रीपुर, इसके अतिरिक्त ग्राम दिलावरपुर निवासी शमीपाल के परिवार को भी सहायता उपलब्ध कराई गई तथा कुमारी सेजल के विवाह के लिए भी आवश्यक राहत सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक राहत, मदद जो सुकून दे पहुँचाना है। उन्होंने बताया कि स्वबाबा राम मूर्ति सिंह वर्मा के आदर्शों एवं मूल्यों का अनुसरण करते हुए ट्रस्ट निरंतर समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है। राम मूर्ति सिंह वर्मा मेमोरियल सेवा ट्रस्ट राहत ट्रस्ट सदैव जरूरतमंदों के साथ खड़ा है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु निरंतर कार्यरत है।

### नारी सुरक्षा-नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन दिशा में सराहनीय कार्य

शाहजहांपुर। पुलिस महानिदेशक द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज 5 द्वितीय चरण कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओ एंव बालिकाओ की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश भर में विशेष अभियान संचारित किया जा रहा है । उक्त अभियान के क्रम में जनप पुलिस द्वारा निरंतर सजग, संवेदनशील एंव जनहितकारी कार्यवाही की जा रही है। जिससे महिलाओ एंव बालिकाओ में सुरक्षा एंव विश्वास की भावना सुदृढ हो रही है। इसी क्रम में एसपी के निर्देशन एवं एसपी ग्रामीण के पर्यवेक्षण में थाना कटरा पर एक महिला द्वारा अपने पति के विरुद्ध गाली-गलौज एवं मारपीट किए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। शासन की मंशानुरूप थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा पति एवं पत्नी दोनों को थाना बुलाकर उनके मध्य वार्ता कराई गई, जिसके परिणामस्वरूप आपसी सहमति से सुलह-समझौता करा दिया गया। तत्पश्चात महिला को उसके पति के साथ सकुशल विदा किया गया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मिशन शक्ति फेज -5.0 द्वितीय चरण अभियान के अन्तर्गत थाना कटरा द्वारा महिलाओ एंव बालिकाओ की सुरक्षा, विश्वास एवं सशक्तिकरण कि दिशा में किया गया एक अत्यंत सराहनीय, प्रेरणादायी एवं जनविश्वास को मजबूत करने वाला प्रयास है।

### पिता से बोली बिटिया- वर न ढूढ़ो, शादी नहीं, आत्मनिर्भरता मेरी मंजिल



शाहजहांपुर। पापा की परी मानसी मिश्रा ने पुराने जमाने की परंपराओं, बंधनों व रीति रिवाजों को दरकिनार करके एक नई इबारत लिखी है। मानसी ने पापा से कहा कि मेरे लिए वर मत ढूढ़ो, जो रुपये-पैसा आपने मेरी शादी के लिए जमा किया है, उसको फिजूलखर्ची में खर्च करके मुझे आत्मनिर्भर बनाने के लिए दीजिए। जिसके बाद मानसी ने मिशन शक्ति का संदेश देते हुए, खुद का जिम खोलकर शहर की महिलाओं, बेटियों को आत्मनिर्भर बनने की सीख दी है। शहर के आनंदपुरम कालोनी की रहने वाली मानसी मानती हैं कि आज के समय में बेटी की शादी होने से ज्यादा जरूरी है उसका सशक्त होना। फिलहाल शादी छोड़कर अपने सपनों को प्राथमिकता देने वाली मानसी अब अन्य मातृशक्तियों के प्रेरणा बन गई है। नवादा इंदेपुर स्थित जिम के बाहर लगे बोर्ड पर लिखा स्लोगन है- पापा की परी भी अब डेडलिफ्ट करती है, तुम जिम कब आओगी, मानसी मिश्रा ने बताया कि उनको थायराइड हो गया था, जिसके बाद हिम्मत नहीं हारी और दिल्ली में दीदी के घर जाकर वही, पास मे जिम ज्वाइन किया। उन्होंने थायरॉइड को मात देकर लोगों को फिट रखने की बात कही।मानसी बताती है कि जिम में महिलाओं के प्रति ट्रैनरों का व्यवहार आदि समस्याओं को देखते हुए सोचा कि क्यों न खुद महिला होकर महिलाओं के प्रति जिम्मेदारी निभाएं। मानसी कहती है कि जब महिला खुद के पैरों पर खड़ी होतीं तो उसके अंदर एक अलग ही आत्मविश्वास होता है।

### आईटीआई के दो अनुदेशक के निलंबन के बाद रिपोर्ट दर्ज

**प्रशिक्षार्थियों से प्रैक्टिकल के नाम पर अवैध वसूली का आरोप, गलत जांच रिपोर्ट भेजने पर तीन अनुदेशक निलंबित**



रोजा, शाहजहांपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) रोजा में प्रशिक्षार्थियों से प्रैक्टिकल के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत पर जांच में सत्यता पाने जाने पर दो अनुदेशक के निलंबन के बाद दोनों के विरूद्ध रोजा थाने में भ्रष्टाचार उन्मूलन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया हैं। ज्ञात हो कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) रोजा में प्रशिक्षार्थियों से प्रैक्टिकल के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत पर पोर्टल पर की गई थी। शासन के आदेश पर संयुक्त निदेशक बरेली मंडल बरेली के निर्देश पर संस्थान के ही तीन अनुदेशक संजय सिंह, ब्रह्ममपाल व दुर्गेश जांच कर रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया गया था, लेकिन तीनों ने गलत जांच रिपोर्ट मुख्यालय को भेज दी थी। जिसके चलते मुख्यालय ने जांच रिपोर्ट गलत पाये जाने पर अवैध वसूली करने वाले अनुदेशक सोमिन्द कुमार व अजय कुमार सहित गलत जांच रिपोर्ट भेजने वाले अनुदेशक संजय सिंह, ब्रह्ममपाल व दुर्गेश तत्काल प्रभाव से निलंबित कर संयुक्त निदेशक बरेली मंडल कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया था। संस्थान के प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार ने शनिवार की शाम शासन के आदेश पर प्रेक्टिकल में अवैध रूप से वसूली करने वाले अनुदेशक सोमिन्द कुमार व अजय कुमार के विरूद्ध रोजा थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 व 13 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई हैं।

# जिला स्तरीय कैरियर गाइडेंस मेला पीएमश्री इण्टर कॉलेज में आयोजित

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



जनपद स्तरीय कैरियर गाइडेन्स मेले का आयोजन पीएमश्री राजकीय इण्टर कॉलेज में किया गया। शुभारंभ नगर आयुक्त डा. विपिन कुमार मिश्रा व डीआईओएस हरिवंश कुमार द्वारा संयुक्त रूप में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे अधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं को उनके कैरियर से संबंधित सटीक कैरियर मार्ग दर्शन प्रदान किया गया। नगर आयुक्त ने छात्र-छात्राओं को सिविल सेवा परीक्षा के तैयारी के संबंध में महत्वपूर्ण टिप्प प्रदान किये। राजकीय मेडिकल कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डा. राजेश कुमार ने नीट के माध्यम से एमबीबीएस समेत मेडिकल से जुड़े विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययन तथा उनकी विशेषताओं के बारे में बताया। जिला सेवायोजन अधिकारी विजय सुधाकर ने पोर्टल पर पंजीकरण एवं विभिन्न विभागों की ओर से प्रकाशित नौकरियों एवं पोर्टल के लाभ के बारे में बताया। जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी वमनिया ने खेल के क्षेत्र में कैरियर बनाने हेतु प्रेरित किया। पवन कुमार सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा विद्यार्थियों को सिविल इंजीनियरिंग व उससे जुड़े महत्वपूर्ण परीक्षाओं के बारे में मार्ग दर्शन प्रदान किया। प्रबन्ध अग्रिणी बैंक आरआर तिवारी द्वारा विद्यार्थियों को बैंकिंग सेक्टर व उनसे जुड़ी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मार्ग दर्शन किया गया। जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक द्वारा विद्यार्थियों को कृषि के क्षेत्रों व नवीन तकनीकों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। पीएमश्री राजकीय इण्टर कॉलेज के अनिल कुमार प्रधानाचार्य द्वारा विद्यार्थियों को रक्षा से जुड़े विभिन्न कैडरों के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। मेले में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, विद्यालय के नोडल शिक्षक व 300 से अधिक छात्र -छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया व विद्यालय की ओर से कैरियर क्षेत्रों से जुड़े मॉडल प्रर्दशित किये गये। डीआईओएस द्वारा उपस्थित मार्ग दर्शकों को सजीव पौध व स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया। सभी प्रतिभागी विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र व उत्कृष्ट तीन प्रदर्श मॉडल वाले विद्यालयों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया साथ ही जनपद स्तरीय कैरियर गाइडेन्स कार्यक्रम की नोडल ममता व गीता चन्द्रा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संचालन डॉ. इन्दू अजनबी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक राजन प्रजापति, अभिषेक कनौजिया, सर्वेश कुमार, डॉ. बृजेश, गौरव सक्सेना, रत्नेश शुक्ला, अतुल कश्यप, विपिन कुमार श्रीवास्तव, आदि का सहयोग रहा।

## मंडल मदनापुर की नवनियुक्त कार्यसमिति का हुआ स्वागत



मदनापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

ब्लॉक सभागार में भारतीय जनता पार्टी मंडल मदनापुर की नवनियुक्त कार्य समिति का स्वागत हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मंडल के प्रभारी जिले के उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह पंकज ने नवनियुक्त कार्यसमिति को अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख महेश पाल सिंह, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष विजय चौहान, प्रमोद गुप्ता, शिवओम वर्मा, गोविंद गुप्ता, सर्वेश मिश्रा, दुर्गेश सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने की। संचालन महामंत्री सचिन चौहान दीपू ने किया।

## दुर्गा माता मंदिर कुर्रिया में डीएम-एसपी ने टेका मत्था

**प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किया निरीक्षण**



कुर्रिया कलां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

प्राचीन कुर्रिया कलां स्थित दुर्गा माता मंदिर में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी राजेश द्विवेदी, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा एवं सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार द्वारा पूजा-अर्चना की गई तथा मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया गया। आगंतुक श्रद्धालुओं की सुविधा, भीड़-प्रबंधन, प्रवेश-निकास मार्ग, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति तथा पुलिस बल की तैनाती का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया कि मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ एवं प्रभावी बनी रहे। साथ ही भीड़-भाड़ की स्थिति में सुव्यवस्थित आवागमन, यातायात नियंत्रण एवं सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। एसपी ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वह ड्यूटी के दौरान पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी बनाए रखें, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखें तथा आमजन के साथ शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार सुनिश्चित करें। किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु त्वरित कार्यवाही के लिए पर्याप्त प्रबंध रखने के भी निर्देश दिए गए।

### जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

खुटार, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़। थाना क्षेत्र के गांव पीतमपुर में जमीनी विवाद को लेकर शनिवार देर शाम को दो पक्षों के बीच एक बार फिर तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई। लंबे समय से चले आ रहे इस विवाद ने उस समय उग्र रूप ले लिया जब दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडे तक चलने की नौबत आ गई, जिससे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के बाद दोनों पक्षों के लोग थाना खुटार पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ

**थाना खुटार में तहरीर देकर एक-दूसरे ने लगाया आरोप**

शिकायत दर्ज कराने की मांग की। हालांकि, स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि पुलिस द्वारा तत्काल कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे दोनों पक्षों में असंतोष बना रहा। थाने के बाहर भी दोनों पक्षों के लोग देर तक मौजूद रहे, जिससे पुनः विवाद होने की आशंका बनी रही। गौरतलब है कि गांव पीतमपुर में जमीन को लेकर यह विवाद नया नहीं है। पिछले कई महीनों से दोनों पक्षों के बीच कब्जे को लेकर तनातनी चली आ रही है। इस दौरान कई बार मारपीट और लाठी-डंडे चलने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं, जिनमें रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद समाधान नहीं निकल सका। पुलिस और प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंचकर कई बार जांच भी की गई, लेकिन विवाद का स्थायी निस्तारण नहीं हो पाया। बताया जा रहा है कि संबंधित मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसके बावजूद दोनों पक्षों के बीच तनाव लगातार बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाए, तो भविष्य में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## छात्राओं को फ्लैग फोल्डिंग व फ्लैग को रस्सी के साथ बांधने व चढ़ाने की विधि सिखाई

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।




आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय शाहजहांपुर में रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिवस पर महाविद्यालय की रेंजर्स प्रभारी अनुराधा द्वारा ध्वजारोहण कर प्रशिक्षण का प्रारंभ किया गया। रेंजर्स छात्राओं द्वारा फ्लैग फॉर्मेशन में खड़े होकर सैल्यूट कर प्रार्थना व झंडा गीत गाया गया। इसके साथ ही रेंजर्स प्रशिक्षक खुशी श्रीवास्तव द्वारा छात्राओं को फ्लैग फोल्डिंग व फ्लैग को रस्सी के साथ बांधने व चढ़ाने की विधि सिखाई गई व इसके माप की जानकारी से अवगत कराया। प्रशिक्षक द्वारा छात्राओं को व्यायाम का अभ्यास कराने के बाद गांठ, फांस और बंधन जैसी पांच गांठों का प्रशिक्षण देकर रेंजर्स छात्राओं से इसका अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही दिशासूचक के बारे में आवश्यक जानकारियां दीं जिनसे कि दिशाओं का ज्ञान छात्राओं को हो सके और हाइकिंग से संबंधित आवश्यक जानकारी जैसे पहाड़ों व ग्रामीण इलाकों में चलना आदि से अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या प्रो. दुर्गावती सिंह द्वारा रेंजर्स छात्राओं को इस प्रशिक्षण के महत्व को समझाते हुए कहा कि रेंजर्स का प्रशिक्षण अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व व मैत्री के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है अतः आप सभी इस प्रशिक्षण के प्रत्येक पल का लाभ लें ताकि इसके महत्वपूर्ण विषयों को अपने भावी करियर में उपयोग कर सकें। रेंजर्स शिविर में महाविद्यालय की रेंजर्स सहायक सीतू सक्सेना का सहयोग रहा। इसी क्रम में प्रशिक्षण के अगले दिवस प्राथमिक चिकित्सा व पाइंडरिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### रंजिशन घर में घुसकर दंपती व बेटी को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

तिलहर-शाहजहांपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव बरैचा निवासी राधेश्याम पुत्र खेमकरन ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि पुरानी रंजीश के चलते गांव के ही नरवीर व रामबीर पुत्रगण सोनपाल, भानू पुत्र रुपराम व भीकम पुत्र मदनलाल बीती 25 को पूर्वान्ह करीब 11 वजे हाथो में लाठी डण्डे लेकर उसके घर के दरवाजे पर आए और गालियां देते उसका दरवाजा तोड कर घर में घुस आए । आरोप है कि उक्त हमलावरों ने उसे, उसकी पत्नी सोनकली व बेटी राम कुण्डली को मारा पीटा। जिससे वह तीनों घायल हो गए। पुलिस ने घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ितों का डॉक्टरी मुआयना कराया।

## महिला ने युवक के खिलाफ दर्ज कराई बलात्कार की रिपोर्ट

**कोल्ड ड्रिंक में नशा देकर घटना को अंजाम देने व ब्लैकमेल का आरोप**

तिलहर-शाहजहांपुर। कोल्डड्रिंक में नशा देकर बलात्कार करने तथा अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए महिला ने एक युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नगर क्षेत्र की एक महिला ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि वह घर में अकेली रहती है। कोतवाली क्षेत्र के गांव के गुरगवां निवासी अंकुर सिंह पुत्र कमल सिंह ने उसे बलैकमेल कर विश्वासघात करके कई बार उसके साथ बलात्कार किया। आरोप है कि पहली बार कोलड्रिंग में नशीला पदार्थ पिला दिया बेहोश होने पर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये। जिसकी अंकुर ने वीडियों बना ली। आरोप हम वीडियो को वायरल किए जाने से ब्लैक मेल करके वह उसके साथ बलात्कार करता रहा। उससे पैसे भी ऐंठता रहा। चार फरवरी की रात करीब साढ़े बारह बजे अंकुर सिंह ने तमंचे से जान से मारने की धमकी दी और कहा कि अगर शोर मचाया तो गोली मार देंगे। यदि कोई कानूनी कार्यवाही की तो तुझे तेरे घर में ही जान से मार देगें। पीड़िता ने पुलिस को घटना की वीडियो भी उपलब्ध कराते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## 29 मार्च 1857 को मंगल पांडे ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह की जलाई थी पहली चिंगारीः मुनीश

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

**मंगल पांडे के चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की**



अखिल भारतीय जन विकास मंच भारत के तत्वाधान में स्वतंत्रता आंदोलन चिंगारी दिवस मनाया गया। जिसके अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय जन विकास मंच भारत के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर मुनीश सिंह परिहार (एड.) ने कहा कि आज ही के दिन 29 मार्च 1857 को स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के प्रथम नायक मंगल पांडे जी ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह की पहली चिंगारी जलाई थी वह 34वीं बंगाल नेटिव इन फैक्ट्री की सिपाही थे और बैरकपुर में तैनात है। इसी दिन उन्होंने ब्रिटिश अधिकारियों के खिलाफ हथियार उठाया जो आगे चलकर 1857 की क्रांति की शुरुआत थी। इस मौके पर स्वामी सुखदेवानंद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर आदर्श पांडे ने कहा कि आज का दिन हम लोगों के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण दिन है। आज के ही दिन स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत मंगल पांडे के द्वारा की गई थी। हम सब लोगों को स्वतंत्रता को कायम रखने के लिए हमें अपने नैतिक जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटना चाहिए। नव भारत के निर्माण में आगे आना चाहिए। इस मौके पर स्वामी सुखदेवा नंद विश्वविद्यालय विधि विभाग के प्रोफेसर डॉ. मृदल शुक्ला ने कहा कि हम सब लोगों को आज इस दिवस के अवसर पर संकल्प लेना चाहिए कि हम सब लोग देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमरबलदानियों के सपनों को साकार करें और उन्होंने जो आजादी के उपरांत जैसे भारत की परिकल्पना की थी वैसे भारत के निर्माण में आना चाहिए है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सिख संस्थान के अध्यक्ष समाजसेवी राजू सिंह बग्गा ने की। इस मौके पर प्रमुख रूप से डॉक्टर आदर्श पांडे, डॉक्टर मृदुल शुक्ला, राजू सिंह बग्गा, कुंवर मुनीश सिंह परिहार एड., आर्यन सिंह परिहार, अजय कुमार, अतुल चतुर्वेदी, यश सिंह बग्गा, प्रकाश शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। सभी ने मंगल पांडे के चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# शिक्षा चौपाल का आयोजन, सेवानिवृत्त शिक्षिका का हुआ सम्मान

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।




निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने एवं अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समिति तथा समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकास खंड भावलखेड़ा की न्याय पंचायत रौरा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अल्हापुर में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही सेवानिवृत्त हो रही वरिष्ठ शिक्षिका रीता दीक्षित का भावपूर्ण सम्मान एवं विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी भावलखेड़ा विनय मिश्रा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षकों को पीटीएम, गृह भ्रमण एवं शिक्षा चौपाल के माध्यम से अभिभावकों और जनसमुदाय से निरंतर संवाद बनाए रखना चाहिए, जिससे बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित हो सके और उन्हें बुनियादी भाषाई एवं गणितीय दक्षताओं से पूर्ण रूप से सशक्त बनाया जा सके। उन्होने कहा कि सभी बच्चों को विद्यालय से जोड़ना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। चौपाल का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं समाज के बीच संवाद स्थापित कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है। कार्यक्रम में निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों, शिक्षा के दीर्घकालिक महत्व एवं बालवाटिका संचालन की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि बालवाटिका के माध्यम से छह वर्ष से कम आयु के बच्चों को एक ही परिसर में प्री-प्राइमरी शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उनमें प्रारंभ से ही विद्यालय आने की आदत विकसित हो रही है। इस दौरान विद्यालयों में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सामग्री जैसे संदर्शिका, प्रिंट-रिच सामग्री, गणित किट, तालिकाएं, क्रियाशील पुस्तकालय एवं खेल सामग्री के उपयोग पर जोर दिया गया। साथ ही उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब तथा दीक्षा, खान एकेडमी एवं टीचर्स ऐप जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्रदान किए जाने की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई, जिनकी सभी ने सराहना की। इस अवसर पर 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहीं वरिष्ठ शिक्षिका रीता दीक्षित को खंड शिक्षा अधिकारी विनय मिश्रा द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनके सफल सेवा कार्यकाल की सराहना की गई। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री देवेश बाजपेयी, जिला मीडिया प्रभारी एवं ब्लाक अध्यक्ष राज कुमार तिवारी, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष वीरेन्द्र, अजीत मिश्रा, अरविन्द त्रिपाठी, डॉ. निहारिका वर्मा, शिक्षक संकुल विनायक मिश्रा, हरिशरण तिवारी, गायत्री शुक्ला, रेखा रस्तोगी, प्रवेश सिंह, शक्तिकांत मिश्रा, राज बहादुर, मुकेश सिंह, पुनीत दीक्षित, नागेंद्र पाठक, मनदीप श्रीवास्तव, देशराज, सचिन तिवारी, नरमन सक्सेना, मनोज कुमार अस्थाना सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### अजयपाल की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा



पुवायां। छह दिन पूर्व घर से बुलाकर अजय पाल की हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। नगर के मोहल्ला तकिया निवासी धनीराम के पुत्र अजय पाल को 23 मार्च दोपहर 11 बजे नगरा गांव के राजपाल घर से बुलाकर अपने साथ काम करने के लिए ले गए थे जिसके बाद 24 मार्च को प्राइवेट एंबुलेंस से राजपाल को गंभीर हालत में घर भिजवा दिया। परिजन राजपाल को निजी अस्पताल में लेकर गए और इलाज शुरू कराया, शाम 4 बजे डॉक्टर ने राजपाल को मृत घोषित कर दिया। घटना के चार दिन बाद पीएम रिपोर्ट की जानकारी मिलने पर परिजनों ने पुलिस के उच्चअधिकारियों से मामले की शिकायत की तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आनन-फानन में आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को रविवार को जेल भेज दिया।

### पीपल वृक्ष को काटने पहुंचे लकड़कट्टों को भीड़ ने बनाया बंधक, जमकर कटा हंगामा, सभासद के समझाने पर छोड़ेंगे



**तिलहर - शाहजहांपुर।** धार्मिक स्थल के सैकड़ो वर्ष पुराने पीपल वृक्ष काटने पहुंचे लकड़ कट्टों को भीड़ ने बंधक बना कर जमकर हंगामा काटा। सभासद के समझाने पर काफी देर बाद बंधक बनाए लोगों को छोड़ा गया। रविवार को नगर के मोहल्ला बहादुरगंज में सैकड़ो वर्ष पुराना पीपल वृक्ष काटने पहुंचे समुदाय विशेष के लकड कट्टों द्वारा एक टहनी काटे जाने की खबर लगते ही मोहल्ले एवं आस पड़ोस के सैकड़ों लोगो ने काटने बालों को घेर लिया। बताते चलें कि उक्त पीपल वृक्ष पर यहां प्रतिदिन लोग पूजा पाठ करते हैं। पूजा पाठ के लिए पक्का चबूतरा भी बना हुआ है। लकड़कट्टों को बंधक बना उनकी मशीन को भी कब्जे में ले लिया गया। सूचना मिलने पर सभासद सत्येंद्र सिंह सुशील मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाकर बमुश्किल शांत कराया। बाद में बंधक लकड़कट्टों को लोगों से छुड़ बा दिया गया। उधर लकड़कट्टों ने बताया कि उन्हें पेड़ काटने के लिए एक व्यक्ति ने रुपए दिए थे। इसलिए वह लोग पेड़ काटने आए थे। लोगों ने कहा कि यदि किसी ने भी पीपल वृक्ष को कटबाने का प्रयास किया तो परिणाम अच्छे नहीं होंगे । उक्त घटना से पुलिस ने अनभिज्ञता जताई है।

# स्वतंत्रता सेनानी पं. राम सेवक का मनाया 121वां जन्मोत्सव

▸ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व परिजन सहित साहित्यकार व समाजसेवी हुए सम्मानित

**शाहजहांपुर/लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




पावन पर्व रामनवमी के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित राम सेवक शुक्ल के 121वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 29 मार्च को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. रामसेवक शुक्ल स्मारक समिति के तत्वाधान में एस.एस. इंटरनेशनल स्कूल, मामपुर, बख्शी का तालाब, लखनऊ में भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, उनके परिजनों, साहित्यकारों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वयोवृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. प्रहलाद प्रसाद प्रजापति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डा. प्रहलाद प्रजापति, बलवीर सिंह राठौड़ व एस एस इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर प्रवीण सिंह चौहान आदि ने शारदे, भारत माता व स्व. शुक्ल जी के चित्र समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया मां शारदे की वंदना संध्या त्रिपाठी ने की व उपस्थित सभी कवियों ने देशभक्ति की रचनाएं पढ़कर तालियां बटोरीं। कार्यक्रम आयोजक राजीव कुमार राजे ने स्व. शुक्ल जी के जीवन पर विचार व्यक्त किए और कहा पं. राम सेवक शुक्ल का जन्म वर्ष 1906 में जनपद शाहजहांपुर के ग्राम मलिका खुटार में हुआ था। उनके योगदान को स्मरण करते हुए यह आयोजन प्रतिवर्ष रामनवमी के अवसर पर आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। इस अवसर पर 20 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजनों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार गौरव सम्मान, 22 साहित्यकारों को साहित्य श्री सम्मान एवं 5 समाज सेवियों को समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया? जिसमें सम्मान स्वरूप सभी को अंगवस्त्र, सम्मान पत्र एवं भगवान की तस्वीर भेंट की गई। सम्मानित होने वालों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. प्रहलाद प्रसाद प्रजापति सहित अनेक सेनानी परिजन, साहित्यकार एवं समाजसेवी शामिल रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने पं. राम सेवक शुक्ल के जीवन एवं उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। विजय तन्हा ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में देशभक्ति, संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। विजय तन्हा कार्यक्रम का समापन पर राष्ट्रगान के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कोतवाली गेट पर हिन्दू संगठन ने किया प्रदर्शन, तब लिखी गई रिपोर्ट

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



महिला के साथ गैर समुदाय के युवकों ने गाली-गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाया। पीड़िता का आरोप है कि दबंगों ने उसको जातिसूचक गालियां दीं। दो दिन से वह कोतवाली के चक्कर काट रही थी लेकिन उन पर कोई कार्यवाही नही की गई जिसके बाद हिन्दूवादी संगठन के पदाधिकारियों के साथ पहुंची पीड़िता थाने के गेट के पास धरने पर बैठ गई। उसके बाद पुलिस हरकत में आई और एफआईआर दर्ज करने का आश्वासन दिया।

थाना सिंधौली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार को किसी काम से वह पुवायां गई थीं। तभी पुवायां थाना क्षेत्र के बड़ागांव के रहने वाले दो दबंगों ने उसको रोक लिया। आरोप है कि दबंगों ने उसके साथ जातिसूचक गाली-गलौज की और फिर विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की ।आरोपियो ने उसका प्लाट कब्जा कर लिया। आरोप है कि पुलिस में शिकायत करने पर आरोपियों ने जान से मारने की भी धमकी दी। आरोप है कि दबंगों को राजनितिक संरक्षण प्राप्त है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की लेकिन पुलिस ने आरोपियों पर कोई कार्रवाई नही की। रविवार को पीड़िता विश्व हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष राजन सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों के साथ थाने गई। पदाधिकारियों ने इस घटना में पुलिसकर्मियों से कार्रवाई की मांग की लेकिन फिर भी पुलिस ने कार्रवाई करने से मना कर दिया। उसके बाद सभी पदाधिकारी पीड़िता के साथ थाने के गेट के पास धरने पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। उसके बाद हरकत में आई पुलिस ने उनको एफआईआर दर्ज करने का आश्वासन दिया और उसके बाद हंगामा शांत हुआ। कोतवाली प्रभारी रवि करन सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## क्रिकेट टूर्नामेंट सिकंदरपुर में फाइनल विजेता बना थाना मदनापुर



**मदनापुर, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** सिकंदरपुर कला के मिनी स्टेडियम में अभय प्रताप सिंह मोनू की याद में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। थाना मदनापुर के कप्तान अशोक चंदेल ने बल्लेबाजी करते हुए 158 रन बनाए। दूसरी टीम के कप्तान ऋषभ गुप्ता ने ने 110 रन पर ऑल आउट हो गई। थाना मदनापुर की टीम ने मैच जीत लिया। कंमेंट्री कौशलेंद्र प्रताप सिंह फौजी ने की। यहां मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सिंह केशव सिंह कृष्ण मुरारी सिंह गौरव सिंह आदि उपस्थित रहे।

## इंडियन रेलवे लाइंस रोज़ा ने 9 विकेट से मैच जीता

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अटेवा पुरानी पेंशन बचाओ मंच एवं अटेवा प्रीमियर लीग कमेटी के तत्वावधान में आयोजित अटेवा प्रीमियर लीग 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार 29 मार्च 2026 में तीन मैच खेले गए। जिसमें पहला मैच सुबह 08:00 बजे इंडियन रेलवे लोको लायंस रोज़ा तथा जीआईसी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए जीआईसी क्रिकेट क्लब ने 14.2 ओवर में 10 विकेट पर 97 रन बनाएं जवाब में उतरी इंडियन रेलवे लोको लॉयंस रोजा ने ताबड़तोड़ खेलते हुए 7.5 ओवर में 1 विकेट खोकर 102 रन बनाकर आसानी से मैच जीत लिया। इस प्रकार इंडियन रेलवे लाइंस रोज़ा ने 9 विकेट से मैच जीत दर्ज की इस मैच में मैन ऑफ द मैच चंद्र किशोर रहे जिन्होंने 46 रन की शानदार पारी खेली एवं 1 महत्वपूर्ण विकेट लिया। दिन का दूसरा मैच 11:00 प्रारंभ हुआ जो की डायमंड टाइटंस रोजा तथा खुदागंज क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया पहले बल्लेबाजी करते हुए डायमंड टाइटंस रोजा ने अपने निर्धारित 15 ओवर में 153 रन 7 विकेट खोकर बनाएं जवाब में उतरी खुदागंज क्रिकेट क्लब की शुरुआत अच्छी रही लेकिन उसके विकेट गिरने का सिलसिला लगातार जारी रहा फलस्वरूप 15 ओवर में 8 विकेट खोकर 149रन ही बना सकी इस तरह डायमंड टाइटंस रोजा 4 रन से विजयी रही विजयी टीम के विकास वैष्णव मैन ऑफ मैच रहे जिन्होंने शानदार 34 रन बनाए। दिन का तीसरा मैच लेखपाल वारियर्स तथा शाहजहांपुर मास्टर्स के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए लेखपाल वारियर्स ने निर्धारित 15 ओवर में 157 रन 9 विकेट के नुकसान पर बनाएं जवाब में शाहजहांपुर मास्टर्स की टीम ने इस रोमांचक मुकाबले को 13.3 ओवर मे 5 विकेट खोकर अपने लक्ष्य (158/6) को प्राप्त किया और यह मैंच पांच विकेट से जीत लिया इस मैच के मैन ऑफ द मैच अजीत रहे जिन्होंने 38 रन मात्र 23 गेंद पर बनाए।

## ग्रीन वैली कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी सम्मानित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शहर रेती मोहल्ले के ग्रीन वैली कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटरा विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस रहे। उन्होंने अपने संबोधन में समारोह के उत्कृष्ट आयोजन की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय का प्रबंधन और शिक्षकगण शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नए मानक स्थापित कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने स्कूल की आधुनिक सुविधाओं, विशेषकर प्रत्येक कक्षा में लगे स्मार्ट टीचिंग बोर्ड की प्रशंसा करते हुए इसे तकनीकी शिक्षा की दिशा में सराहनीय कदम बताया। उन्होंने यह भी कहा कि उचित शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर यह विद्यालय शहर में अपनी अलग पहचान बना रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. वीर विक्रम सिंह, प्रबंध निदेशक आसिफ अली खान, तारिक कमाल खान एवं प्रधानाचार्या शशि गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। मंच संचालन शिक्षक शिवा एवं फहनीना अखलाद ने किया। समारोह के दौरान विभिन्न कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही प्रत्येक कक्षा में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले छात्रों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक आसिफ अली खान ने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में माता-पिता, विशेषकर माताओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। वहीं प्रधानाचार्या शशि गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति की सदस्य रिजवाना अंजुम, सना सज्जाद, निशात परवीन, डॉ. नुसरत खान, डॉ. सबीना खान एवं अरसला खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। विद्यालय निदेशक खावर खान एवं शाहपर खान के मार्गदर्शन में शिक्षकों, समन्वयकों और कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ग्रीन वैली कॉन्वेंट स्कूल~ शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों के प्रति समर्पित।

## गणित ओलंपियाड में बंडा के दो विद्यार्थियों ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डायट शाहजहांपुर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में शनिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र बंडा के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। गणित ओलंपियाड में बंडा के दो विद्यार्थियों ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय नवीची के कक्षा-8 के छात्र प्रदीप कुमार तथा कंपोजिट विद्यालय पट्टी छज्जूपुर के कक्षा-6 के छात्र विश्वनाथ वर्मा ने पूरे जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त कर विकास क्षेत्र बंडा का मान बढ़ाया। इसके अलावा कंपोजिट विद्यालय सिंघापुर पनई की कक्षा-8 की छात्रा रोशनी देवी तथा कंपोजिट विद्यालय इंदलपुर के कक्षा-7 के छात्र आयुष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी गणितीय प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं डायट शाहजहांपुर में आयोजित कला, क्राफ्ट एवं संस्कृति प्रदर्शनी में भी बीआरसी बंडा की ओर से प्रतिभागी शिक्षक सहायक अध्यापक शांतिराज प्रजापति, प्राथमिक विद्यालय रायपुर ने चाक से बनाई गई सुंदर कलाकृति के माध्यम से अपनी हस्तशिल्प कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। उनकी इस कलाकृति की मूल्यांकनकर्ताओं ने सराहना की, वहीं डायट की प्राचार्या सोनिया गुप्ता ने उनकी प्रतिभा को और निखारने का आश्वासन दिया।छात्र-छात्राओं और शिक्षक की इस उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मुद्रा लोन के नाम पर 60 हजार की ठगी

**बंडा, शाहजहांपुर।** मुद्रा लोन के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। एक युवक ने अपने दूर के रिश्तेदार पर धोखाधड़ी करने और पैसे हड़पने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव लालपुर आजादपुर निवासी रामखिलावन ने थाने पर दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि लगभग एक वर्ष पहले उसके दूर के रिश्तेदार सोनू निवासी भौरखेडा जिगनिया ने उसे मुद्रा लोन दिलाने का लालच दिया था। आरोप है कि उसने कहा था कि 1 लाख का लोन करवा देगा, जिसमें से 40 हजार युवक को मिलेंगे और 60 हजार वह खुद रख लेगा तथा लोन की किस्त भी वही जमा करेगा।पीड़ित का कहना है कि भरोसा कर उसने लोन करवा लिया, लेकिन लोन होने के बाद आरोपी ने 60 हजार और अपने पास रख लिए। इसके बाद से आरोपी न तो लोन की किस्त जमा कर रहा है और न ही पैसे वापस कर रहा है। आरोप है कि जब युवक ने पैसे और लोन की अदायगी की बात की तो आरोपी उसे धमकाने लगा और कहा कि न तो वह पैसे लौटाएगा और न ही लोन भरेगा, जो करना है कर ले। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हुए सम्मानित



**शाहजहांपुर।** विभिन्न जनपदों में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस टीम के खिलाड़ियों को एसपी राजेश द्विवेदी ने मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की यह उपलब्धि उनके अनुशासन, समर्पण एवं उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय है जिससे जनपद का गौरव बढ़ा है। 25 से 28 फरवरी तक बिजनौर में बास्केटबॉल एवं हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। हैंडबॉल प्रतियोगिता में महिला टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम में उप-निरीक्षक असमा बेगम, मुख्य आरक्षी ऊषा, नूतन, प्रतिज्ञा, सुधा, सोनम, सरिता शामिल रहीं। हैंडबॉल प्रतियोगिता में पुरुष टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम में मुख्य आरक्षी कपिल चौहान, दिव्य प्रताप सिंह, लाखन सिंह, आरक्षी पीटीआई दिनेश कुमार रहे। बास्केटबॉल में टीम द्वितीय स्थान पर रही। दूसरी ओर 9 से 11 मार्च तक बदायूं में आयोजित खेल प्रतियोगिता में बॉडीबिल्डिंग पुरुष टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम में आरक्षी भारत व अवनीश रहे। आर्म रेसलिंग पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पाने वालों में आरक्षी सौरभ, अभिषेक, विशाल, अवनीश, निसार रहे। बॉक्सिंग प्रतियोगिता में मुख्य आरक्षी रिजवाना ने प्रथम, नूतन व सुमन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कुश्ती प्रतियोगिता में सुधा ने प्रथम स्थान पाया। रिजवाना ने दूसरा स्थान पाया। वहीं, संयुक्त प्रदर्शन कुश्ती व बॉक्सिंग में सुधा प्रथम रहीं।

## पैगम्बर मुहम्मद साहब व ग़ौसे आज़म के मुए मुबारक शरीफ की जियारत को उमड़े अकीदतमंद

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



दुनिया में कई मुकद्दस जगहों व मुकद्दस हस्तियों के पास पैगम्बर मुहम्मद साहब व गौसे आजम शैख अब्दुल कादिर जीलानी रदियल्लाहु ताआला अन्हु के मुए मुबारक (बाल) हैं, इन में से एक मुए मुबारक खानकाहे हुसैनिया कलीमिया में भी है जिसकी जियारत हर साल होने वाले उर्से कलीमी के मौके पर बड़े ही अदब व अहतराम व अकीदत से करायी जाती है। मुए मुबारक शरीफ की जियारत के लिए अकीदतमंद खानकाह परिसर में उमड़ पड़ते हैं, पैगम्बर साहब व गौसे आज़म के मुए मुबारक को लेकर लोगों में गहरी आस्था है, देश व दुनिया में कई लोगों के पास मुए मुबारक हैं जो उन्हें पीढ़ी दर पीढ़ी हासिल हुए हैं। इनमें से अजमेर शरीफ़ में ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह की अकबरी मस्जिद, दरगाहे आला हज़रत बरेली शरीफ, खानकाहे आलिया बरकातिया मारहरा, ख़ानकाहे वाहिदया बिलग्राम शरीफ सहित हिन्दुस्तान की कई मशहूर व मारूफ दरगाहों व खानकाहों में भी मुए मुबारक शरीफ हैं। डॉ. सैयद असद अहमद कलीमी बतातें हैं कि विश्वास है कि मुए मुबारक शरीफ की जियारत करने व मुए मुबारक शरीफ के वसीले से दुआयें कुबूल होती हैं। इसीलिए मुसलमान मुए मुबारक शरीफ के वसीले से दुआयें मांगते है।

आज बाद नमाजे जोहर पाँच रोजा उर्से कलीमी के दूसरे दिन खानकाहे हुसैनिया कलीमिया के परिसर में मुए मुबारक शरीफ की जियारत सज्जादा नशीन हजरत सैयद मसऊद अहमद कलीमी साहब की सरपरस्ती में कराई गई उर्स प्रभारी डॉ. सैयद असद अहमद कलीमी व नायब सज्जादानशीन हजरत मुसाद अहमद कलीमी उर्फ चिश्ती मियाँ ने सैयद फखरे अली, सैयद सुहेब अहमद कलीमी, आदि की मौजूदगी में जायरीन को कराई। जियारत के दौरान मुसलमानों में बड़ी उत्सुकता देखी गयी। जियारत से पहले ही अकीदतमंदों की लम्बी कतारे लग गयी और लोग जियारत करने के लिए बेताब दिख रहे थे जब मुए मुबारक शरीफ की जियारत करायी गयी तो जायरीन ने दुरूद व सलाम का नजराना पेश करते हुए मुए मुबारक शरीफ की जियारत की। उर्स परिसर दुरूद व सलाम के नगमों से गूँज उठा और जायरीन ने कतारबद्ध होकर जियारत की और अल्लाह से दुआयें मांगी। उर्स प्रभारी डॉ. सैयद असद अहमद कलीमी ने बताया कि उर्स में दूरदराज से आये जायरीनों को खाने पीने आदि की परेशानी न हो इसलिए दिन भर ख़ानकाह परिसर व स्टेशन रोड स्थित कलीमी इण्टस्ट्रीज में जायरीन के लिए लंगर जारी है। बाद नमाज़े इशा महफिले सिमा का (कव्वाली) का आयोजन फातेहा ख्वानी के साथ हुआ उर्स में प्रमुख रूप से विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस, पूर्व विधायक वीरेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना, पूर्व विधायक राजेश यादव, आरिश खान,फखरे अली, याकूब अंसारी, शरीफ़ अहमद अंसारी, किशवर अंसारी एजाज बालिया, वाजिद अंसारी, रईस अहमद अंसारी, बीरूद्दीन अंसारी दिल्ली, नाजिम खान, इम्तियाज, सुहेल खान, इकबाल खाँ, मास्टर वली उल्ला, गुडडू मिस्त्री, शाहिद अली, असलम सिद्दीकी, आदि मौजूद रहे। उर्स प्रभारी डॉ. सैयद असद अहमद कलीमी ने बताया कि कल 30 मार्च 2026बरोज सोमवार बाद नमाजे जोहर साहिबे सज्जादा हज़रत सैयद मसऊद अहमद कलीमी साहब, नायब सज्जादा हज़रत मुसाद अहमद कलीमी उर्फ चिश्ती मियाँ व हजराते खानदाने कलीमी के द्वारा हज़रत सैयद मुहम्मद हुसैन उर्फ दूल्हा मियाँ कलीमी, मसरूरे मिल्लत हज़रत सैयद मसरूर मियाँ कलीमी अलैहिर्रहमा के मज़ारात पर चादर पोशी व गुल पोशी की रस्म अदा की जायेगी।

### वकील के घर में घुसने पर दरोगा ने हाथ जोड़कर मांगी माफी

**पुवायां, शाहजहांपुर।** गुमशुदा मोबाइल की तलाश कर रहा दरोगा वकील के घर मे घुस गए, इस बात से नाराज वकील और दरोगा के बीच नोक झोक हो गई, थोड़ी देर बाद दरोगा ने वकील के घर पर जाकर गलती मानते हुए माफी मांगी। मामला थाना पुवाया में क्षेत्र में गुम हुए मोबाइल फोन की तलाश के दौरान का है। कुछ दिन पूर्व सतवां गांव की एक महिला पुवायां में बाजार से कुछ सामान खरीदने आई थी उसी दिन महिला का मोबाइल गुम हो गया। महिला ने मोबाइल गुम होने के रिपोर्ट ऑनलाइन दर्ज करा दी, मोबाइल की रिपोर्ट की जांच कर रहे दरोगा ने नगर के कटरा बाजार मोहल्ले में एक वकील के घर घुस गया इस बात से नाराज वकील ने कोतवाली जाकर दरोगा को काफी खरी खोटी सुनाई गलती का एहसास होने पर थोड़ी देर बाद दरोगा वकील के घर जाकर माफी मांगी। इस मामले में कोतवाल रविकरन सिंह ने बताया कि वकील व दरोगा के बीच समझौता हो गया है। मोबाइल चोरी का मामला था अब समझौता हो गया।

## सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन की दिशा में बड़ा कदम

सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है। हर साल इसके लगभग 1 लाख नए मामले सामने आते हैं और इनमें से करीब आधे मामलों में मौत हो जाती है, जो दुनिया भर के कैंसर के बोझ का लगभग एक-चौथाई है। पीड़ित महिलाएं अपेक्षाकृत कम उम्र की होती हैं और परिवार व समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही होती हैं। कैंसर विशेषज्ञ के रूप में, मैंने उनकी तकलीफों को करीब से देखा है। ऐसी महिलाएं, जिनमें चौथी स्टेज में इस रोग का पता चला, उनमें यूरिनरी फिस्टुला विकसित हो चुका था और कंसल्टिंग रूम में उनके दाखिल होने से पहले ही बदबू आने लगती थी। फिर कुछ अपेक्षाकृत भाग्यशाली महिलाएं भी थीं, जिन्हें शुरुआती अवस्था में ही इस रोग से ग्रसित होने के बारे में पता चल गया और जब यह बीमारी ठीक हो सकती थी, लेकिन सिर्फ रेडिकल सर्जरी या कीमो और रेडिएशन थैरेपी से। ऐसे में गहन या एंग्रेसिव सर्जरी का शरीर पर असर हुआ, लंबे समय तक चले रेडिएशन उपचार के कारण देखभाल करने वालों को पढ़ाई या काम से वंचित रहना पड़ा। इसके अलावा, हमारे हरसंभव प्रयासों के बावजूद कुछ मामलों में कैंसर दोबारा लौट आया, जिसके लिए और भी जटिल प्रक्रियाओं, जैसे एक्सेंटरेशन सर्जरी और स्टोमा आदि की आवश्यकता पड़ी। हां, हम इलाज कर सकते थे, लेकिन इसकी शारीरिक, भावनात्मक और आर्थिक कीमत चुकानी होती। और भी दुखद बात यह थी कि इस बीमारी की रोकथाम की जा सकती थी। 1940 के दशक से ही पश्चिमी देशों में नियमित पैप स्मीयर जांच के माध्यम से द्वितीयक रोकथाम की व्यवस्था की गई थी, जिससे न केवल कैंसर का, बल्कि रोग की प्रारंभिक अवस्थाओं का भी पता लगाया जा सकता था। भारत और अन्य निम्न-मध्यम आय वाले देशों (एल.एम.आई.सी.) में हमारे पास इतनी बुनियादी सुविधाएं और प्रशिक्षित जनशक्ति नहीं थी कि 30 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं की जीवन में एक बार भी जांच की जा सके, जबकि हर 3 साल के अंतराल पर यह जांच कराने की सलाह दी गई थी। यहां तक कि आज भी, विजुअल इंस्पैक्शन (वी.आई.) के माध्यम से राष्ट्रीय स्क्रीनिंग कार्यक्रम होने के बावजूद, स्क्रीनिंग कवरेज 5 प्रतिशत से अधिक नहीं है और जिन महिलाओं का टैस्ट पॉजिटिव पाया जाता है, उन्हें अस्पताल लाकर रोग की पुष्टि के लिए बायोप्सी और उपचार कराना भी बेहद कठिन होता है। एच.पी.वी. टीकाकरण ने 2006 में एक उम्मीद भरे सुपरहीरो की तरह इस परिदृश्य में प्रवेश किया। एक साधारण सा इंट्रामस्क्युलर इंजैक्शन इतनी बड़ी तकलीफसे बचा सकता है! यह वास्तव में बेहद उत्साहजनक संभावना थी। अब तक 500 मिलियन से अधिक खुराकें दुनिया भर में और लगभग 4 मिलियन खुराकें भारत में दी जा चुकी हैं। व्यवस्थित परीक्षणों और पोस्ट-मार्केटिंग सर्विलांस से प्राप्त समेकित आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि टीका लगवाने वाली महिलाओं में सामान्य आबादी की तुलना में प्रतिकूल प्रभावों में कोई वृद्धि नहीं हुई। उनमें क्षणिक हल्की प्रतिक्रियाएं देखी गई हैं, जो सभी टीकों में सामान्य होती हैं। इन टीकों का प्रजनन क्षमता, जन्म दर, जन्मजात विकृतियों या मासिक धर्म के पैटर्न पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पाया गया। डब्ल्यू.एच.ओ. की सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन पहल का लक्ष्य सर्वाइकल कैंसर को एक दुर्लभ कैंसर बनाना है, जिसके होने की दर प्रति 1 लाख में केवल 4 मामलों तक सीमित हो। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए 2030 तक 15 वर्ष की आयु से पहले 90 प्रतिशत लड़कियों का एच.पी.वी. टीकाकरण, 35 और 45 वर्ष की आयु में 70 प्रतिशत महिलाओं की एच.पी.वी. परीक्षण द्वारा स्क्रीनिंग और जिन महिलाओं में रोग के लक्षण पाए जाएं, उनमें से 90 प्रतिशत का उपचार जैसे कुछ महत्वपूर्ण उद्देश्यों को हासिल करना आवश्यक है। आखिरकार, अब उम्मीद की किरण दिखाई दे रही है–माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 28 फरवरी, 2026 को राष्ट्रीय एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान को देशव्यापी स्तर पर लांच किया जाना, महिलाओं के स्वास्थ्य और प्रजनन अधिकारों को महत्व दिलाने की दिशा में सर्वोच्च राजनीतिक प्रतिबद्धता का संकेत है, जिसकी वे हकदार हैं।

# 'हैप्पीनेस इंडेक्स' के नाम पर भारत से छल! युद्धरत देश भी हैं भारत से आगे

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

वैश्विक स्तर पर किसी देश की प्रगति को लंबे समय तक उसकी आर्थिक ताकत, विशेषकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से मापा जाता रहा है, किंतु बदलती वैश्विक सोच ने तथ्यों एवं आंकड़ों से समझाया कि आर्थिक वृद्धि ही मानव जीवन की गुणवत्ता और संतुष्टि का पूर्ण मापदंड नहीं हो सकती। इसी दृष्टिकोण से विश्व खुशी रिपोर्ट का जन्म हुआ, जिसका उद्देश्य नागरिकों के जीवन-संतोष को मापना है। इस साल की रिपोर्ट हाल ही में प्रकाशित हुई है, जिसमें भारत के साथ छल किया जाना स्पष्ट दिखाई देता है। भारत को 116वां स्थान दिया गया है, जबकि वह तीव्र आर्थिक प्रगति के दौर से गुजर रहा है।

यहां हम देखते हैं कि विश्व खुशी रिपोर्ट भारत की रैंकिंग पिछले कुछ वर्षों में सीमित सुधार ही दर्शाती है, उदाहरण स्वरूप – 2021 में 139, 2022 में 136, 2023 और 2024 में 126 और अब 2026 में 116वां स्थान। अब इस संख्या को गहराई से देखें तो यह आंकड़ा का सुधार भारत के संदर्भ में बहुत ही सतही प्रतीत होता है, क्योंकि देश की आर्थिक और सामाजिक उपलब्धियों के अनुपात में यह प्रगति अत्यंत धीमी है। इससे यह स्पष्ट होता है कि खुशी सूचकांक और वास्तविक विकास के बीच एक गहरी खाई मौजूद है, जिसे कि विश्व खुशी रिपोर्ट में नहीं बताया गया है। यहीं से इस रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर संदेह पैदा होता है और भारत के प्रति इस रिपोर्ट को बनानेवालों की दुराग्रह भावना समझ आती है।

**भारत की आर्थिक प्रगति:–** आज विश्व भी इन आंकड़ों को भारत के संदर्भ में नजरअंदाज नहीं कर सकता कि वर्ष 2015 में 2.1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था 2025 तक बढ़कर 4.3 ट्रिलियन डॉलर हो गई, जो लगभग 105 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। इस तेज़ी से भारत विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसका प्रभाव व्यापक सामाजिक बदलावों के रूप में भी सामने आया है।

भारत में अत्यधिक गरीबी में उल्लेखनीय गिरावट आई है। 2011-12 में 27.1 प्रतिशत रही गरीबी दर 2022-23 में घटकर लगभग 5.3 प्रतिशत रह गई। अनुमानतः 269 मिलियन लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। विभिन्न सरकारी योजनाओं, जिसमें कि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण और आवास योजनाओं ने सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि विकास का लाभ समाज के निचले तबकों तक पहुंचा है।

आर्थिक विकास के साथ-साथ आय असमानता में भी गिरावट दर्ज की गई है। शहरी गिनी गुणांक 36.7 से घटकर 31.9 और ग्रामीण गिनी गुणांक 28.7 से घटकर लगभग 27.0 हो गया है। वस्तुतः यह प्रवृत्ति दर्शाती है कि विकास अपेक्षाकृत संतुलित रहा है। ऐसे में यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि जीवन संतोष में भी वृद्धि होनी चाहिए, किंतु खुशी सूचकांक इस वास्तविकता को पर्याप्त रूप से नहीं दर्शाता।




**हैप्पीनेस इंडेक्स की सबसे बड़ी कमी यह है कि इसमें अपराध, आतंकवाद, सामाजिक अशांति और सार्वजनिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल नहीं किया गया है, जबकि ये कारक किसी भी व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को सीधे प्रभावित करते हैं। यदि कोई समाज सुरक्षित और स्थिर है, तभी वह अपने आप में खुशी का एक महत्वपूर्ण आधार होता है, जिसे यहां इस रिपोर्ट में पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया है। इसके साथ ही इस हैप्पीनेस इंडेक्स की विश्वसनीयता इसलिए भी संकट में है, क्योंकि इसमें जिस गैलप सर्वेक्षण के अंतर्गत प्रत्येक देश से औसतन 1000 लोगों का नमूना लिया है, उसमें भारत जैसे विशाल देश के लिए ये सर्वेक्षण फिट नहीं बैठता, क्योंकि भारत जैसे देश में क्षेत्रीय, सामाजिक और आर्थिक विविधताएं अत्यधिक हैं, जिन्हें इतने छोटे नमूने में समाहित करना कठिन ही नहीं पूर्णतः असंभव है। कुल मिलाकर कहना यही है कि जब तक खुशी के मापन में वास्तविक जीवन के सभी महत्वपूर्ण आयामों को शामिल नहीं किया जाएगा, तब तक यह सूचकांक पूर्ण सत्य का प्रतिनिधित्व नहीं करेगा। भारत का उदाहरण इस बात का प्रमाण है कि आर्थिक प्रगति और वास्तविक जीवन की संतुष्टि के बीच संबंध को समझने के लिए अधिक गहन और संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसका कि फिलहाल इस सर्वेक्षण हैप्पीनेस इंडेक्स में पूरी तरह से अभाव दिखाई देता है। इसलिए भारतवासियों इस हैप्पीनेस इंडेक्स को देखकर अपने देश की खुशी का अनुमान मत लगा लेना, भारत कल भी पाकिस्तान, फिलिस्तीन, यूक्रेन समेत तमाम देशों से प्रसन्नता में आगे था और आज भी है। वास्तविकता में ये रिपोर्ट भारत के लोगों के साथ एक छलावा ही है, इससे अधिक अन्य कुछ नहीं!**

**चौंकाने वाला विरोधाभासः संघर्षग्रस्त देशों से पीछे भारतः–** देखा जाए तो इस हैप्पीनेस इंडेक्स का सबसे विवादास्पद पहलू यह है कि भारत कई ऐसे देशों से पीछे है जो गंभीर संकटों से जूझ रहे हैं। इज़राइल (8), ईरान (99), इराक (101), फिलिस्तीन (108), पाकिस्तान (109) और यूक्रेन (111) जैसे देश भारत से खुशी के मामले में ऊपर हैं! यही वो तथ्य हैं, जो इस रिपोर्ट के विश्वसनीय होने का संदेह पैदा करते हैं। यह कैसे संभव है कि जिन देशों में युद्ध, राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक संकट व्यापक स्तर पर मौजूद हैं, वे खुशी के मामले में भारत से ऊपर हो जाएं ? वास्तविकता में तो यह असंभव है।

इस संबंध में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के आर्थिक आंकड़े भी देखे जा सकते हैं, जो बताते हैं कि फिलिस्तीन में 80 प्रतिशत बेरोजगारी है। 238 प्रतिशत मुद्रास्फीति और अकाल जैसी स्थिति है। यानी जहां लाखों लोग गंभीर संकट में हैं। यूक्रेन युद्ध के कारण लोग जहां व्यापक जनहानि, विस्थापन और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रही है, वहां इन परिस्थितियों के बावजूद देशों की रैंकिंग भारत से बेहतर! ये कैसे संभव है?

**पाकिस्तान और ईरानः अस्थिरता के बावजूद भारत से ऊपरः–** यह भी आश्चर्यचकित कर देनेवाला तथ्य है कि पाकिस्तान में आर्थिक अस्थिरता, बढ़ते आतंकी हमले और उच्च अपराध दर जैसी गंभीर समस्याएं मौजूद हैं। ईरान में सामाजिक दमन, महिलाओं पर प्रतिबंध और राजनीतिक अशांति बनी हुई है। इस वक्त अमेरिका, इजराइल और ईरान युद्ध से पूरा विश्व परेशान है, किंतु इसके बावजूद इन देशों को हैप्पीनेस इंडेक्स में भारत से ऊपर दर्शाया, आज वास्वत में यही बताता है कि इस सूचकांक में शामिल कारक वास्तविक जीवन की कठिनाइयों को पूरी तरह प्रतिबिंबित नहीं करते।

इस तरह देखें तो इस हैप्पीनेस इंडेक्स की सबसे बड़ी कमी यह है कि इसमें अपराध, आतंकवाद, सामाजिक अशांति और सार्वजनिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल नहीं किया गया है, जबकि ये कारक किसी भी व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को सीधे प्रभावित करते हैं। यदि कोई समाज सुरक्षित और स्थिर है, तभी वह अपने आप में खुशी का एक महत्वपूर्ण आधार होता है, जिसे यहां इस रिपोर्ट में पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया है। इसके साथ ही इस हैप्पीनेस इंडेक्स की विश्वसनीयता इसलिए भी संकट में है, क्योंकि इसमें जिस गैलप सर्वेक्षण के अंतर्गत प्रत्येक देश से औसतन 1000 लोगों का नमूना लिया है, उसमें भारत जैसे विशाल देश के लिए ये सर्वेक्षण फिट नहीं बैठता, क्योंकि भारत जैसे देश में क्षेत्रीय, सामाजिक और आर्थिक विविधताएं अत्यधिक हैं, जिन्हें इतने छोटे नमूने में समाहित करना कठिन ही नहीं पूर्णतः असंभव है।

कुल मिलाकर कहना यही है कि जब तक खुशी के मापन में वास्तविक जीवन के सभी महत्वपूर्ण आयामों को शामिल नहीं किया जाएगा, तब तक यह सूचकांक पूर्ण सत्य का प्रतिनिधित्व नहीं करेगा। भारत का उदाहरण इस बात का प्रमाण है कि आर्थिक प्रगति और वास्तविक जीवन की संतुष्टि के बीच संबंध को समझने के लिए अधिक गहन और संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसका कि फिलहाल इस सर्वेक्षण हैप्पीनेस इंडेक्स में पूरी तरह से अभाव दिखाई देता है। इसलिए भारतवासियों इस हैप्पीनेस इंडेक्स को देखकर अपने देश की खुशी का अनुमान मत लगा लेना, भारत कल भी पाकिस्तान, फिलिस्तीन, युक्रेन समेत तमाम देशों से प्रसन्नता में आगे था और आज भी है। वास्तविकता में ये रिपोर्ट भारत के लोगों के साथ एक छलावा ही है, इससे अधिक अन्य कुछ नहीं!

## विचार

# सोशल मीडिया पर अभिव्यक्ति की अनियंत्रित आजादी का समाज पर क्या हो रहा असर ?

*राहुल कुमार गुप्ता*

इंसान आज भी सबसे वहशी जानवरों में से सबसे अव्वल है! ये ईश्वर की सबसे बेहतरीन कृति तब है जब इसे कुछ नियंत्रण के तहत रखा जाए, वो चाहे धर्म, मजहब, कानून या संविधान का नियंत्रण ही क्यों न हो। अगर ये नियंत्रण हट जाए तो जंगल भी शर्म के मारे आत्महत्या कर लें। सभ्यता और संस्कृति के विकास ने नियंत्रण के साथ जहां इंसान को सभ्य रखा वहीं कुछ कुतर्कों और अराजकतत्वों ने शांति और प्रगतिशील संस्कृतियों और सभ्यता रूपी विशाल वृक्ष पर लगे दीमक की तरह उसे चट करने को आतुर हैं। आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तमाम इंसानों/मनुष्यों को जो अनियंत्रित स्वतंत्रता मिली हुई है वो ही पर्याप्त है इन्हें विश्व का सबसे ईर्ष्यालु, अराजक, घृणास्पद और जानवरों से बढ़कर जानवर साबित करने के लिए। ये तब है जब हमें शब्द चलाने की ही स्वतंत्रता मिली हुई है, भारतीय संविधान में नियंत्रित अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अनियंत्रित स्वतंत्रता को लेकर।

लोकतंत्र के हृदय की धड़कन कही जाने वाली अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जब मर्यादा की दहलीज लांघकर अराजकता के मैदान में कदम रखती है, तो वह समाज के ताने-बाने को तार-तार करने लगती है। आज हम एक ऐसे डिजिटल युग में जी रहे हैं जहाँ शब्द अब केवल संवाद का माध्यम नहीं रहे, बल्कि वे अदृश्य अस्त्र बन चुके हैं। सोशल मीडिया के इस विस्तार ने हर हाथ में एक ऐसी शक्ति थमा दी है, जिसका उपयोग सृजन से अधिक ध्वंस के लिए किया जा रहा है। विडंबना देखिए कि जिस मंच को लोगों को जोड़ने और विचारों के आदान-प्रदान के लिए बनाया गया था, वही आज घृणा, विद्वेष और अपमान की सबसे उर्वर जमीन बन चुका है। हमारे महान पूर्वज, महापुरुष, आस्था के केंद्र देवी-देवता, पैगम्बर और अवतार, जिन्होंने मानवता को सभ्यता और संस्कृति का पाठ पढ़ाया। आज डिजिटल गलियारों में अनर्गल और अमर्यादित टिप्पणियों के शिकार हो रहे हैं। यह स्थिति न केवल पीड़ादायक है, बल्कि उस सामाजिक अनुबंध पर भी प्रहार करती है जिसके बल पर एक सभ्य समाज खड़ा होता है।

जब हम अभिव्यक्ति की आज़ादी की बात करते हैं, तो अक्सर हम इसके साथ जुड़े उत्तरदायित्वों को भूल जाते हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत मिली यह स्वतंत्रता निरपेक्ष नहीं है। संविधान निर्माताओं ने बहुत सोच-समझकर उचित प्रतिबंधों की व्यवस्था की थी ताकि किसी की स्वतंत्रता दूसरे की गरिमा और समाज की शांति में बाधक न बने। लेकिन आज डिजिटल दुनिया के नामी-बेनामी योद्धा संविधान की इस मूल भावना को ठेंगा दिखा रहे हैं। अभिव्यक्ति की आज़ादी का अर्थ यह कतई नहीं है कि कोई भी व्यक्ति किसी की गहरी आस्था को चोट पहुँचाए या पूजनीय प्रतीकों का सार्वजनिक उपहास उड़ाए। जब कोई व्यक्ति किसी महापुरुष या धार्मिक व्यक्तित्व पर कीचड़ उछालता है, तो वह केवल एक नाम का अपमान नहीं करता, बल्कि उन करोड़ों लोगों की भावनाओं को लहूलुहान करता है जिनके जीवन का आधार वे मूल्य और आदर्श हैं। यह वैचारिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि वैचारिक व्यभिचार है, जो समाज में केवल और केवल नफरत का जहर घोल रहा है।

हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर और संवेदनशील मामले पर तंत्र की निष्क्रियता एक मौन सहमति जैसी प्रतीत होने लगती है। संविधान को लागू करने वाले और कानून की रक्षा का जिम्मा सँभालने वाले संस्थान अक्सर उस समय तक गहरी नींद में सोए रहते हैं, जब तक कि कोई विवाद सुलगकर दावानल न बन जाए। क्या हम एक ऐसी न्याय व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं जो केवल तभी जागती है जब मामला सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगे या सड़कों पर हंगामे की नौबत आ जाए? कानून का खौफ अपराध होने से पहले होना चाहिए, न कि अपराध के बाद की औपचारिकता के रूप में। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के कमेंट बॉक्स आज नफरत की ऐसी भट्टियाँ बन चुके हैं जहाँ सभ्यता और शालीनता हर पल स्वाहा हो रही है। यहाँ छिड़ी शब्द-जंग अक्सर दंगों और हिंसक झड़पों की पूर्वपीठिका तैयार करती है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या हमारी तकनीकी प्रगति ने हमें मानसिक और नैतिक रूप से और अधिक आदिम बना दिया है? डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की अपनी एक दुनिया है, जहाँ एनोनिमिटी यानी गुमनामी का चोला पहनकर लोग अपनी दबी हुई कुंठाओं और नफरत को बाहर निकालते हैं। उन्हें लगता है कि स्क्रीन के पीछे छिपकर वे कुछ भी कह सकते हैं और बच निकलेंगे। इसी सोच ने समाज में एक ऐसी टॉक्सिक संस्कृति को जन्म दिया है, जहाँ तर्कों की जगह गालियाँ और विमर्श की जगह व्यक्तिगत हमले ले चुके हैं। जब शासन और प्रशासन इस पर त्वरित कार्रवाई नहीं करते, तो अराजक तत्वों का मनोबल बढ़ता है। वे इसे अपनी जीत समझते हैं और फिर शुरू होता है अपमान का एक अंतहीन सिलसिला। किसी भी जीवंत समाज के लिए यह स्थिति अलार्म की घंटी के समान है। यदि समय रहते इन की-बोर्ड वॉरियर्स की बेलगाम जुबान पर कानून की लगाम नहीं कसी गई, तो वह दिन दूर नहीं जब सोशल मीडिया की यह नफरत हमारे वास्तविक जीवन के सद्भाव को पूरी तरह लील जाएगी।

**समाज में बढ़ता वैचारिक व्यभिचार और बढ़ रहा नफ़रत का संसार!**

संविधान की शपथ लेने वालों को यह समझना होगा कि कानून का क्रियान्वयन केवल कागजों पर या हाई-प्रोफाइल मामलों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। सोशल मीडिया पर निगरानी और त्वरित न्याय की एक ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जो धर्म, जाति या विचारधारा के चश्मे से परे होकर केवल मर्यादा की रक्षा करे। नफरत फैलाने वाली पोस्ट और टिप्पणियों को हटाना ही काफी नहीं है, बल्कि ऐसी मानसिकता को दंडित करना भी अनिवार्य है जो समाज की शांति को खतरे में डालती है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का संरक्षण तभी संभव है जब हम मर्यादाहीनता को अपराध की श्रेणी में रखकर देखें। यह केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि उन तकनीकी कंपनियों की भी जवाबदेही है जो इन प्लेटफॉर्म्स से अरबों का मुनाफा कमाती हैं, लेकिन नफरत रोकने के नाम पर एल्गोरिदम और फ्री स्पीच के पीछे छिप जाती हैं।

समाज के रूप में हमें भी आत्ममंथन की आवश्यकता है। हम किस ओर जा रहे हैं? क्या हमारी शिक्षा और संस्कार हमें इतने असहिष्णु बना रहे हैं कि हम किसी के आराध्य या किसी महापुरुष के प्रति न्यूनतम सम्मान भी खो चुके हैं? जब हम किसी महापुरुष का अपमान करते हैं, तो हम दरअसल अपनी ही जड़ों को काट रहे होते हैं। महापुरुष और अवतार किसी एक धर्म या जाति के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता की विरासत होते हैं। उनकी आलोचना तार्किक और मर्यादित हो सकती है, लेकिन उनकी अवमानना और उपहास केवल मानसिक दिवालियेपन का प्रमाण है। आज के युवा को यह समझने की जरूरत है कि लाइक्स और शेयर की दौड़ में वे अपनी नैतिकता की बलि चढ़ा रहे हैं। यह समय केवल कानून की दुहाई देने का नहीं, बल्कि उसे सड़कों और सर्वरों पर कड़ाई से लागू करने का है। यदि अभिव्यक्ति की इस अराजक आज़ादी को समय रहते नहीं रोका गया, तो नफरत का यह जाल इतना घना हो जाएगा कि आने वाली पीढ़ियों को इसमें सांस लेना भी दूभर होगा। संविधान ने हमें अधिकार दिए हैं, पर वे अधिकार कर्तव्यों की बुनियाद पर टिके हैं। जिस दिन अधिकार कर्तव्यों से अलग हो जाते हैं, उस दिन लोकतंत्र भीड़तंत्र में तब्दील होने लगता है। हमें एक ऐसा डिजिटल वातावरण निर्मित करना होगा जहाँ संवाद में मिठास न सही, कम से कम शिष्टाचार और मर्यादा तो सुरक्षित रहे। कानून को हाइलाइट होने का इंतजार छोड़कर सक्रियता दिखानी होगी, ताकि नफरत की इस आग को और फैलने से पहले बुझाया जा सके। समाज की शांति और देश की एकता किसी भी प्रकार की तथाकथित आज़ादी से कहीं अधिक मूल्यवान है।

## साहित्य



### काश

**पूजा चक्रवर्ती**

नहीं, मैं समझ नहीं पाई थी,
जब मुझे निहारते,
तेरी आँखें भर आई थीं।
मैंने तवज्जो तब भी नहीं दिया,
जब तूने मेरा दुपट्टा सही किया।
तू झुमके लाया,
मैं खनक में उसकी खो गई,
ना समझी वो दोस्ती तेरी,
कब प्यार में तब्दील हो गई।
मेरे आगे चलता दबंग तू,
काश तुझे मैं और जान पाती,
ये तरीक़े सारे इज़हार के तेरे,
मैं वक्त रहते पहचान पाती।
पहचान पाती कि इन निगाहों के पीछे
तेरे दिल में एक शोर है,
ये तेरी दोस्ती से बढ़कर
शायद कुछ और है।
उस झुमके की खनक में
एक दबी-सी आवाज़ भी थी,
वो महज़ तोहफ़ा नहीं,
तेरे प्यार का आग़ाज़ भी थी



## राशिफल

**मेषः–** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**वृषभः–** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुनः–** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनाएं। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। घर में खुशहाली होगी।

**कर्कः–** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंहः–** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः–** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुलाः–** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः–** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**धनुः–** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः–** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभः–** मन आर्थिक सुदृढ़ता के लिए चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीनः–** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

# संकट के दौर में वैश्विक पर्यटन उद्योग

*डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा*

अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के साइड इफेक्ट के रुप में दुनिया का पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। एक अनुमान के अनुसार 152 करोड़ पर्यटकों से गुलजार रहने वाले वैश्विक पर्यटन उद्योग के मौजूदा हालात के चलते अतिमंदी के दौर से गुजरने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। वैसे तो सभी देशों में पर्यटन उद्योग पर विपरीत असर पड़ने जा रहा है पर सबसे अधिक असर मध्य पूर्व के देशों में देखा जा सकता है। जानकारों के अनुसार अकेले मध्य पूर्व को ही 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान भुगतना पड़ सकता है। दुनिया में सबसे अधिक पर्यटक फ्रांस की धरती पर जाते हैं और माना जाता है कि 9 से 10 करोड़ पर्यटक तो फ्रांस का रुख करते हैं। जहां तक भारत का प्रश्न है, हमारे यहां भी लगभग 2 करोड़ विदेशी पर्यटक देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का रुख करते हैं। पर मौजूदा हालात के चलते विश्व के अन्य देशों की तरह भारत में भी विदेशी पर्यटकों की आवाजाही पर विपरीत प्रभाव पड़ना ही है।

एक सकारात्मक पक्ष यह देखा जा सकता है कि भारत और दुनिया के देशों में देशी पर्यटकों की संख्या में उछाल के चलते इस उद्योग को संजीवनी अवश्य मिलती लगती है।

वर्तमान दौर में दुनिया के चौधरी बने देशों को यह समझ लेना चाहिए कि अब वह जमाना गया जब हफ्ते दो हफ्ते में युद्ध का फैसला हो जाया करता था। आज छोटे-से छोटा देश भी युद्ध को लंबा खींचने की कूवत रखता है। इसे हम रुस-यूक्रेन युद्ध से अच्छी तरह से समझ सकते हैं। अमेरिका ने भी जब ईरान पर आक्रमण किया तो ट्रंप भी इसी मुगालते में थे कि दो-चार दिन में ईरान के घुटने टिकवा देंगे पर सारे कयास धरे के धरे रह गए और इनके चक्कर में दुनिया अस्थिरता और संकट में और आ गई। आज हालात यह हो गए हैं कि युद्ध तो आप शुरु कर सकते हैं पर युद्ध शुरु होने के बाद कब बंद होगा यह आपके हाथ में नहीं रहेगा।

युद्ध के चलते हालात ऐसे हो गए हैं कि चाह कर भी पर्यटक घूमने का रुख नहीं कर पा रहे हैं। केवल और केवल ट्रंप के दादागिरी के चलते दुनिया के देशों की जीडीपी में करीब 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी निभाने वाला पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। होटल और ट्रैवल उद्योग से जुड़ी एजेंसियों के सामने बड़ा संकट आ गया है तो दुनिया के देशों और संस्कृतियों से जुड़ने और समझ कर एक-दूसरे के नजदीक आने की जो पहल पर्यटन उद्योग के चलते हुई थी उस पर लगभग विराम के हालात होते जा रहे हैं।

10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक का पर्यटन उद्योग आज संकट के दौर में आ गया है। उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो थाईलैंड की अर्थव्यवस्था में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी पर्यटन उद्योग की है और वह लगातार दूसरे साल गंभीर संकट के



दौर में आ गई है। जैसे-तैसे पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हजार डॉलर प्रतिदिन के लग्जरी कमरों की कीमत घटकर 300 डॉलर तक कर देने के बाद भी पर्यटक रुख नहीं कर रहे हैं। हालात विकट होते जा रहे हैं।

दरअसल वैश्विक हालात के चलते एक ओर उड़ानें रद्द होती जा रही है तो युद्ध के चलते लोगों में असुरक्षा की भावना घर कर रही है। ऐसी आशंका होती है कि कब कहां क्या हो जाए और कहीं जाएं वहीं पर बंद होकर न रह जाएं। मध्य-पूर्व के देशों में तो लगभग यही हालात है। कब किस देश और किस स्थान पर मिसाइल अटैक हो जाए, कहा नहीं जा सकता। क्योंकि अमेरिका-इजरायल व ईरान युद्ध की खास नकारात्मक बात यह है कि इन दो देशों पर मिसाइल अटैक नहीं हो रहे बल्कि इनसे थोड़ी भी सहानुभूति रखने वाले देश कब निशाने पर आ जाएं, कहा नहीं जा सकता। मध्य-पूर्व में मिसाइल अटैक और हार्मुज जलडमरुमध्य के हालात इसके उदाहरण हैं।

हालात तो यहां तक खराब होने की आशंका है कि मध्य-पूर्व के देशों में पानी का गंभीर संकट हो सकता है। आज कच्चा तेल, एलपीजी की ही समस्या नहीं अपितु दुनिया को जोड़ने वाले इंटरनेट के बाधित होने की आशंकाओं को भी नकारा नहीं जा सकता। लगता है एक-दूसरे के अहम् के चलते आम आदमी कहीं हाशिये में चला गया है। युद्ध के सामान्य नियम ताक में रख दिए गए हैं और आम नागरिकों, बच्चों, अस्पतालों, घनी आबादी इलाकों में भी मिसाइल दागने से कोई परहेज नहीं रह गया है। कोरोना के दौरान जिस तरह पर्यटन उद्योग प्रभावित हुआ था आज उसी तरह के हालात बनते दिख रहे हैं। कोरोना के बाद पिछले सालों में पर्यटन उद्योग ने तेजी पकड़ी थी और लगने लगा था कि 2030 तक पर्यटन उद्योग को जबरदस्त बूस्ट मिलेगा पर अब हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं और लगता नहीं है कि आने वाले दिनों में कोई सुधार दिखाई देगा। हालांकि सकारात्मक पक्ष यह देखा जा सकता है कि भारत सहित विश्व के देशों में देशी पर्यटन को अवश्य बढ़ावा मिलने लगा है। लोग अपने ही देश में आसपास के स्थानों को एक्सप्लोर करने लगे हैं। वर्तमान हालात पर्यटन उद्योग के लिए बेहद चुनौती भरा है, जिसके सामान्य होने के आसार दूर-दूर तक नहीं हैं।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### रामनवमी के उपलक्ष में कस्बे में निकली रंग शोभा यात्रा



शाहाबाद हरदोई। रामनवमी के उपलक्ष में परंपरागत रूप से निकाला जाने वाला रंगारंग जुलूस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर के प्रमुख मार्गो से निकाला गया। मां गायत्री मंदिर पर रंगारंग जुलूस का समापन किया। रविवार को शाम 4:00 बजे बालाजी महाराज सरदारगंज से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रंगारंग जुलूस का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात यह जुलूस राम वाटिका, चौक, सराफा बाजार, घंटाघर, सदर बाजार, बड़ी बाजार, स्टेट बैंक होते हुए मां गायत्री मंदिर दिलेरगंज पहुंचा जहां पर जुलूस का समापन किया गया। जुलूस में युवा एक दूसरे पर पिचकारी से गीला रंग डालकर जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। तिराहों और चौराहों पर युवाओं की टोली रुक कर खूब रंग खेलती और जय श्री राम के नारे लगाते हुए आगे बढ़ जाती। रंगारंग जुलूस में पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए।

### अनंगपुर-कांठ मार्ग पर अनियंत्रित कार खाई में गिरी, चालक की हालत नाजुक

पाली, हरदोई। अनंगपुर–कांठ मार्ग पर रविवार सुबह तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा पलटी, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा धर्मपुर पुलिया के पास हुआ, मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर जिले के कुर्रिया निवासी अखिलेश पुत्र सुधीर अपनी कार से रविवार सुबह कमालपुर जा रहा था। बताया गया कि वह रास्ते में मोबाइल फोन पर बात करने लगा। पचदेवरा थाना क्षेत्र में धर्मपुर पुलिया के पास लगी पुलिस बैरीकेटिंग के नजदीक अचानक वाहन पर उसका नियंत्रण नहीं रहा, जिससे कार सड़क किनारे गहरे खाई में पलट गई। हादसे में अखिलेश गंभीर रूप से घायल हो गया, आसपास मौजूद लोगों दौड़े और घायल अखिलेश को कार से बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे और अखिलेश को उपचार के लिए शाहजहांपुर ले गए। बताया जा रहा है कि अखिलेश कमालपुर में क्लीनिक चलाता है और वहीं जा रहा था। मोबाइल पर बात करते समय वाहन से नियंत्रण हटने को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है।

### पुलिस ने छह जुआरी किये गिरफ्तार, सात बाइक और एक कार सीज



हरदोई। पाली पुलिस ने शनिवार की रात मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलते हुए छह लोगों को गिरफ्तार कर नकदी और ताश की गड्डी बरामद की है।गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।पुलिस ने सात बाइक और एक कार को मौके से बरामद कर सीज किया है। प्राप्त विवरण में थाना पाली पुलिस द्वारा परशुराम पुत्र बद्री निवासी ग्राम रामपुर टिकुरा थाना पाली, नितीश प्रताप सिंह पुत्र उदयवीर सिंह निवासी ग्राम पैतापुर थाना पाली,मुकेश कुमार पुत्र रामकिशोर निवासी ग्राम अलियापुर थाना पाली,मनोज पुत्र सिकन्दर निवासी ग्राम गदरिया थाना सवायजपुर,धनवीर पुत्र शिशुपाल निवासी ग्राम सैदापुर थाना सवायजपुर और जापान अवस्थी पुत्र राजेन्द्र प्रसाद अवस्थी निवासी ग्राम अलियापुर थाना पाली रुपये, ताश के पत्तो, मोटरसाइकिल व कार सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना पाली पर जुआरियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया।

### दो भाइयों की हत्या में वांछित चौथा आरोपी गिरफ्तार

हरदोई। सुरसा पुलिस ने दो सगे भाइयों की पीट पीट का हत्या करने के मामले में चौथे नामजद आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 27 मार्च को थाना सुरसा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ढोलिया में शिवम पुत्र भैयालाल उसके भाई अमन द्वारा बुलेरो पिकअप गाड़ी से एक्सीडेंट हो गया। जिसमें भारत पांडेय उर्फ देवीसहाय पुत्र भीमशंकर उम्र करीब 70 वर्ष की मृत्यु हो गई। जिसके उपरान्त मृतक के पुत्र अनूप,अतुल,नीरज और श्याम द्वारा अमन व शिवम की पीटकर हत्या कर दी गई। थाना सुरसा के प्रभारी सुनील कुमार मिश्रा और पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त घटना से संबंधित नामजदचौथे आरोपी श्याम पुत्र देवीसहाय को गिरफ्तार कर न्यायलय में प्रस्तुत किया गया। 28 मार्च को उक्त अभियोग से संबंधित अतुल पुत्र देवी सहाय उसके भाई अनूप और नीरज को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### कुठौंदा बुजुर्ग में नाले की सफाई कर मलवा हटाए जाने की मांग की



जालौन (उरई)। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में लगभग दो महीने पहले तालाब से लेकर दिनेश सिंह के मकान तक जेसीबी मशीन द्वारा नाले की सफ़ाई का कार्य किया गया था। सफ़ाई के बाद नाले से निकले मलबे को वहीं छोड़ दिया गया। जिससे मलबा पुनः नाले में जा रहा है। ग्रामीण ने डीएम को पत्र लिखकर मलबे को हटवाने की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में तालाब से लेकर दिनेश सिंह के मकान पर गांव की जलनिकासी के लिएनाला बना हुआ है। नाले की सफ़ाई न होने के चलते यह नाला चोक हो गया था। ग्रामीण गजेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बाद लगभग दो माह पूर्व इस नाले की सफ़ाई करा दी गई थी। लेकिन सफ़ाई के दौरान नाले से निकाला गया मलबा नाले के दोनों ओर ही छोड़ दिया गया। उस समय बताया गया था कि सूखने के बाद मलबे को हटा दिया जाएगा। लेकिन तबसे दो माह बीत चुके हैं। मलबे के ऊपर घास फूस तक उग आई है। लेकिन अभी तक नाले के किनारे लगे मलबे को नहीं हटाया गया है। जिससे मलबा नाले में गिर रहा है, बारिश होने पर यह मलबा नाले में जाकर फ़िर से नाला चोक कर सकता है। इस मलबे से उठने वाली धूल और गंदगी से ग्रामीणों को भी निकलने में परेशानी हो रही है। साथ ही मलबे के ऊपर जमी घास फूस से मच्छर आदि भी पनप रहे हैं। उन्होंने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर मलबे को हटवाने की मांग की है।

### प्रेमिका ही निकली युवक की हत्या की मास्टर माइंड



उरई (जालौन)। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना कैलिया पुलिस ने 72 घंटे के अंदर हत्या की सनसनीखेज वारदात का सफ़ल खुलासा कर चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हथौड़ा, डंडा, बाइकें समेत महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए। गौरतलब हो कि 26 मार्च 2026 को ग्राम उमरी निवासी गिरजाशंकर ने थाना कैलिया में तहरीर दी कि अभियुक्तों ने उनके पुत्र अमित नरवरिया (24) की हत्या कर शव जला दिया था। पूर्व में जान से मारने की धमकियां भी मिली थीं। इसके आधार पर मुकदमा अपराध 24/26 धारा 103(1), 238, 351(2), 61(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज हुआ। शव कब्जे में लेकर पंचायतनामा और फॉरेंसिक साक्ष्य संकलित किए गए।तीन टीमों ने रच दिया खुलासे का खेलघटना की गंभीरता देख पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने तीन टीम गठित कीं। इलेक्ट्रॉनिक व भौतिक साक्ष्यों से दो अभियुक्त कुलदीप दोहरे (32) व अमित दोहरे (20) का पता चला। मुखबिर की सूचना पर जगनपुरा रोड से सलैया खुर्द मार्ग पर शीतला 20, कुलदीप पत्नी व मिथलेशी 50, कुलदीप की मां को भी दबोच लिया गया।निशानदेही पर बरामद हुएरू एक हथौड़ा, एक डंडा आला कत्ल, दो बाइक, दो हेलमेट, मृतक का आधार कार्ड व रक्तरंजित कपड़े–चादर। थानाध्यक्ष कैलिया मय टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने जब हत्यारोपियों से कड़ाई से पूंछतांछ की तो खौफ़नाक राज सामने आया। कुलदीप ने कबूल किया कि अमित और उसकी पत्नी शीतला के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। 23 मार्च को शीतला ने अमित को फ़ोन पर धमकाया। 24 मार्च शाम अमित घर आया तो कुलदीप, शीतला व अमित दोहरे ने घात लगाकर हमला किया। अमित दोहरे ने दुपट्टा ठूंसकर चीखने से रोका, फ़िर कुलदीप ने डंडे व अमित ने हथौड़े से सिर पर वार कर हत्या की। शव को बेडशीट–कंबल–तिरपाल में लपेट बाइक पर ब्यौनाराजा रोड ले जाकर जला दिया। सभी फ़रार हो गए थे। हत्यारोपी कुलदीप दोहरे 32 ग्राम कैलियाअमित दोहरे 20 ग्राम भगवंतपुरा, थाना रेंढरशीतला (20), पत्नी कुलदीप, कैलिया, मिथलेशी (50), मां कुलदीप, कैलिया पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जा रही है।

# ब्लॉक में नव निर्मित अभिलेखागार का राज्य मंत्री ने किया लोकार्पण

- राज्यमंत्री ने ब्लॉक परिसर की सुंदरता और कार्यक्रम में उपस्थित भीड़ के लिए ब्लॉक प्रमुख की सराहना की




**शाहाबाद, हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन के लोकार्पण एवं होली मिलन समारोह में क्षेत्र की जनता का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने केंद्र व प्रदेश सरकार के नौ वर्षो की उपलब्धियों का विस्तार से बखान किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जिसका लाभ सीधे जनता तक पहुंचा है। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने ब्लॉक परिसर की बदली सूरत पर जनसमूह को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा की सराहना की उन्होंने कहा इतनी बड़ी संख्या में जनता की मौजूदगी यह दर्शाती है कि क्षेत्र में विकास के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। आप सभी ने इस लोकार्पण कार्यक्रम को एक उत्सव बना दिया है। आपके उत्साह और समर्पण से भारतीय जनता पार्टी का कुनबा लगातार मजबूत हो रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा ने भी विरोधियों पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि क्षेत्र में कराए गए विकास कार्य ही उनकी सबसे बड़ी ताकत हैं और जनता का समर्थन उनके साथ है। बहीं बरिष्ठ भाजपाई गंगाराम राठौर भीड़ देखकर गदगद होते हुए त्रिपुरेश मिश्रा की जमकर प्रशांसा करते हुए दो पंक्तियाँ कही-जो भरा नही हैं भावों से,बहती जिसमें रसधार नही,बो ह्रदय नही हैं पत्थर है, जिसमें त्रिपुरेश मिश्रा का प्यार नही,उनकी पंक्तियाँ समाप्त होते ही पुरा ब्लॉक तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता गंगाराम राठौर, जिला महामंत्री सत्येन्द्र राजपूत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामनाथ त्रिपाठी, डीसीडीएफ चेयरमैन रामदास गुप्ता, पिहानी ब्लॉक प्रमुख कुशी बाजपेयी, जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत, संजीव गौतम, प्रधान चन्द्र प्रकाश सिंह (पुत्तने), प्रधान संघ जिलाध्यक्ष अतुल सिंह, प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीन सिंह, काश्मीर सिंह, विक्रम राठौर, सुधीर पाल, रामनाथ, रमेश कुशवाहा, धीरेन्द्र सिंह, रामरूप, विश्वनाथ पाठक, कमल किशोर (शानू), सुधीर सिंह, अखिलेश राजपूत, राजेश सिंह, अंगद मिश्रा, राघवेन्द्र सिंह (भूरे) मुकेश द्विवेदी, रामपाल, अजय प्रताप सिंह, सुभाष दीक्षित, अनिल प्रजापति, सर्वेश सिंह मित्रे, राजेश कुमार मिश्रा, अमर पांडेय आदि सहित समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष व क्षेत्र की सम्मानित महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

## पुलिस ने पचास हजार के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार




**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली और सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने छिनैती की घटनाओं में वांछित चल रहे पचास हजार रूपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी ने पिहानी और शाहाबाद में छिनैती की एक एक घटना स्वीकार की है।

प्राप्त विवरण में पाली कस्बे के मोहल्ला पटिया नीम निवासी रंजन श्रीवास्तव अपनी पत्नी के साथ 18 फरवरी की दोपहर बाइक से वैवाहिक कार्यक्रम में हरदोई जा रहे थे। पाली रोड पर पीछे से आ रहे बाइक सवार दो बदमाशों ने उनकी पत्नी के कान से सोने का झाला नोच लिया और फरार हो गए।घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दूसरे फरार आरोपी को पुलिस तलाश कर रही थी। आईजी लखनऊ परिछेत्र ने वांछित फरार आरोपी पर पचास हजार रूपए ईनाम घोषित किया था।

प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार राय ने सर्विलांस प्रभारी राजेश सिंह, अब्दुल जब्बार और पुलिस बल के साथ वांछित चल रहे इनामी आरोपी रामप्रताप पुत्र रामपाल निवासी पल्हौरा कूर्रिया कला थाना कांट जनपद शाहजहांपुर को 6760 रूपए की नगदी सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ने पिहानी और शाहाबाद में छिनैती की घटना करना स्वीकार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

## चोर को कबाड़ सहित पुलिस ने किया गिरफ्तार

- अन्य की गिरफ्तारी के प्रयास जारी

**शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के मोहल्ला खेड़ा अजमत में एक कबाड़ की दुकान से चोरी के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को चोरी के कबाड़ के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 28 मार्च को मोहल्ला खेड़ा बीबीजई निवासी आशाराम पुत्र जगदीश प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी गयी कि उनकी खेड़ा अजमत में कबाड की दुकान है।सूरज कंजड़ पुत्र सर्वेश उर्फ सिट्टा निवासी मोहल्ला खेड़ा बीबीजई सहित उसके साथियों द्वारा दुकान से समान चोरी कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी।सरदार गंज चौकी प्रभारी प्रदीप पाण्डेय और पुलिस बल द्वारा नामजद आरोपी सूरज को चोरी किये गये सामान सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास जारी है।

## सैनिक गैस एजेंसी गोपामऊ की मनमानी, बुलाने के बाद भी नहीं दिया सिलेंडर

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

सरकार से लेकर जिला प्रशासन तक लोगों को घर बैठे गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी का लाभ देने की बात कही जा रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति इसके विपरीत नजर आ रही है। एजेंसी संचालकों की मनमानी और कालाबाजारी के आरोपों के चलते नियमों का पालन होता नहीं दिख रहा है। ताजा मामला टड़ियावां क्षेत्र में सामने आया है, जहां उपभोक्ता को बुलाने के बावजूद सिलेंडर नहीं दिया गया।

जानकारी के अनुसार सैनिक गैस एजेंसी गोपामऊ से जुड़े ग्राम उनौती, ब्लॉक टड़ियावां निवासी अरुण दीक्षित पुत्र कृष्ण कुमार ने 20 मार्च 2026 को भारत गैस का सिलेंडर बुक कराया था। उपभोक्ता का आरोप है कि 29 मार्च 2026 को एजेंसी की ओर से डिलीवरी के लिए बुलाया गया। निर्धारित समय पर टड़ियावां पहुंचने के बाद भी एजेंसी द्वारा उन्हें सिलेंडर नहीं दिया गया।अरुण दीक्षित का कहना है कि जब उन्होंने एजेंसी संचालक सरिता राजपूत से फोन पर बात की तो उन्हें कथित तौर पर जवाब मिला कि कल क्यों नहीं लिया, अब नहीं मिलेगा, फोन काटिए और फोन काट दिया गया। इससे उपभोक्ता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। उपभोक्ता ने आरोप लगाया कि बुकिंग (20 मार्च) और भुगतान के बावजूद सिलेंडर न देना उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है।

उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि होम डिलीवरी के निर्देशों के बावजूद उपभोक्ताओं को एजेंसी तक बुलाया जा रहा है और मनमाने ढंग से वितरण किया जा रहा है। इससे आम लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। समाचार लिखे जाने तक एजेंसी पक्ष से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो।

## नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हरदोई-लखनऊ मार्ग पर हुआ स्वागत

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



संयुक्त जनादेश पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राहुल मिश्रा के स्वागत में हरदोईङ्कलखनऊ मार्ग पर भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरदोई और लखनऊ जनपद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

लखनऊ स्थित पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राहुल मिश्रा को जिला अध्यक्ष पद की औपचारिक जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शीतेन्द्र मिश्रा जिला कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद त्रिपाठी, जिला प्रभारी आलोक पाण्डेय, महासचिव मनोज मिश्रा, जिला संगठन मंत्री अखिलेश मिश्रा, महामंत्री विकास त्रिपाठी सहित अनेक नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल माला पगड़ी एवं पटका पहनाकर नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत राहुल मिश्रा अपने लखनऊ आवास पहुंचे, जहां उनकी माता एवं बड़ी बहन ने उन्हें तिलक लगाकर, आरती उतारकर और फूल-मालाओं से स्वागत कर आशीर्वाद प्रदान किया।

इसके बाद प्रोटोकॉल सुरक्षा व्यवस्था के साथ उनका काफिला लखनऊ से हरदोई कार्यालय फर्दापुर के लिए रवाना हुआ। मलिहाबाद से हरदोई तक मार्ग में लगभग हर 15 मिनट के अंतराल पर विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा चरणबद्ध स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे पूरे मार्ग पर लगातार उत्साह और ऊर्जा बनी रही। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अनुशासन, संगठन क्षमता और एकजुटता का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और विश्वास का प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष के. पी. श्रीवास्तव ने इस भव्य आयोजन के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी एकजुटता संगठन को मजबूत बनाती है और पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होती है।

## एक-एक पल का सदुपयोग करने से ही खुलेंगे प्रशस्ति के मार्गः अशोक

- एसआर इंटर कालेज एवं बालिका इंटर कालेज की वार्षिक गृह परीक्षाओं का पुरस्कार वितरण समारोह
- एकाग्रता, निरन्तरता एवं अनुशासन से ही मिलती असली सफलताः हसन

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



एसआर इंटर कालेज एवं एस.आर. बालिका इंटर कालेज उरई की वार्षिक गृह परीक्षाओं का पुरस्कार वितरण समारोह आज विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न हुआ। विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य रमाकान्त द्विवेदी ने बताया कि प्राइमरी वर्ग के 403, जूनियर वर्ग के 543, कक्षा नवम के 331 तथा एकादश के 371 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें से 97.3 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफ्लता प्राप्त की है। अपने सम्बोधन में प्रबंधक अशोक राठौर ने बच्चों से अपने एक-एक पल का सदुपयोग करने का सुझाव दिया। उन्होंने छात्रध्छात्राओं एवं उपस्थित उनके अभिभावकों से कहा कि शिक्षा क्षेत्र में हो रहे मूलभूत परिवर्तन के क्रम में बच्चों को स्कूली शिक्षा एवं स्वाध्याय के लिए बच्चों को अब पूरी तरह से तैयार रहना होगा तभी वह सफ्लता प्राप्त करेंगे।

आज सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में प्राइमरी वर्ग से कक्षा शिशु का छात्र मोहम्मद आबिस, जूनियर वर्ग से कक्षा अष्टम का छात्र रोहित, कक्षा नवम से शिवान्या गौतम एवं कक्षा एकादश में रितिका सिंह ने अपने-अपने वर्ग में टॉप किया एवं अंग्रेजी माध्यम में अतिशा ने प्राइमरी वर्ग में टॉप किया। कक्षा शिशु से ग्यारहवीं तक रिया, मो. यूसुफ़ सौरभ सविता, प्राची, रवि दौहरे, शबनूर मंसूरी, आयुष वर्मा, मयंक राय, समर सिंह कुशवाहा, मुहम्मद हसन, इसरा बानो, गुनगुन, रियांस दोहरे, गगनदीप गौतम, दिव्यांशु सोनी, दीप कुशवाहा, मु. हमजा खान, सचिन कुमार, कृष्णा कुमार, रोबिन कुमार, आलोक कुमार, हर्ष राज, सिमन सिंह, नैना पाल, यशी प्रजापति, प्रज्ञा गौतम, शिखा गौतम, प्यासी, पूर्वी, आदर्श श्रीवास्तव, लक्ष्मण सिंह, शोभित, सुभाष कुमार, लवी पटेल, शिवांश गौतम, प्रीति, निखिल कुमार, अभय, अंकुश कुमार, देव पटेल, अंकिता, वर्षा, अनुजिया, शाक्यवार, रितिमा सिंह एवं इंग्लिश मीडियम से कार्तिक पटेल, भाविका शर्मा, युवान पटेल, अविद्या, देवराज, प्रिया तिवारी, आदित्य पटेल, जानकी ने अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को पुरस्कार देते हुए विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार राठौर ने कहा कि आज बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु जरूरी है कि उनकी जिस किसी एक्टिविटी में रुचि हो उसमें अपनी सम्पूर्ण मेहनत लगाने की आवश्यकता है क्योंकि अब बहुआयामी प्रतिभा से बच्चों का भविष्य उज्जवल है। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम की व्यवस्था को संभालते हुए पुरस्कार वितरण में सहयोग के साथ अंकपत्र वितरित किये।

## मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में शिक्षा व संस्कार पर जोर

- रामश्री पब्लिक स्कूल में वार्षिक परिणाम व पुरस्कार वितरण समारोह

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**




रामश्री पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफ्ल घोषित कर पुरस्कार वितरण एवं अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया और शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व पर चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अनिल यादव तथा यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह रहे। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सीपी गुप्ता ने अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत करते हुए बताया कि विद्यालय हर वर्ष उत्कृष्ट ढंग से परीक्षाएं संपन्न कराता है और पूरे वर्ष के प्रदर्शन के आधार पर छात्रों को कक्षोन्नति दी जाती है। उन्होंने बताया कि सत्र 2026-27 की कक्षाएं 1 अप्रैल से प्रारंभ होंगी तथा पीजी से 12 वीं तक प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विद्यालय का उद्देश्य न्यूनतम फीस पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर पीजी से कक्षा 11 तक के छात्रों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। प्री-प्राइमरी, प्राइमरी और उच्च कक्षाओं के मेधावी छात्रों को मंच पर बुलाकर पुरस्कृत किया गया, जिससे अभिभावकों में भी उत्साह देखने को मिला। मुख्य अतिथि डॉ. अनिल यादव ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना आवश्यक है और इसमें अभिभावक व शिक्षक दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। वहीं यातायात प्रभारी वीरबहादुर सिंह ने कहा कि विद्यालय बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण का केंद्र होता है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य शैलेन्द्र सिंह सेंगर ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

### भंडारे में गए युवक की बाइक चोरी

जालौन (उरई)। भंडारे में गए युवक की बाइक बाइक चोर ले उड़े। पीड़ित की शिकायत के आधा महीने बाद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी पडैया निवासी धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि उनका भतीजा आदर्श बीती 15 मार्च को शनिधाम गूढ़ा न्यामतपुर आयोजित यज्ञ के भंडारे में गया था। यज्ञ परिसर बाहर भतीजे ने बाइक खड़ी कर दी। जब वह भंडारा खाकर वापस आया तो बाइक गायब थी। काफ़ी तलाश करने के बाद भी बाइक का कहीं पता नहीं चला। बाइक चोरी की सूचना यूपी 112 को दी। इसके बाद भी बाइक का पता नहीं चला तब उसने कोतवाली में तहरीर दी थी। लगभग 15 दिन बाद शनिवार को पुलिस ने अज्ञात बाइक चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

## विद्युत पोलों के आसपास पेड़ों की हुई छटाई



**कालपी (जालौन)।** विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता इंजीनियर महेंद्र नाथ भारती के निर्देशन में कालपी नगरीय क्षेत्र के विद्युत लाइनों तथा खम्बो के आसपास झाड़ झाड़ियों को हटाने का अभियान चलाया गया। विभागीय इंजीनियरों ने दावा किया है कि सफ्फाई हो जाने से लाइन में फाल्ट की घटना नहीं हो सकेगी। साप्ताहिक बंदी के कारण रविवार को एसडीओ धर्मेंद्र सिंह सचान, अवर अभियंता सत्य प्रकाश गौतम, अभिषेक धीर की देखरेख में मुख्य बाजार, टरननगंज, आलमपुर, फुल्ल पावर चौराहा, में विभागीय कर्मचारियों ने खम्बो तथा विद्युत लाइनों के आसपास उलझे तथा घिरे झाड़ झाड़ियों तथा पेड़ की टहनियों तथा डालें झाड़ झाड़ियां बनकर विद्युत खम्बो तथा तारों में उलझी हुई थी। जिससे समय समय पर फाल्ट हो जाते थे। रिंकू पोरवाल, अजय निगम, फ्हमीद, दिलीप आदि कर्मचारी अभियान में शामिल रहे।

# पनवाड़ी में स्वर्गीय दिनेश खरे की 14वीं पुण्यतिथि पर स्मृति समारोह आज

**पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।**



ग्रामीण पत्रकारिता के क्षेत्र में अमिट योगदान देने वाले स्वर्गीय श्री दिनेश खरे जी की 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक भव्य पुण्य स्मृति समारोह का आयोजन कल दिनांक 30 मार्च 2026, दिन सोमवार को प्रातः 10:00 बजे से मुस्कान वाटिका, महोबा रोड, पनवाड़ी में किया जाएगा। यह कार्यक्रम ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, जनपद महोबा की पनवाड़ी इकाई के तत्वाधान में आयोजित हो रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया ने बताया कि स्वर्गीय खरे जी का बुंदेलखंड क्षेत्र में संगठन को सशक्त और संगठित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने न केवल महोबा जनपद में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की मजबूत नींव रखी, बल्कि अपने आदर्शों, नैतिक मूल्यों और समर्पण से पत्रकारिता को नई दिशा प्रदान की। समारोह के दौरान स्वर्गीय खरे जी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही कार्यक्रम में पत्रकारिता में नैष्ठिक मर्यादा विषय पर एक परिचर्चा भी आयोजित की जाएगी, जिसमें जनपद के पत्रकार अपने विचार एवं अनुभव साझा करेंगे। जिलाध्यक्ष ने जनपद के सभी पत्रकार बंधुओं से विनम्र निवेदन किया है कि वे इस गरिमामय आयोजन में उपस्थित होकर स्वर्गीय दिनेश खरे जी को श्रद्धांजलि अर्पित करें तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए पत्रकारिता के उच्च मानकों को बनाए रखने का संकल्प लें। यह स्मृति समारोह न केवल एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम है, बल्कि पत्रकारिता के मूल्यों, सिद्धांतों और नैतिकता को पुनर्स्मरण करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है।

# भाषा साहित्य संस्कृति और कला के संरक्षण व संवर्धन के लिए गूगल से जुड़ना जरूरी

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** अवध भारती संस्थान और भारतीय भाषा संस्थान मैसूर कर्नाटक के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पाँच दिवसीय राष्ट्रीय अवधी कार्यशाला के चौथे दिवस बाराबंकी स्थित श्री गंगा मेमोरियल गर्ल्स पी जी कॉलेज पैसार में एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नीरज शुक्ला मुख्य कुलानुशासक के एम सी भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ ने कहा कि अवधी भाषा साहित्य संस्कृति और कला के संरक्षण तथा संवर्धन हेतु गूगल से जुड़ना जरूरी है। उन्होंने भारतीय भाषा संस्थान मैसूर तथा अवध भारती संस्थान द्वारा अवधी को गूगल की भाषा बनाए जाने हेतु किए



जा रहे संयुक्त प्रयासों की सराहना की। उन्होंने ये भी कहा कि के एम सी विश्वविद्यालय अवधी को विषय के रूप में पढ़ाने वाला भारत का पहला विश्विद्यालय बन गया है। मुख्य वक्ता डॉ सत्येन्द्र कुमार अवस्थी समन्वयक भारतीय भाषा संस्थान मैसूर कर्नाटक ने अपने सम्बोधन में कहा अवधी उत्तर भारत की प्रमुख भाषाओं में है अवधी भाषा, साहित्य, संस्कृति, कला अवध की पहचान है। अवधी गूगल की भाषा बने ये हम लोगों का प्रयास है। अध्यक्षता करते हुए मुख्य संयोजक डॉ रामबहादुर मिश्रा अध्यक्ष अवध भारती संस्थान उत्तर प्रदेश ने कहा कि अवधी को बचाना है तो सबको अवधी बोलना, अवधी पढ़ना, अवधी लिखना चाहिए। भाषा का संवर्धन और संरक्षण लेखन और बोलने से होता है। उन्होंने अपने द्वारा अड़तीस साल पूर्व शुरू किए गए अवधी अभियान पर गर्व व्यक्त किया और भारतीय भाषा संस्थान के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। श्री मिश्र ने के एम सी भाषा विश्वविद्यालय में इसी सत्र जुलाई से अवधी को विषय के रूप में पढ़ाये जाने वाले स्नातक पाठ्यक्रम में लोगों से प्रवेश लेने की अपील की। उक्त कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि डॉ ओंकार नाथ द्विवेदी सेवानिवृत्त प्रवक्ता सन्त तुलसी दास पी जी कॉलेज सुल्तानपुर, डॉ दिनेश कुमार सिंह, शैक्षिक समन्वयक वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय, डॉ विनय दास ने भी विचार व्यक्त किए।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत बरांवा गांव में शनिवार की देर रात पति पत्नी के बीच विवाद होने के बाद युवक द्वारा आत्महत्या के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने ऐसी किसी घटना की जानकारी से इंकार किया है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी प्रवेश कुमार 31 वर्ष का बीती रात किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया ।इसके थोड़ी देर बाद कमरे में गई पत्नी ने पति को गले में रस्सी के सहारे छत से लटके देखा।चीख पुकार करते हुए पत्नी ने अपने पति को बचाने का प्रयास किया। जिसके बाद पहुंचे आस-पड़ोस के लोगों ने कुंडे से लटक रहे युवक को नीचे उतारा।आनन-फानन में परिजन आधी रात को ही युवक को लेकर सीएचसी हैदरगढ़ पहुंचे।

## अध्यक्ष योगेश द्विवेदी ने चलाया सदस्यता अभियान

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के संरक्षक दादा स्कंद तिवारी के दिशा निर्देश पर विधानसभा अध्यक्ष योगेश द्विवेदी लंबरदार द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें आधा दर्जन से अधिक व्यापारियों ने सदस्यता ग्रहण की। अध्यक्ष योगेश



द्विवेदी ने बताया उनके लिए व्यापारी हित ही सर्वोपरि है निस्वार्थ भाव से व्यापारियों की सेवा करना उनका परम कर्तव्य है उन्होंने कहा कि व्यापारियों को 24 घंटे जब भी जरूरत पड़ती है तो पूरा संगठन उन व्यापारियों का साथ देता है और संगठन अपने व्यापारियों की हर संभव मदद करता है जिस प्रकार संगठन निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है यह संगठन के हर एक पदाधिकारी व सदस्य की मेहनत और लगन का नतीजा है। सदस्य अभियान में शामिल रहे अध्यक्ष योगेश द्विवेदी लंबरदार उपाध्यक्ष शादाब अहमद मीडिया प्रभारी विष्णु शुक्ला उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी विकास पांडे संगठन सलाहकार विशिष्ट पांडे एवं जीत बहादुर आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बीएलपीएस में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक परीक्षाफल वितरण व सम्मान समारोह

**सरेनी (रायबरेली)।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान बृजलाल यादव मेमोरियल पब्लिक स्कूल बेनी माधवगंज में रविवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं सम्मान समारोह बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा,अनुशासन और सांस्कृतिक समृद्धि का अद्भुत संगम देखने को मिला।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय खो-खो रेफरी सत्य प्रकाश तिवारी एवं विद्यालय के प्रबंधक डॉ. सुशील यादव द्वारा दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ।प्रधानाचार्य पवन कुमार ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया।कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे-मुन्ने बच्चों के




मनमोहक स्वागत गीत से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने नृत्य,गीत और लघु नाटिकाओं के माध्यम से रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि सत्य प्रकाश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं,बल्कि संस्कार,खेल और अनुशासन भी आवश्यक हैं। उन्होंने खेलों को आत्मविश्वास,नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। साथ ही अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के लिए केवल किताबों की शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है बल्कि सर्वांगीण विकास के लिए खेल भी बेहद जरूरी है।

# निराला महोत्सव में साहित्यकार सम्मान व ग्रंथों का हुआ विमोचन

- कार्यक्रम में कवियों ने सुनाई अपनी कविताएं
- काजल सिंह के गीत पर झूमे श्रोता

**समृद्धि न्यूज़, डलमऊ रायबरेली।** निराला महोत्सव के अवसर पर डलमऊ कस्बा स्थित निराला पार्क में साहित्यकार सम्मान एवं ग्रंथ विमोचन का आयोजन किया गया कवियों ने अपनी कविताओं से लोगों का मनोरंजन किया तथा साहित्यकारों को विभिन्न सम्मान के साथ नवाजा गया। डलमऊ कस्बे के निराला पार्क में आयोजित हुए निराला महोत्सव एवं साहित्यकार सम्मान समारोह में ग्रंथ विमोचन कार्यक्रम में महामंडलेश्वर देवेंद्रानन्द द्वारा रचित जीवन की पूंजी बैसवारा के प्रसिद्ध नगर डलमऊ का इतिहास इसके लेखक डॉक्टर आजेंद्र



प्रताप सिंह एवं बैसवारी की अमर प्रेम कथा मुल्ला दाऊद कृत चंदन समग्र समीक्षात्मक अनुशीलन तथा स्वामी गीतानंद गिरी द्वारा रचित जिंदगी के इस खेल में व रामनिवास पंथी द्वारा रचित अवधि बैसवारी की अंतरंग लोक कथाएं पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में यह मेरा बैसवारा पुस्तक का विमोचन हुआ। पूर्व कुलपति छत्तीसगढ़ डॉक्टर शिव वरुण शुक्ला को महापुराण सम्मान से नवाजा गया वहीं पवन कुमार सिंह को निराला स्मृति सम्मान तथा डॉ सुरंगम्मा यादव को मनोहरा देवी स्मृति सम्मान दिया गया काजल सिंह को सरोज सम्मान तथा मोहम्मद अकरम को मुल्ला दाउद सम्मान से नवाजा गया कुंवर कुणाल को चक्रवर्ती राजा डलदेव सम्मान तथा अनिल कुमार निलय को गीतकार जवाहर हिंदू स्मृति सम्मान दिया गया प्रोफेसर अविनाश सिंह को राजाराम भारती स्मृति सम्मान तथा रमेश भारती को के के चौधरी स्मृति सम्मान दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्रनंद गिरि जी महाराज ने की। कार्यक्रम में उपस्थित कवि डॉ महादेव सिंह ने 'सब्जा पर दुधारा धारी राणा को नमन राव रामबख्श सिंह खड़क धारी को नमन' गीत प्रस्तुत किया वहीं अंजनी कुमार सिंह ने 'जब जन्मदिन अपना मानना मृत्यु को भी याद कर दो चार अक्षत डाल देना' गीत प्रस्तुत किया वहीं सतीश कुमार सिंह 'संतानों से ज्यादा जब-जब सुंदरता हो जाएगी शिशुओं से उनके वायर रसों की कोमलता खो जाएगी' गीत प्रस्तुत किया गया आल्हा गायिका काजल सिंह ने खट खट खट खट तेगा बाजे, बाजे छपाक छपाक, तलवार

चले उन्नाबी और गुजराती ऊना चले बिलाइती क्यार,

बड़े बहादुर महुआ वाले जिनका पार काऊ ना पाये,

एक कण मारे दुई गिर जाए, तीसर ख़ौफ़ खाया मरी जाय आल्हा गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे दानवीर पूर्व विधायक डॉ सुरेंद्र बहादुर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि स्वामी भास्कर स्वरूप महाराज को आयोजक मंडल के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर पंडित बृजेश दत्त गौड नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ महादेव सिंह विनय भदोरिया अरुण कुमार सिंह हरिश्चंद्र बहादुर सिंह राम अग्रवाल सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर दिव्यानंद जी महाराज, स्वामी रामचैतन्य, रामगोपाल वैश्य, संदीप मिश्रा, पुनीत द्विवेदी, वीरेंद्र यादव, संदीप चौधरी, ऋतिक जयसवाल, राजेंद्र वैश्य सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सिंह इंटरप्राइजेज व ओंकार सिंह ट्रेडिंग कंपनी का हुआ शुभारंभ

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** नई विकास परियोजनाओं के साथ स्थानीय व्यापार



को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंटरप्राइजेज एवं ट्रेडिंग कंपनी का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।साथ ही आयोजित किसान सम्मेलन में ट्रैक्टर व कंपनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। ऊंचाहार क्षेत्र के जमुनापुर चौराहा निकट किशुनदासपुर में सिंह इंटरप्राइजेज (सिंह ऑटो) एवं ओंकार सिंह ट्रेडिंग कंपनी इंडो फार्म ट्रैक्टर एजेंसी का युवा लोग जनशक्ति के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धार्थ मिश्रा ने फीता काट कर शुभारंभ किया।ट्रेडिंग कंपनी के संचालक लोग जनशक्ति के जिला अध्यक्ष आदर्श सिंह ने सभी किसानों और अतिथियों का स्वागत किया।वही इंडो फार्म ट्रैक्टर कंपनी के टीएम करुणा शंकर तिवारी ने उपस्थित सभी किसानों को ट्रैक्टर व कंपनी के बारे में विस्तृत खूबियां बताई।संचालक आदर्श सिंह ने कहा कई मॉडल और हॉर्स पावर के साथ अत्यधिक ट्रैक्टर उपलब्ध है।किसान अपने बजट और जरूरत के अनुसार खरीद सकते हैं।इस मौके पर जनशक्ति पार्टी के प्रधान सचिव अभय सिंह राठौर,प्रदेश सचिव देवेंद्र तिवारी,महामंत्री अरविंद सिंह,जिलापाध्यक्ष के के मिश्रा, सनातन सेना प्रमुख वृजेंद्र फौजी, सवर्ण आर्मी जिला महासचिव अजय दिक्षित समेत तमाम क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### पंडित दीनदयालउपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का प्रथम सत्र सेवता विधानसभा में आयोजित

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी के तत्व आधार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत जिले की सेवता विधानसभा में प्रशिक्षण का प्रथम सत्र का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा जहांगीराबाद मंडल में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं को संबोधन किया गया उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य है कि भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता भारतीय राष्ट्रभक्त नागरिकों की भावनाओ पर संपूर्ण रूप से खरा उतरे। जिससे जनता जनार्दन का विश्वास पार्टी पर अनंत काल तक बना रहे और पार्टी भारत माता को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य में सफल हो उन्होंने आगे बताया भारतीय जनता पार्टी ही विश्व की मात्र एक ऐसी पार्टी है जो अपने कार्यकर्ताओं को कार्यकर्ता गुण के प्रशिक्षण एवं अनुशासन के साथ कार्य करने का तरीका सिखाती है इसी के तहत आज सेवता विधानसभा के सभी मंडलों में क्रमशः जहांगीराबाद सालपुर रामपुर मथुरा और रेउसा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जहां पार्टी द्वारा निर्धारित वक्ता कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को प्रशिक्षित कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री पटेल रेखा वर्मा जिला महामंत्री कार्यक्रम संयोजक सुधाकर शुक्ला जिला उपाध्यक्ष नैमिष रत्न तिवारी आदि ने प्रशिक्षण महाभियान को संबोधित किया। इस अवसर पर सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष एवं पार्टी द्वारा अपेक्षित पदाधिकारी ने उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## नकब के रास्ते चोरों ने पार किया शराब व नकदी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के देवकली चौराहा स्थित एक शराब की दुकान में शुक्रवार की रात चोरों ने नकब लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान की दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसे और काउंटर में रखे 45,170 रुपये नकद के साथ एक पेटी शराब उठा ले गए। घटना की जानकारी शनिवार सुबह उस समय हुई जब दुकानदार शुभम सिंह दुकान खोलने पहुंचे। दुकान के पीछे की दीवार टूटी देख उनके होश उड़ गए। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़ित दुकानदार ने थाना जगदीशपुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, प्रभारी निरीक्षक



धीरेन्द्र यादव ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। फिलहाल घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## पुलिस ने किया प्रदेशीय साइबर अपराधी गिरोह का पर्दाफाश

- दस मोबाइल व नकदी सहित पांच गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कमरौली से संबंधित 5 अभियुक्तों रोहित पुत्र अर्जुन निवासी चिनाकौड़ी बाजार थाना कुल्टी आसन सोल जिला वर्धमान पश्चिम बंगाल प्रान्त, उज्वल कुमार पुत्र बद्रीनारायण निवासी दरलाघाट थाना तीन पहाड़ जनपद साहबगंज झारखण्ड प्रान्त, नीतीश पुत्र हरीराम निवासी मकान नं. 09-10 चिनाकौड़ी बाजार थाना कुल्टी आसनसोल जिला वर्धमान पश्चिम बंगाल प्रान्त, राजा पुत्र मंगला निवासी निगाह भाटापाडा थाना जमुडिया जिला आसनसोल पंश्चिम बंगाल प्रान्त व रमेश पुत्र सुरेश निवासी नोनिया बस्ती




चिनाकुड़ी थाना कुल्टी आसनसोल जिला वर्धमान पश्चिम बंगाल प्रान्त को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त रोहित के पास से 2 मोबाइल व 1500 रुपये, उज्वल कुमार के पास से 2 मोबाइल व 1500/- रुपये, नीतीश के पास से 2 मोबाइल व 1000/- रुपये, राजा के पास से 2 मोबाइल व 1000/- रुपये तथा रमेश के पास से 2 मोबाइल व 1500/- रुपये बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि सभी एक साथ घूम टहलकर उत्तर प्रदेश के शहरों, कस्बों व बाजारों में किसी न किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन चोरी कर लेते हैं और वहां से तत्काल हट जाते हैं। चोरी किये गये मोबाइल को पश्चिम बंगाल ले जाकर संजय मण्डल नाम के व्यक्ति से मोबाइल का लॉक खुलवाकर उसी मोबाइल से यूपीआई अथवा अन्य नेट बैंकिंग प्लेटफार्म तैयार कराकर उसी नम्बर से जुड़े बैंक खाते से ऑनलाइन फ्रॉड कर के रुपये निकालकर हम लोग खर्च करते हैं।

## महिला थाना प्रभारी के प्रयास से दो दंपति पुनः साथ रहने को तैयार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु शनिवार को कंचन सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा पति पत्नी के बीच उत्पन्न समस्याओं को सुलझाते हुए एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसमें दो विवाहित जोड़े राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए तथा पुलिस को धन्यवाद दिया। जनपद पुलिस द्वारा उन्हें आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

## छापेमारी में चौदह सौ लीटर डीजल बरामद, कालाबाजारी की आशंका



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले में अवैध रूप से डीजल के भंडारण का बड़ा मामला सामने आया है। तहसील प्रशासन से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम पंचायत क्षेत्र भरेथा के पूरे गणेश में छापेमारी कर करीब 1400 लीटर डीजल बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार, 27 मार्च को उपजिलाधिकारी द्वारा दी गई सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच के दौरान पाया गया कि दयाराम यादव द्वारा अपने घर के पीछे ट्रॉली पर छोटे डिब्बों और बड़े प्लास्टिक ड्रमों में भारी मात्रा में डीजल संग्रहित किया गया था। पूछताछ में संबंधित व्यक्ति ने बताया कि उसने यह डीजल अपने ट्रैक्टर और अन्य कृषि उपकरणों के उपयोग के लिए खरीदा था। लेकिन इतनी बड़ी मात्रा में बिना लाइसेंस भंडारण करना नियमों के विरुद्ध पाया गया। आशंका जताई जा रही है कि डीजल का भंडारण कालाबाजारी के उद्देश्य से किया गया था। पुलिस ने मौके से बरामद डीजल को जब्त कर नजदीकी पेट्रोल पंप की सुपुर्दगी में देकर, साथ ही डीजल के नमूने को विधि विज्ञान प्रयोगशाला में जांच के लिए सुरक्षित कर लिया गया है। मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस ने पैदल गश्त करते हुए की संदिग्धों की चेकिंग



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शांति, सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु शनिवार को देर शाम जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में, 'मिशन शक्ति' नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं व बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा द्वारा कस्बा रामगंज में, क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र द्वारा थानाक्षेत्र शिवरतनगंज में एवं जनपद के थानों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने थानाक्षेत्र में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया तथा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, हाइवे, चौराहों, रेलवे स्टेशन एवं शराब की दुकानों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की चेकिंग की गयी।

# मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) : 'डर से दूरी, पुलिस से बात है ज़रूरी'

- पुलिस की पाठशाला में महिला सशक्तिकरण के बताये नियम, कानून व योजनाएं

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।**

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0(द्वितीय चरण) के तहत जनपदीय पुलिस को सक्रिय भागीदारी कर महिलाओं को जागरुक करने, उनके सशक्तिकरण एवम् सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में आज दिनांक 29.03.2026 को विभिन्न थानों की मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा ग्रामों में जाकर ग्राम चौपाल आयोजित की गयी इस दौरान मिशन शक्ति हेल्पलाइन नम्बरों एवं वर्तमान समय में चल रही विभिन्न लाभप्रद योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा कर जानकारी प्रदान की गयी। थाना इमलिया सुल्तानपुर मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा ग्राम हरिनाथपुर व रामपुर नयागांव में तथा थाना थानगांव टीम ने ग्राम पठानन पुरवा ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया व इस दौरान 1090( वूमेन पावर हेल्प लाइन नम्बर)1076(मुख्य मंत्री हेल्प लाइन नम्बर) 1098(चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर)112, 102, 108, 181, 1930 आदि नंबरों की जानकारी दी गई व सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, सामूहिक विवाह योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। थाना बिसवां मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मदरसा तालीम उल कुरान कस्बा बिसवां में तथा थाना थानगांव टीम ने ग्राम पठानन पुरवा ग्राम चौपाल/पुलिस की पाठशाला का आयोजन करते हुए महिला सुरक्षा/हित संबंधित विभिन्न कानूनो, योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। थाना मानपुर मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा ग्राम लक्ष्मनपुर तथा थाना महोली टीम ने फरीदपुर पंचायत भवन में ग्राम चौपालो में बालिकाओं व उनके परिजन से गुड टच बैड टच पर चर्चा करते हुए नाबालिग बच्चो की सुरक्षा हेतु बनाये गये विशेष एक्ट/नियमों की जानकारी दी गयी। थाना थाना सिधौली मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा रेलवे स्टेशन सिधौली तथा थाना महमूदाबाद टीम ने संकटा देवी धाम पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को थानो पर स्थापित महिला पुलिस चौकियों के बारे में बताया साथ ही साइबर अपराध संबंधित शिकायतो के ऑनलाइन निस्तारण प्रक्रिया को बताया गया। थाना बिसवां मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मगरहिया, थाना रामपुर कलां टीम ने ग्राम परदिनवा तथा थाना मछरेहटा,संदना, कमलापुर आदि अन्य समस्त थानों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिला सशक्तिकरण एवम् उनके उत्थान हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे निराश्रित महिला पेंशन योजना (विधवा पेंशन), निशुल्क सिलाई मशीन योजना आदि के विषय में बताया गया ताकि वे इन योजनाओं का समुचित लाभ प्राप्त कर सकें।

## चलती बाइक में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र मुसाफ़िर खाना के अंतर्गत रानीगंज बाजार में उस समय हड़कंप मच गया जब एक चलती बाइक में अचानक आग लग गई। मामला रानीगंज बाजार का बताया जा रहा है, जहां रोड पर चलती पल्सर बाइक देखते ही देखते धू-धू कर जलने लगी। बाइक चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई और मौके से दूर हट गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। घटना के बाद आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और हर कोई इस मंजर को देखकर हैरान रह गया।

## सचिव के द्वारा फर्जी भुगतान लगाने का आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग

**सीतापुर।** विकासखंड हरगांव में तैनात सचिव नौशाद अली के द्वारा अपनी ग्राम पंचायत वजीरपुर में फर्जी भुगतान लगाने का कार्य करते हुए नजर आ रहे हैं सचिव नौशाद अली के द्वारा अपनी ग्राम पंचायत से एक व्यक्ति आकाश कुमार के खाते पर लगभग 119200 का भुगतान लगाकर जमकर फर्जी वाला किया गया है जबकि सरकार और प्रशासन के द्वारा एक मजदूर की कीमत व मजदूरी 251 रुपए तय किया है जो इतना जोड़ा जाए तो पूरे साल में भी इतना भुगतान नहीं होगा इससे स्पष्ट होता है की सचिव फर्जी भुगतान लगाने का कार्य कर रहे हैं सचिव नौशाद अली के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025 26 के 15वें व 5वें वित्त से लगातार भुगतान लगाने का कार्य कर रहे हैं सचिव के द्वारा ग्राम




पंचायत से प्राइवेट कर्मचारी सचिन तिवारी के खाते पर लगभग एक वित्तीय वर्ष में 51000 का भुगतान लगा दिया गया जबकि सरकार और प्रशासन के द्वारा ऐसा कोई आदेश नहीं आया है कि ग्राम पंचायत में प्राइवेट कर्मचारी के नाम पर भुगतान लगाया जाए क्या विकास खंड के अधिकारी इस मामले पर निष्पक्ष जांच करके सचिव और प्रधान के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हैं या नोटिस देकर सिर्फ फाइल दबाने का कार्य किया जाएगा।

**क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी-** इस मामले में सहायक का अधिकारी हरगांव शिव वार्ता की गई तो उनके द्वारा बताया गया मामला संज्ञान में आया है सचिव को नोटिस देकर निष्पक्ष जांच की जाएगी जांच होने पर आगे की कार्रवाई भी की जाएगी।

# चार्जशीट दाखिल होने की जानकारी से स्वास्थ्यकर्मियों में मचा हड़कंप

▸ मामले को उजागर करने वाली स्टाफ नर्स को भी बना दिया आरोपी



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** सौ शैया अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों में उस समय हड़कंप मच गया, जब उन्हें जानकारी हुई कि पिछले दिनों बिना सर्जन के आपरेशन किए जाने वाले मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी गई। इसमें उस स्टाफ नर्स को भी आरोपी बनाया गया है, जिसने आपरेशन थिएटर का वीडियो बनाकर मामले को उजागर किया था। पिछले दिनों सौ शैया अस्पताल में बिना सर्जन के एक महिला का आपरेशन किया गया था। इस मामले की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने जांच के बाद चिकित्साधिकारी डॉ.विपिन सचान, उनके ड्राइवर धीरज सचान उर्फ वरदान, स्टाफ नर्स वंदना, अर्चना कटियार के अलावा मामले का वीडियो बनाकर उजागर करने वाली स्टाफ नर्स कामिनी को भी आरोपित बनाते हुए चार्जशीट दाखिल कर दी। इस मामले की जानकारी होते ही स्वास्थ्यकर्मियों में हड़कंप मच गया। यहां तक कि आरोपित बनाए गए स्वास्थ्यकर्मियों के चेहरों की हवाइयां उड़ गई। वहीं एक स्टाफ नर्स का रो-रोकर बुराहाल हो गया। ऐसे में अन्य कर्मचारियों ने किसी तरह उसे समझा बुझाकर धैर्य बंधाया। इस मामले को लेकर पूरे समय अस्पताल में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

**अस्पताल प्रशासन की लापरवाही, कर्मियों की मनमानी से बिगड़ा मामला**

सौ शैया अस्पताल में बिना सर्जन के हुए आपरेशन का वीडियो कई दिनों बाद वायरल हुआ था। स्टाफ नर्स कामिनी के मुताबिक उसकी रोस्टर के मुताबित आपरेशन थिएटर में ड्यूटी लगी हुई थी, लेकिन इसके बाद भी उसे न बुलाकर अन्य स्टाफ नर्सों व आउटसाइडर को बुलाकर बिना सर्जन के आपरेशन किया गया था। स्टाफ नर्स ने इस मामले की शिकायत उसी दिन अस्पताल प्रशासन से भी की थी, लेकिन इस पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। यहां तक कि उल्टा उसे ही धमकाया गया था और उसकी ड्यूटी ओटी से हटा दी गई थी। जिससे आहत होकर उसने वीडियो वायरल कर दिया था। यदि उसी दौरान अस्पताल प्रशासन इस मामले को संज्ञान में ले लेता, तो शायद यह मामला इतना नहीं बिगड़ता।

**कई बार उपमुख्यमंत्री से भी हुई थी शिकायत**

बिना सर्जन के हुए आपरेशन के मामले को इतना तूल दिया गया कि उच्चाधिकारियों के साथ-साथ इस मामले की कई बार उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशवप्रसाद मौर्य के अलावा कई कैबिनेट मंत्री व राज्यमंत्रियों से भी भारतीय हलधर किसान यूनियन द्वारा शिकायत की गई थी।

# अरुणा शाक्य के नेतृत्व में 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भाजपा की जिला मंत्री अरूणा शाक्य ने बूथ संख्या 200-201 मोहल्ला सराफान सावित्री पांडेय के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 132वें संस्करण का उत्साहपूर्वक सामूहिक श्रवण कराया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने देशवासियों से संवाद करते हुए कहा कि राष्ट्र की प्रगति में हर नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण, युवा शक्ति के नवाचार, महिलाओं के सशक्तिकरण तथा सामाजिक एकता पर जोर दिया। पीएम ने विभिन्न क्षेत्रों में हो रही उपलब्धियों और आम लोगों की प्रेरणादायक कहानियों को भी साझा किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने पीएम के संदेशों को गौर से सुना तथा उन्हें अपने दैनिक जीवन में उतारने का संकल्प लिया। अरूणा शाक्य ने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री ने जन-जन तक पहुंचकर राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा दी है। यह कार्यक्रम न केवल सूचना का माध्यम है, बल्कि सामूहिक चेतना और सकारात्मक सोच को मजबूत करने का अनोखा प्लेटफॉर्म भी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर बूथ स्तर पर ऐसे सामूहिक श्रवण से पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों में नई ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर सावित्री पांडेय, उषा उपाध्याय, मोहिनी दुबे, सुमन बाथम, नीतू बाथम, ममता सक्सेना, अर्चना बाथम, ज्योति सक्सेना, प्रीति दुबे और लिटिल आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।



## खोखा दुकान का ताला तोड़कर नकदी व सामान चोरी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** थाना क्षेत्र के प्रेमपुर गांव में एक छोटी दुकान (खोखा) में चोरी की घटना सामने आई है। दुकानदार राम मोहन तिवारी पुत्र भवानी प्रताप तिवारी ने प्रेमपुर चौकी प्रभारी को शिकायत में बताया कि बीती रात अज्ञात चोरों ने उनके सुल्तानपुर फरीदपुर रोड स्थित खोखे का ताला तोड़कर चोरी घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि सुबह दुकान खोलने पर उन्होंने देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने गोलक से लगभग 200 रुपये, कॉपी-किताबें, मसाला, साबुन और अन्य परचून का सामान चुरा लिया। राम मोहन ने चौकी प्रभारी से मामले की तुरंत जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## वीरेंद्र पब्लिक स्कूल में वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह आयोजित




**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।** वीरेंद्र पब्लिक स्कूल, देवबरमपुर में वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अभिभावकों के स्वागत के साथ हुई। कक्षा अध्यापकों ने अभिभावकों को विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन, उपस्थिति, अनुशासन और समग्र विकास की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही व्यक्तिगत संवाद के माध्यम से प्रत्येक बच्चे की प्रगति और सुधार के क्षेत्रों पर चर्चा की गई। समारोह में विद्यार्थियों को उनके रिपोर्ट कार्ड सौंपे गए और उनके वर्षभर के प्रयासों की सराहना की गई। टॉप अचीवर्स को विशेष सम्मानित किया गया, जिसमें कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र व ट्रॉफी प्रदान की गई। साथ ही प्रत्येक कक्षा में सर्वाधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक विमलेश दुबे एवं निदेशक अखिलेश दुबे ने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य मो. आसिम मंसूर ने अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के समर्पण की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया। अभिभावकों ने विद्यालय की पारदर्शी मूल्यांकन प्रणाली और शिक्षण पद्धति की सराहना की तथा संतोष व्यक्त किया।

कार्यक्रम में 1 अप्रैल 2026 से नए शैक्षणिक सत्र शुरू होने की घोषणा भी की गई। समारोह का कुशल संचालन श्रीमती वंदना शर्मा एवं सुश्री अनुषा पाठक ने किया।

## ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में भव्य ग्रेजुएशन डे समारोह



**छिबरामऊ, कन्नौज।** गीतापुरम कॉलोनी स्थित ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में ग्रेजुएशन डे समारोह आयोजित किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी अतिथियों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तालग्राम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह गौर ने कहा ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कारों की पाठशाला है। विशिष्ट अतिथि श्री राम कथा वाचक आचार्य प्रशांतानंद ने बच्चों को प्रारंभ से ही संस्कारयुक्त शिक्षा देने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि छोटू महाराज सिनेमा के स्वामी शान्तनु दुबे ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। विद्यालय के एमडी रामानंद वर्मा ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही हमारी प्राथमिकता है। इन कार्यक्रमों से बच्चों का आत्मविश्वास और व्यक्तित्व निखरता है। निदेशक हिमांशु वर्मा ने बताया कि प्री-प्राइमरी के सभी बच्चों को ज्ञाना चैंपियन के मेडल दिए गए। प्राइमरी सेक्शन कक्षा 1 में अक्षिता दुबे प्रथम, गर्वित गुप्ता द्वितीय एवं क्रिशा अरोड़ा तृतीय रही। कक्षा 2 में ईशान्वी दुबे प्रथम, याम्या वर्मा द्वितीय एवं मानवी दुबे तृतीय रहीं। कक्षा 3 में प्रवरा मिश्रा प्रथम, शिवाज्ञा मिश्रा द्वितीय एवं दिव्यांशी यादव तृतीय स्थान पर रहीं। प्रिंसिपल रूबी मिश्रा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कमर्शियल गैस संकट से रेस्टोरेंट, मिठाई व्यवसाय ठप

**छिबरामऊ (कन्नौज)।** कमर्शियल गैस सिलेंडर की भारी कमी से यहां का रेस्टोरेंट व्यवसाय पूरी तरह चौपट हो गया है। ठेली लगाकर चाट-पकौड़ी व फास्ट फूड बेचने वाले कई छोटे व्यापारी बेरोजगार हो गए हैं, जबकि मिठाई की दुकानों पर भी गहरा असर पड़ा है। कुछ मिठाई विक्रेताओं ने मजबूरी में कोयले और लकड़ी की भट्ठियों का सहारा ले लिया है। अप्रैल से जुलाई तक शादियों के मुहूर्त होने के बावजूद गैस सिलेंडर न मिल पाने से लोग बेहद परेशान हैं। धार्मिक कार्यों में आयोजित होने वाले भंडारों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष वीर गोयल ने कहा कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने से पूरे व्यवसाय पर खासा असर पड़ा है। कई रेस्टोरेंट संकट की स्थिति में पहुंच गए हैं और कर्मचारियों की नौकरियां भी प्रभावित हो रही हैं।



सियाराम स्वीट्स के जयपाल वर्मा ने बताया कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिला तो अब कोयले और लकड़ी की भट्ठी का उपयोग शुरू कर दिया है। इससे खर्च बढ़ गया है और स्वाद में भी फर्क पड़ रहा है, लेकिन मजबूरी है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा बाजार में फास्ट फूड और चाट-पकौड़ी बेचने वालों को जिला प्रशासन 5 किलो वाले छोटे कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए, ताकि उनके जीवन-यापन का खर्च चल सके। मेरी जानकारी में ऐसे कई लोग बेरोजगार होकर घर बैठ गए हैं। प्रशासन को तुरंत हस्तक्षेप कर इस समस्या का समाधान करना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि कन्नौज की तरह यहां पर भी पाइपलाइन से पीएनजी की सप्लाई घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में की जाए।

## खबरें एक नजर में

### 'मन की बात' से प्रेरणा, समय पालन पर सख्त संदेश

**कन्नौज।** सदर तहसील की रुदौली ग्रामसभा में रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने के बाद विकास और अनुशासन को लेकर बड़ा संदेश दिया गया। वक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरित होकर गांव को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया गया है। मछली पालन, सोलर ऊर्जा और ग्रामीण विकास जैसे विषयों पर चर्चा करते हुए सामुदायिक केंद्र निर्माण और कई सड़कों की स्वीकृति की जानकारी दी गई। सीसी रोड का काम भी जल्द गुणवत्ता के साथ कराने की बात कही गई। समय पालन को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा गया कि अब सरकारी कार्यालयों में लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं होगी। अस्पताल, विद्यालय, डॉक्टर और शिक्षक समय पर उपस्थित रहें, इसके लिए निरीक्षण किया जाएगा। लापरवाही की शिकायत के लिए 1077 कमांड सेंटर का हवाला देते हुए कहा गया कि हर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई होगी। राजनीतिक मोर्चे पर भी बयान तीखा रहा। अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा गया कि वे कन्नौज में नियमित रूप से आएं और अपने कार्यकाल का हिसाब दें। आरोप लगाया गया कि सांसद क्षेत्र में कम दिखाई देते हैं, जिससे जनता को उनसे मिलने में परेशानी होती है।



### आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1584 मरीजों का हुआ उपचार

**कन्नौज।** जनपद के 32 ग्रामीण और चार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता के निर्देशन में आयोजित मेले का नोडल अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार शुक्ला व अन्य अधिकारियों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मेले में मरीजों को निःशुल्क जांच, परामर्श और उपचार उपलब्ध कराया गया। बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार कल्याण परामर्श, हेपेटाइटिस बी व सी की जांच, टीबी की स्क्रीनिंग, नेत्र परीक्षण सहित अन्य बीमारियों की जांच की गई। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, मेले में कुल 1584 मरीजों (738 पुरुष, 615 महिलाएं व 231 बच्चे) को उपचार मिला। इस दौरान 123 गोल्डन कार्ड बनाकर वितरित किए गए। सभी केंद्रों पर चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ की पर्याप्त तैनाती रही, जिससे मरीजों को समय पर सेवाएं मिल सकीं। अधिकारियों ने बताया कि आरोग्य स्वास्थ्य मेला आमजन को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ ही रोगों की समय पर पहचान में सहायक साबित हो रहा है। लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचने की अपील की गई है।



# वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय पौल का निधन

▸ बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला पीपल वाली गली निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय पौल का रविवार सुबह अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे 67 वर्ष के थे। दिवंगत संजय पौल प्रदेश कांग्रेस कमिटी (पीसीसी) सदस्य, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव, भारतीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन ट्रस्ट के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश कौमी तंजीम के प्रदेश उपाध्यक्ष थे। उनके बड़े भाई विद्यासागर पौल ने बताया कि रविवार सुबह करीब 4:30 बजे सोते समय उन्हें दिल का दौरा पड़ा। उन्हें तुरंत सौ शैया अस्पताल ले जाया गया, जहां दूसरा अटैक पड़ने के बाद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनका पार्थिव शरीर सोमवार सुबह फर्रुखाबाद स्थित चर्च के लिए रवाना होगा, जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा। एमसीएमआर ग्रुप के गौरव अमर त्रिपाठी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सामाजिक मंचों में संजय पौल की सक्रियता सदैव स्मरण रहेगी।

**कांग्रेसियों ने पार्टी झंडा ओढ़ाकर दी भावभीनी श्रद्धांजलि**

जिलाध्यक्ष मो. शाकिर हुसैन एडवोकेट ने पार्टी का झंडा ओढ़ाकर पुष्प माला अर्पित की और जिला कांग्रेस में उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर एआईसीसी सदस्य राजेश द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष ऊषा दुबे, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शाक्य, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार दुबे पप्पू, हरि शंकर मिश्र एडवोकेट, पुष्पेंद्र पांडेय, जिला महासचिव अमोल दीक्षित, शशिकान्त गुप्ता, जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे, कांग्रेस सेवा दल बुंदेलखंड जोन के उपाध्यक्ष देवकीनंदन दुबे मुन्ना, आसाराम यादव, राजीव अग्निहोत्री, धर्मेंद्र सविता, आशीष चौहान, मेराज वारसी, मो. आमिर अंसारी, आरटीआई जिलाध्यक्ष बहार कुरैशी, जिला महासचिव सौरभ त्रिपाठी, राजीव गांधी विचारक मंच के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे, ओबीसी जिलाध्यक्ष रमाकांत कटियार, निःसक्त जन जिलाध्यक्ष आकाश कटियार, सलमान खान, प्रबल प्रताप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व स्थानीय लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## कन्नौज में आज से शुरू होगी गेहूं खरीद 15 जून तक चलेगा अभियान



**कन्नौज।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत गेहूं खरीद अभियान 30 मार्च से शुरू होकर 15 जून तक चलेगा। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित बैठक में खरीद तैयारियों की समीक्षा की गई। डीएम ने बताया कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जबकि 20 रुपये प्रति क्विंटल उतराई-छनाई के लिए अतिरिक्त दिए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी क्रय केंद्रों पर खरीद प्रक्रिया पारदर्शी और किसान हितैषी हो तथा बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त रहे। जनपद में कुल 41 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें खाद्य विभाग के 15, पीसीएफ के 23 और एफसीआई के तीन केंद्र शामिल हैं। सभी केंद्र सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होंगे। किसानों की सुविधा के लिए बैठने, पेयजल और छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## फांसी के फंदे से लटका मिला 21 वर्षीय विवाहिता का शव, हत्या का आरोप

**कन्नौज।** एक 21 वर्षीय विवाहिता महिला का शव उसके ससुराल स्थित घर पर संदेहास्पद परिस्थितियों में मिलने की खबर पर परिजनों में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, फर्रुखाबाद जिले के एक गांव निवासी सोनाली की शादी करीब डेढ़ साल पूर्व तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी मनोज कुमार के साथ हुई थी। बीते शनिवार को सोनाली का शव उसके ससुराल स्थित आवास पर एक कमरे में फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। मामले की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई तो सोनाली को तिर्वा मेडिकल कॉलेज लाया गया, यहां डाक्टरों ने विवाहिता को मृत घोषित कर दिया। सोनाली की मौत पर परिजनों में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना पर पुलिस बल और मृतिका के मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंचे। मायके पक्ष के लोगों ने सोनाली के परिजनों पर हत्या कर शव फांसी के फंदे से लटका दिया जाने का आरोप लगाया है। मृतिका के शव पर परिजनों के करुण क्रंदन का सिलसिला जारी था। मामले में कोतवाली पुलिस ने विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि, मामले की जांच पड़ताल जारी है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जा सकेगी।



## उच्च न्यायालय के निर्देश पर सरस्वती विद्या मंदिर की प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न

**कन्नौज।** उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार रविवार को तिर्वा के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज/सरस्वती शिक्षा परिषद की विद्यालय प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न हो गया।

बताते चलें कि, तिर्वा नगर स्थित उपरोक्त विद्यालय में आयोजित चुनावी प्रक्रिया विद्या भारती कानपुर प्रांत के प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद के मार्गदर्शन में संपन्न कराई गई।

इसमें भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत से चुनाव अधिकारी के रूप में रवि शंकर चौहान, कानपुर के दामोदरनगर से प्रधानाचार्य और पर्यवेक्षक के रूप में रत्नेश अवस्थी, जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक शिवमोहन कुशवाहा प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल गंगधरापुर, विद्यालय प्रबंध संचालक सुनील चतुर्वेदी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज भोजपुर निगोह, के अलावा साधारण सभा के सदस्यों के मतों के आधार पर चुनावी प्रक्रिया को सम्पन्न कराया गया।



विद्यालय में संपन्न हुई चुनावी प्रक्रिया के बाद चुनाव परिणाम की घोषणा में विद्यालय प्रबंध समिति के लिए डा. के.पी.विश्वास को प्रबंध समिति का अध्यक्ष, डा. हर स्वरूप गुप्ता एवं नरेश चंद्र कटियार को उपाध्यक्ष, त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी को प्रबंधक, योगेश कुमार गुप्ता को सह प्रबंधक एवं ध्रुव प्रताप सिंह को कोषाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचन की घोषणा की गई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि, विद्यालय में संपन्न हुई प्रबंध समिति की चुनावी प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी और लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुई।

इस दौरान मौके पर प्रांत संघ चालक भवानी भीख सिंह, योगेश गुप्ता, तिर्वा नगर के पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, दीपू गुप्ता सहित अन्य संबंधित लोग मौजूद रहे।

नवनिर्वाचित प्रबंध समिति के पदाधिकारियों को चुने जाने पर बधाईयों और शुभकामनाएं दिए जाने का सिलसिला जारी रहा।

## मजदूरों के लिए शराब लेकर लौट रहे ग्रामीण को हमलावरों ने पीटकर किया घायल

**कन्नौज।** मजदूरों के लिए शराब ठेका से शराब लेकर वापस लौट रहे एक ग्रामीण युवक पर हमलावरों ने हमला बोलकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के शुक्लनपुर्वा गांव निवासी राजेश पुत्र धर्मप्रकाश शुक्ला बीते शनिवार की रात नौ बजे के करीब भदौसी गांव स्थित देशी शराब ठेके से मजदूरों के लिए शराब लेने गए था। जैसे ही राजेश शराब खरीदने के बाद वापस घर की ओर लौटने के लिए रवाना हुआ कि, इसी दौरान वहां पहले से मौजूद हमलावरों ने युवक को घेरने के बाद उस पर हमला बोल दिया। हमले में लात घूसो और लाठी डंडों से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# शिक्षक संघ के पुरोधा की शोक सभा में उमडा जन सैलाब

▸ चित्र पर फूलमाला अर्पण कर हज़ारों लोगो ने दी श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज।**

माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री पूर्व जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव प्रमुख समाजसेवी शिक्षक संघ के पुरोधा के विचारों को कभी बुलाया नहीं जा सकता श्री कृष्णा यादव शिक्षकों के बीच हमेशा अमर रहेंगे। रविवार को सरदार पटेल इंटर कॉलेज कचाटीपुर इंदरगढ़ में आयोजित शिक्षक संघ के पुरोधा प्रमुख समाजसेवी श्री कृष्णा यादव की शोक सभा में प्रमुख वक्तताओ ने अपने विचार प्रकट किये। प्रदेश के कई जनपदों से आए शिक्षक संघ के नेताओं ने स्वर्गीय श्री कृष्ण यादव की जीवन शैली पर प्रकाश डाला और उनके विचारों को प्रकट किया इससे पूर्व श्री कृष्ण यादव के चित्र पर फूलमाला अर्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज विद्यालय के प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया प्रधानाचार्य राजीव कटियार शिक्षक संघ के महामंत्री डॉ एमके भारती राजेश कुमार यादव अंकित पांडे सुशील तिवारी मोहम्मद तौकीर राजा मुनेश्वर सिंह अमित कुमार अंबेडकर नगर साध्येस सिंह सेंगरऔरैया मोहित यादव औरैया हेमसिंह गौर कानपुर नगर राजेश तिवारी कानपुर ठाकुर प्रसाद यादव कानपुर देहात राजा राम दिवाकर विमलेंद्र सिंह कुशवाहा विमल यादव अंकित यादव नवाब सिंह यादव कृष्ण प्रताप यादव देश रानी यादव प्रमोद कुमार नीरज कुमार आनंद कुमार युवराज यादव बजरंग सिंह चौहान मौजूद रहे।



# शिक्षा सामाजिक और आर्थिक विकास का आधार है : आसिफ जमाल

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज।** शिक्षा व्यक्तिगत सामाजिक और आर्थिक विकास का आधार है यह ज्ञान कौशल आत्मनिर्भरता और चरित्र निर्माण के साथ-साथ सही और गलत का भेद सिखाती है। उपरोक्त बातें रविवार को क्षेत्र के मुरादगंज रॉयल गेस्ट हाउस के निकट स्थित एमएनबी एजुकेशन सेंटर का उद्घाटन करते हुए गुरसहायगंज नगर पालिका से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे आसिफ जमाल उर्फ पप्पी ने कहीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा इंसान की बुद्धि के विकास आलोचनात्मक सोच चरित्र निर्माण और आत्मविश्वास को बढ़ाकर एक बेहतर इंसान बनाती है इसलिए हम सभी लोगों को अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलानी चाहिए जिससे उनका भविष्य संभल सके और वह राष्ट्र निर्माण मे अपनी भागीदारी कर सकें। इस अवसर पर मझपुर्वा के पूर्व प्रधान वकील अहमद सिद्दीकी मिरगावां से प्रधान पद के संभावित प्रत्याशी शाहिद जमाल उर्फ राजू संस्था के मैनेजर मो0 जुबैर सचिव मो0 परवेज समीम खान चंदा नसीम अख्तर प्रोफेसर आफताब अहमद मो0 शोएब अजहर खान मो0 सलीम फैयाज खान फरहान शमशाद गुलाम जिलानी मो0 जावेद इस्तखार सिद्दीकी मौलाना महताब सहित कई लोग मौजूद रहे।



# डीएम के निर्देश पर पकड़ा गया अवैध खनन

- मौके पर 5082 घन मीटर मिट्टी का खनन पाया गया, ट्रैक्टर पकड़ा
- राजस्व टीम से करायी जा रही पैमाइश


अवैध खनन के दौरान ट्रैक्टर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध खनन/ परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध खनन पाये जाने पर एक ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लिया। वैसे तो देखा जाये कि जिले में कहीं न कहीं खनन माफिया मौकादेखकर खनन करते लगते है। जिन स्थानों पर जिलाधिकारी की नजर तेड़ी हो जाती है वहां पर कार्यवाही दिखायी देती है, लेकिन जिन स्थानों पर खनन अधिकारी व स्थानीय पुलिस तक जानकारी रहती है। खनन माफियाओं पर कार्यवाही होने की संभावना कम रहती है। इसी के चलते कुछ स्थानों पर रात के अंधेरे में खनन बिना किसी डर के होते देखा जा सकता है। मामला जब जिलाधिकारी के संज्ञान में आता है तो कार्यवाही होती है। जिलाधिकारी के आदेदश पर थाना कम्पिल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुल्तानपुर पलनापुर में खनन अधिकारी एवं थाना प्रभारी मय पुलिस बल द्वारा संयुक्त छापेमारी की गई। खनन स्थल पर बिना वैध अनुमति के एक ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर थाना कम्पिल की अभिरक्षा मे दिया गया है। अवैध खनन की पैमाइश राजस्व टीम से करायी जा रहा है। खनन की पैमाइश में खनन 42मी लम्बाई वाई 22मी चौड़ाई, वाई 5.5मी गहराई में कुल 5082 घन मीटर मिट्टी का खनन पाया गया। बताते चले कि कम्पिल क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन के क्षेत्र में हमारे समाचार पत्र में कई दिन पहले अवैध खनन के संदर्भ में समाचार प्रकाशित किया गया था।

## छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज होते ही पीड़ित परिवार पर हमला

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना राजेपुर क्षेत्र के एक ग्राम में नाबालिग बालिकाओं से छेड़छाड़ का मामला अब कानून.व्यवस्था पर बड़ा सवाल बनकर उभरा है। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज किए जाने के महज एक दिन बाद ही दबंगों ने पीड़ित परिवार पर हमला कर दिया। इस घटना ने न सिर्फ अपराधियों के बढ़ते हौसलों को उजागर किया है, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान की प्रभावशीलता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जानकारी के अनुसार एक महिला ने थाना राजेपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि हमीरपुर सोमवंशी निवासी अरुण सिंह पुत्र गया सिंह पिछले करीब एक वर्ष से उसकी नाबालिग पुत्रियों का पीछा कर रहा था। वह आए दिन घर के आसपास मंडराता, रास्ते में अश्लील इशारे करता और अभद्र टिप्पणियां करता था। कई बार विरोध करने के बावजूद आरोपी की हरकतों में कोई कमी नहीं आई, जिससे पूरा परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया, लेकिन इसके अगले ही दिन दबंगों ने घात लगाकर पीड़ित बच्चियों के पिता पर हमला कर दिया और मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया। बढ़ती आपराधिक घटनाओं ने लोगों में भय का माहौल बना दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि अपराधियों के खिलाफसख्त कार्रवाई न होने से उनके हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। घटना के बाद ग्रामीणों का गुस्सा थाना स्तर पर भी फूट पड़ा है। लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते सख्ती दिखाई जाती, तो आरोपी पक्ष इतनी बड़ी घटना को अंजाम देने की हिम्मत नहीं करता। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक व मोपेड की टक्कर, किशोर की मौत


घटना स्थल पर पड़े घायल

- समय पर एंबुलेंस न पहुंचने से किशोर ने तोड़ा दम

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम राजपुर गुडेरा संपर्क मार्ग पर स्थित अमैयापुर पुलिया के निकट रविवार को लगभग 12:15 बजे बाइक और मोपेड की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस को कई बार फोन किया, लेकिन एक घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंच सकी। इसके बाद परिजन घायलों को निजी वाहन से राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालत गंभीर होने पर दोनों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। लोहिया अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद अखिलेश पुत्र छविनाथ की हालत नाजुक देखते हुए उसे कानपुर के हैलट अस्पताल के लिए रेफर किया गया, लेकिन कन्नौज के पास पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार मृतक अखिलेश पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसका बड़ा भाई विमलेश गांव में ही उसके साथ रहता है, जबकि अन्य भाई मोतीलाल, सुधीर और विमल अपने माता-पिता छविनाथ व गुड्डी देवी के साथ गुजरात में मजदूरी करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही माता-पिता भी गुजरात से गांव के लिए रवाना हो गए हैं। हादसे में घायल दूसरे युवक जैतपाल निवासी कालिकागंज, थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर का इलाज लोहिया अस्पताल में चल रहा है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। थानाध्यक्ष रक्षा सिंह ने बताया कि घायल युवक की मौत की सूचना प्राप्त हुई है और मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही।

# विद्युत तार ग्रिल में छूने से महिला बुरी तरह झुलसी, रेफर

- छह माह पूर्व भी तार टूटने पर स्थानीय लोगों ने नया पोल लगवाने की थी मांग


अस्पताल में भर्ती महिला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विद्युत विभाग की लापरवाही से बड़ा हादसा हो गया। जसमई निवासी एक महिला गंभीर रुप से जलकर झुलस गयी। जिसे उपचार के लिए लोहिया अस्पताल ले जाया गया। हालत बिगड़ने पर उसे रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार जसमई चौराहा बाईपास निवासी अमिता दीक्षित पत्नी संतोष दीक्षित रोज की भांति रविवार सुबह सूर्यदेव को जल चढ़ाने के लिए अपनी छत पर गयी थी। उनके छत के आगे से 33 हजार का हाईटेंशन तार निकला है। जल चढ़ाते समय विद्युत फाल्ट होने से तार टूटकर उनके मकान के ग्रिल पर गिर गया। जिससे पूरी छत पर करंट फैल गया और महिला बुरी तरह झुलस गयी। चीखपुकार की आवाज सुनकर परिजन पहुंचे और विद्युत सप्लाई बंद करवायी। महिला के पति संतोष दीक्षित ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि 6 माह पूर्व भी इस लाइन में फाल्ट हो गया था और तार टूट गया था। जिस पर सभी मोहल्लेवासियों ने दूसरा पोल लगाकर लाइन को ऊंचा कर बांदे जाने की मांग की थी। उस समय विद्युत विभाग की ओर से खाली आश्वासन दिया गया था, लेकिन विद्युत लाइन को ऊंचा नहीं किया और वहीं पर छोड़ दिया गया। जिससे रविवार को यह घटना घटित हो गयी और मेरी पत्नी गंभीर रुप से झुलस गयी। उसे उपचार के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। संतोष ने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी घटना घटित हो जाने के बाद भी कोई भी विद्युत विभाग का अधिकारी मौके पर नहीं आया। वहीं इस संदर्भ में जेई ने बताया कि घटना की जानकारी होने पर मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। जेई के अनुसार महिला बंदर को डंडे या पाइप से भगा रही थी, तभी हो सकता है तार छू गया हो और छह माह पूर्व जो शिकायत मोहल्ले वालों ने की थी। तार ऊंचे व टाइट कराकर समस्या का समाधान कर दिया गया था।

## खबरें एक नजर में

### विवाद होने पर परिजनों में चले लाठी-डंडे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला पुराना गनीपुर निवासी महिला का शनिवार रात अपनी सास से किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर सास व उसके परिजनों ने महिला को गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। जिसकी सूचना महिला ने अपने मायके में दी। मायके से आये लोगों ने सास व परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन सास व उसके परिजन विवाद करने लगे। विवाद बढ़ने पर एकाएक दोनों पक्षों में लाठी-डंडे व ईट पत्थर चलने लगे। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

### 31 मार्च को रेल मंत्री का फूंका जायेगा पुतला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन स्वराज संगठन के द्वारा 31 मार्च मंगलवार को समय 12 बजे शमशाबाद स्टेशन पर 15040 और 15041 ट्रेनों के ठहराव न होने के विरोध में रेल मंत्री का पुतला फूंका जाएगा तथा रेल मंत्री संबोधित ज्ञापन किसी भी सक्षम अधिकारी को दिया जाएगा। यह जानकारी भाकियू स्वराज के जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने दी है।

### आपरेशन मुस्कान के तहत दो बालिकाओं को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने गुम दो बालिकाओं को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

बीते दिन बाजार घूमने गई दो नाबालिग बालिकाओं के घर वापस न लौटने की सूचना पर थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत तत्काल टीम गठित कर पुलिस की सक्रियता और त्वरित कार्यवाही के चलते गुमशुदगी की सूचना मिलने के मात्र 06 घण्टे के भीतर दोनों बालिकाओं को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस की इस तत्परता की परिजनों और आमजन द्वारा काफी प्रशंसा की जा रही है।

### प्रा.वि. हजरतपुर बना निपुण, डीएम व बीएसए ने किया स□मानित

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय हजरतपुर ने निपुण भारत मिशन के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा किए गए असेसमेंट में विद्यालय के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मानकों को पूरा किया। जिसके बाद विद्यालय को निपुण विद्यालय घोषित कर दिया गया। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय परिवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने विद्यालय के शैक्षणिक स्तर और शिक्षकों की मेहनत की सराहना की। इस सफलता से क्षेत्र के शिक्षकों और अभिभावकों में हर्ष का माहौल है।

# महिला से कुंडल लूटने वाला आरोपी व बाल अपचारी गिरफ्तार


घटना का खुलासा करते अपर पुलिस अधीक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ कोतवाली के क्षेत्र विजाधरपुर में एक महिला के साथ लूट की घटना को अंजाम देने वाले एक बाल अपचारी सहित पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही से लूट के दो कुंडल व घटना में प्रयोग की गई बाइक को बरामद किया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 मार्च को वादी संतोष पाल पुत्र रामसरन पाल द्वारा सूचना दी गई कि अज्ञात बाइक सवारों द्वारा यश पैलेस (बिजाधरपुर पाल नंगला) के पास से उसकी माँ के कान के कुण्डल लूट लिए हैं। वादी की सूचना पर कोतवाली फतेहगढ़ पर धारा 309(4) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। विवेचना में साक्ष्य संकलन व घटना के अनावरण के क्रम में मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त निखिल कटियार पुत्र स्व0 विजय सिंह कटियार निवासी राजा नगला रम्पुरा कोतवाली फतेहगढ़ व बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों की निशानदेही से लूट के 02 कुण्डल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद हुई।

गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली फतेहगढ़ प्रभारी निरीक्षक रणविजय सिंह, निरीक्षक राजेश कुमार व उपनिरीक्षक शिवकुमार, उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार तथा उनकी टीम, वहीं स्वाट टीम में प्रभारी सचिन सिंह चौधरी व उनकी टीम शामिल रही।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति को किया गया जागरूक


जागरूक करती पुलिस


महिलाओं को जानकारी देती महिला पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश देना था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना अमृतपृर मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलु हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। इसके साथ ही थाना अमृतपुर, थाना कमालगंज, थाना जहानगंज, कोतवाली, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना शमशाबाद में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पंपलेट वितरित कर महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सुरक्षा, विश्वास एवं आत्मनिर्भरता का वातावरण स्थापित करना बताया गया।

# देखि महीप सकल सकुचाने। बाज झपट जनु लवा लुकाने



**परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के छठवें रूप में उस भृगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्ष:स्थल पर सहा। भगवान परशुराम को न्याय का देवता माना जाता है। भगवान शिव ने उन्हें मृत्यु लोक के कल्याणार्थ परशु शस्त्र प्रदान किया। जिसके कारण वे परशुराम कहलाये। सनातन जगत के आराध्यों तथा समस्त शास्त्रोंध्शस्त्र के ज्ञाता है।


मनोज मिश्रा

**समाजसेवी मनोज मिश्रा** ने बताया कि भगवान परशुराम देवी रेणुका और सप्त ऋषि जमदग्नि के पुत्र भगवान विष्णु के छठे अवशेषावतार है। भगवान परशुराम की साधना, उपासना से भक्तों का कल्याण होता है पौराणिक मान्यता है कि वे आज भी मन्दराचल पर्वत पर तपस्यारत है। ऋषि संतान परशुराम ने अपनी प्रभुता व श्रेष्ठ वीरता की आर्य संस्कृतिक पर अमिट छाप छोड़े। शैव दर्शन में उनका अद्भुत उल्लेख है।


शिवाशीष तिवारी

**कांग्रेस नेता शिवाशीष तिवारी** ने बताया कि भगवान परशुराम और शस्त्र और शास्त्र के समन्वयक का नाम है। उन्हें शस्त्र और शास्त्र में महारथ हासिल थी। उन्होंने हमेशा अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध शस्त्र उठाकर पृथ्वी से आततायों का संहार किया था। उनके जन्मोत्सव पर हम अपने घरों में पूजा अर्चना के साथ दीपक जलाकर 19 अप्रैल को हम सभी लोग अपने घरों में उत्सव के रुप में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनायेंगे।


विनीता पाठक

**एसपीजीआर इंटर कालेज की प्रबंधिका विनीता पाठक** ने बताया कि भगवान परशुराम का समानता और न्याय की स्थापना में अतुलनीय योगदान है। भगवान परशुराम ने धर्म और न्याय की रक्षा के लिए प्रत्येक युग के किसी न किसी काल खण्ड में अवतरित होकर समाज और धर्म का उत्थान किया है। भगवान परशुराम ने पृथ्वी से आततायों का अंत किया था। हम सब लोग मिलकर उनका जन्मोत्सव मनायेंगे।

# पांटून पुल क्षतिग्रस्त होने से किसानों का कमालगंज मण्डी आना बंद


क्षतिग्रस्त पांटून पुल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते दिनों महमदगंज मढ़ैयन घाट पर पांटून पुल के टूटने से आवागमन बाधित हो गया। जिसके चलते काश्तकारों व आम नागरिकों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार कमालगंज क्षेत्र महमदगंज मढ़ैयन घाट पर गंगा में पानी बढ़ने से बीते दिनों पांटून पुल टूट गया था। जिसके चलते उतरने व चढ़ने वाला मार्ग पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके चलते उस पर रखे गये तख्ता हट गये। जिसके चलते हरदोई जाने वाला रास्ता बाधित हो गया है। हरदोई तक दूरी 65 किलोमीटर पड़ रही थी। पुल के दूसरी ओर जिले के तेरा अकबर से तीन किलोमीटर पर हरदोई जिले का कुंडपुरा है। कृषि उत्पादन मंडी समिति कमालगंज गल्ला आढ़ती संघ अध्यक्ष सुनील गुप्ता व अन्य आढ़तियों ने बताया कि पांटून पुल जल्दी ठीक न हुआ तो गंगापार क्षेत्र से गेहूं, आदि अनाज मंडी में आने की उम्मीद नहीं है। अर्जुनपुर रामगंगा पुल से जुड़े बड़े गांव, खसौरा, अजतूपुर आदि गांवों के किसान भी नहीं आ पा रहे हैं। इसका असर कमालगंज की मंडी पर पड़ेगा। पांटून पुल क्षतिग्रस्त हो जाने से कमालगंज की ओर से अब हरदोई जाना लोगों का बंद हो गया है। इसके चलते सबसे ज्यादा किसान भाइयों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि अब तक किसान भाई उस पार से गल्ला आदि सामान कमालगंज बाजार में लाकर बेंचते थे, लेकिन अब रास्ता क्षतिग्रस्त हो जाने से आवागमन बंद हो गया है। ऐसे में यदि वह बस या अन्य साधन से अपना आनाज लाते है तो उन्हें आनाज की कीमत से ज्यादा भाड़ा देना होगा। ऐसे में वह कमालगंज की बजाय अब अपने जिले की मण्डी में या क्षेत्रीय स्तर पर बेंचने को मजबूर होंगे।

# सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर में परीक्षा परिणाम व पुरस्कार हुआ वितरण

- वार्षिक पत्रिका अभ्युदय का किया गया विमोचन



प्रमाण पत्र व मेडल के साथ विद्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर सेनापति में वार्षिक पत्रिका अभ्युदय का भव्य विमोचन एवं वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संगठन मंत्री रजनीश पाठक, जिला प्रचारक मानवेंद्र सिंह, विद्यालय अध्यक्ष शिव विलास त्रिवेदी, प्रबंधक संजीव चौहान, सह प्रबंधक सुधाकर चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, पूर्व प्रबंधक अजय पुरवार, प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। अतिथि परिचय प्रदीप अवस्थी व संचालन रामानंद पांडे ने किया।

प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वार्षिक पत्रिका अभ्युदय का विमोचन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों की रचनात्मकता, लेखए कविताएं एवं विद्यालय की गतिविधियों का सुंदर संकलन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान वार्षिक परीक्षा परिणाम परीक्षा प्रमुख प्रदीप शर्मा द्वारा घोषित किए गए। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विवान मिश्रा, अनंत भारद्वाज, आशुतोष अवस्थी ने विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित किए एवं अन्य सभी भैया बहनों को भी सम्मानित किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रजनीश पाठक ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। इस अवसर पर आर्तिका, रश्मि परिहार, सीमा, प्रियंका, लक्ष्मी शुक्ला, सोनम, मीनू, सरला, कृष्ण कुमार, वीरेश परमार, शिवमोहन मिश्र, प्रदीप सेंगर, शिव कुमार, रामजी, अनिरुद्ध प्रताप सिंह, रजनीश, आलोक, गोविन्द, संजीव, बृजपाल सिंह ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# रामनवमी महोत्सव पर भजन संध्या का हुआ आयोजन



सांसद द्वारा सम्मानित होते मुन्ना गुप्ता

- पदाधिकारियों को सांसद ने किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्री रामनवमी महोत्सव में श्री राम विविध कला केंद्र के भजन संध्या में मुन्ना गुप्ता के भजन पर श्रोता जमकर झूमे। मेरे रोम रोम में बसने वाले राम..राम से बड़ा राम का नाम...तूने सबकी करी तरक्की मेरी तरक्की कर दो... हे मुरलीधर छलिया मोहन हम भी तुमको दिल दे बैठे वृंदावन जाने को जी चाहता है इन भजनों पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाई। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत मौजूद रहे। भजन गायिका पायल यादव ने सत्यम शिवम सुंदरम भजन गाकर श्रोताओं को ताली बजाने पर मजबूर किया। रेलवे रोड के बीएस मेंशन के हाल के मंच से मुन्ना गुप्ता के भजनों ने श्रोताओं को रोमांचित किया। कार्यक्रम में रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, माता दुर्गा के स्वरूप एवं राम विविध कला केंद्र के पदाधिकारी को सांसद मुकेश राजपूत ने प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया। सांसद मुकेश राजपूत ने भजन सम्राट की उपाधि देकर मुन्ना गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ गायक घोषित किया। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजू गौतम, व्यापार मंडल की महिला जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला, नेहा शुक्ला, मधु पांडे, सीमा मिश्रा, गुरसहायगंज से पधारे सुदेश गुप्ता, रेखा गुप्ता, गोविंद गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता, सनी गुप्ता, शुभम गुप्ता, रामबाबू, कला केंद्र के संस्थापक मटर लाल ,जिला अध्यक्ष संदीप दीक्षित, हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, अभिषेक बाजपेयी, सौरभ मिश्रा सहित सैकड़ो लोगों ने भजनों का आनंद लिया।

# खजूर की दलिया डालो अब मसीह आ रहा है



प्रार्थना करते पादरी स्टीफन मसीह व मनोज कुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खजूर का ऐतवार के अवसर पर सीएनआई सिटी चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दिन को बहुत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया, क्योंकि यह प्रभु यीशु मसीह के यरूशलेम आगमन की याद दिलाता है। लोगों ने खजूर की डालियां (पाम लीव्स) हाथ में लेकर प्रभु के स्वागत का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। सीएनआई बढ़पुर चर्च, सीएनआई सिटी चर्च, सीएनआई रखा चर्च, ऑल सोल्स चर्च फतेहगढ़ विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। बढ़पुर चर्च व रखा चर्च में पादरी मनोज कुमार ने प्रवचन कर शांति संदेश का प्रवचन दिया। पादरी स्टीफन मसीह ने सिटी चर्च व ऑल सोल्स चर्च फतेहगढ़ में प्रार्थना सभा का आयोजन किया और खजूर के महत्व की जानकारियां दी। विशेष प्रार्थना सभा के दौरान पादरी स्टीफन मसीह ने मसीह के प्रेम, त्याग और शांति के संदेश पर प्रवचन दिया गया। खजूर का ऐतवार ईस्टर पर्व की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है, इस तरह के आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभा में राजेश मसीह, मुकेश डेविड, सुरेंद्र मसीह, विमल मिश्रा, विजय मसीह आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं बढ़पुर चर्च में भावना लाल, जोर्डन राज, आशीष दयाल, रीतेश ओलिव सहित बड़ी संख्या में मसीह समाज के लोग मौजूद रहे। बच्चों ने हाथों में खजूर की टहनिया लेकर पॉम संडे पर जुलूस निकाला। प्रभु यीशु मसीह की याद में गीत गाये।

# राजनैतिक दल व्यापारियों का नहीं करते है सहयोग: सदानंद शुक्ला

- संगठन में आठ नवीन पदाधिकारियों को सौंपा गया दायित्व
- सरदार तोषित प्रीत सिंह बने जिला उपाध्यक्ष




स्वागत के दौरान मौजूद नवीन पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट की जिला कमेटी का विस्तार किया गया। लोहाई रोड स्थित एक होटल में नवीन पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने संगठन में आठ लोगों को पदाधिकारी घोषित कर कमेटी को मजबूत किया। नवीन पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत कर दायित्व सौंपा गया। जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने कहा कि शहर के प्रतिशिष्ठ व्यापारियों को संगठन में जोड़ा गया है। हर व्यक्ति अपने आपको जिलाध्यक्ष समझे और काम करें। उन्होंने राजनैतिक दलों को आड़े हाथों लिया और कहा कि पार्टी के लोग व्यापारियों का उत्पीड़न करते है। जरुरत पड़ने पर मदद नहीं करते है। सत्ता पक्ष व विपक्ष के लोग निष्क्रिय है, आज व्यापारी परेशान है, उसकी मदद नहीं करते है। सभी संगठन सत्ता पक्ष से जुड़े है उसके बाद भी यह दुर्दशा है। उन्होंने अंकुर श्रीवास्तव पर दर्ज किये गये मुकदमे के बारे में बताया कि पुलिस प्रशासन से वापस हुई है, वह मुकदमा वापस होगा। अगर वह मुकदमा वापस नहीं हुआ तो जरुरत पड़ी तो आंदोलन करेंगे। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजू गौतम ने संचालन किया और पदाधिकारियों का स्वागत किया। धन्यवाद जिला महामंत्री नरेश चन्द्र पालीवाल ने किया। संगठन में जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सरदार तोषित प्रीत सिंह को मिला। साथ ही आलोक अवस्थी को भी उपाध्यक्ष बनाया गया। मंत्री पद का दायित्व मनोज राठौर, विमल दुबे, विनय रस्तोगी, अशोक गुप्ता, प्रशांत वर्मा, अनिल सक्सेना को सौंपा गया।

इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष विशाल दुबे, अरविन्द गुप्ता राजू, संजय रस्तोगी, चन्द्रप्रकाश सिंह, राकेश मिश्रा कल्लू, विजय मिश्रा, गोविन्द अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

# टेट अनिवार्यता के विरोध में 13 अप्रैल को निकाली जायेगी बाइक रैली



बैठक को सम्बोधित करते ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की बैठक संयोजक भूपेश पाठक के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। टेट अनिवार्यता के विरोध में मनोज त्रिवेदी के आवाह्न पर अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की बैठक में रणनीति बनायी गई कि आगामी 13 अप्रैल को होने वाली बाइक रैली व मशाल जुलूस पर चर्चा हुई। भूपेश पाठक ने कहा कि 13 अप्रैल को 2:30 बजे जनपद के शिक्षक-शिक्षिकायें बाइक रैली में अनिवार्य रुप से प्रतिभाग करेंगे। सभी शिक्षक-शिक्षिकायें बीएसए कार्यालय पर एकत्र होंगे। रैली में सभी शिक्षक भाई सफेद शर्ट व शिक्षिका बहनें लाल रंग के परिधान में आयेंगे। साथ ही शिक्षक-शिक्षिकायें हेलमेट भी अवश्य पहनकर आये। बाइक रैली का रूट बीएसए कार्यालय से होते हुए कलेक्ट्रेट से अम्बेडकर प्रतिमा कोतवाली रोड होते हुए बीएसए कार्यालय तक निकाली जायेगी। नरेन्द्र जाटव ने कहा कि टेट अनिवार्यता के विरोध में जनपद के समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें सरकार से अब आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार है। संरक्षक ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षकों पर अन्याय सहा नहीं जायेगा। टेट अनिवार्यता के विरोध में जनपद व प्रदेश एवं देश के समस्त शिक्षक एक साथ है। वरिष्ठ शिक्षक नेता आदेश अवस्थी ने कहा कि टेट अनिवार्यता का विरोध हम हर स्तर पर करेंगे। टेट को स्वीकार नहीं किया जायेगा। मनोज त्रिवेदी ने कहा कि लड़ाई शिक्षकों के अस्थित्व की है। जितेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर यह लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेगी जायेगी। सुमन प्रकाश दीक्षित ने कहा कि 13 अप्रैल को ऐतिहासिक रैली निकाली जायेगी।

इस मौके पर श्रीनिवास वर्मा, अजय दीक्षित, राजेश यादव, सुशील रस्तोगी, जितेन्द्र राठौर, सोमनाथ दीक्षित, मुकेश सिंह राठौर, प्रवेश कटियार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# डा. अम्बेडकर जयंती समारोह समिति द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न



परीक्षा के दौरान मौजूद बच्चे एवं शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अम्बेडकर जयंती समारोह समिति के तत्वाधान में अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन सेंट पाल्स ब्राइटन एकेडमी बंधौआ नेकपुर में सम्पन्न हुई। परीक्षा में लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कक्षा 1 से लेकर स्नातक के छात्र-छात्राओं ने उल्लास पूर्वक परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक के रुप में जवाहर सिंह गंगवार, इं0 वेदप्रकाश, गंगाराम चौधरी, जगजीत सिंह के दिशा निर्देशन में परीक्षा हुई और निरीक्षण आवश्यक निर्देश दिये। परीक्षा प्रभारी विपिन सागर, शिवानंद नरेन्द्र, रानी सिंह, ओमशांति ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। परीक्षा को सफल बनाने के लिए दिव्यांशी गौतम, नीतू सिंह, राहुल, विजय प्रकाश, गायत्री देवी, नंदनी, आरुषी, नरेन्द्र सिंह, देव आदि अध्यापकों ने भाग लिया। परीक्षा का आयोजन समिति के अध्यक्षा सुषमा जाटव के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान समिति के विभिन्न लोगों ने व्यवस्था देखी। इस मौके पर विनोद, प्रमोद, अभिलाश, आर्शी गौतम, चन्द्रशेखर त्यागी, जनक सिंह, सरोज, अमित सिंह, सुशील, बृजेश कुमार फौजी, सुरेन्द्र राणा आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### राज्यपाल पुरस्कृत प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी को मिला सेवा विस्तार



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश शासन विशेष सचिव द्वारा जारी पत्र में प्रदेश के 13 माध्यमिक विद्यालयों के राज्य पुरस्कार प्राप्त प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों की सेवा विस्तार सूची निर्गत की गई है। जिसमें जनपद के विद्यालय मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज की राज्य पुरस्कार प्राप्त प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी को भी सेवा विस्तार का लाभ मिला है। प्रधानाचार्या ने शासन को धन्यवाद देते हुए बताया कि शासनादेश के क्रम में 1 अप्रैल 2026 से 65 वर्ष तक आयु पूरी होने सेवा विस्तार का लाभ हम सभी को दिया गया है एवं सेवा विस्तार के दौरान उन्हें अपने संबंधित विषय में वादन करना भी अनिवार्य रहेगा। इस मौके पर शिक्षक नेता संतोष दुबे, सत्येंद्र सिंह, रजनीश शिवा, पंकज औदिच्य, पूनम शुक्ला, अवधेश यादव, दर्शना शुक्ला, वरिष्ठ लिपिक अजंट सिंह, राघव मिश्रा, प्रदीप कुमार, पंकज औदिच्य एवं विद्यालय की शिक्षिकायें व शिक्षक नेताओं ने सुमन त्रिपाठी को बधाई दी।

### बजरंग दल की बैठक में प्रखण्ड नवाबगंज संगठन का हुआ विस्तार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक नवाबगंज के प्रखंड सिरौली में प्राचीन शिव मंदिर में संपन्न हुई। जिसमें आगामी कार्यक्रम राम उत्सव, संगठन विस्तार प्रखंड नवाबगंज में हुआ। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष आशीष दीक्षित, प्रखंड मंत्री शिवम गुप्ता, प्रखंड संयोजक रामदेव, सह संयोजक मयंक, दुर्गेश, सौरभ, श्याम मोहन, आकाश आदि लोगों की घोषणा की गई। बैठक में मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री रिषभ, विभाग संयोजक अभिषेक, जिला मंत्री अखिलेश, जिला कोषाध्यक्ष रुक्मंगल, जिला संयोजक सुदीप, जिला सहसंयोजक रोहन मिश्रा, जिला गौरक्षा प्रमुख योगेंद्र, अनुज, आकाश, गौरव, अजय, नितिन, अमन, अरुण, साहिल मिश्रा, आर्यन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



### आज कलेक्ट्रेट में किया जायेगा प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 30 मार्च दिन सोमवार को सुबह 11 बजे जिलाधिकारी कार्यालय फतेहगढ़ प्राइवेट स्कूलों के द्वारा जा रही अवैध वसूली सीबीएसई बोर्ड से स्कूलों में एनसीआरटी की पुस्तके ना चलाकर प्राइवेट पब्लिकेशंस कि किताबों को चलाने के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा भईयन ने दी है।

# खत्री सभा द्वार खेल उत्सव का हुआ आयोजन

- बच्चों ने प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर लिया भाग, हुए सम्मानित



कार्यक्रम में सम्मानित होते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खत्री सभा द्वारा खेल उत्सव का आयोजन घुमना खतराना स्थित खत्री धर्मशाला में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को अपने धर्म संस्कृति एवं पुराने जमाने के खेलकूद जैसे निशानेबाजी, छल्ला फेंको इनाम जीतों, कंचे गट्टू, लंगड़ी टांग, इक्कड़ दुक्कड, बच्चों के लिए मेमोरी गेम गुब्बारा दौड़ और सेल्फी गेम एवं ज्ञान वर्धक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। आय हुए दशकों से सवाल जवाब करके पुरस्कृत किया गया। महिलाओं एवं बच्चें ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। व्यवस्था अध्यक्ष मुदित टंडन व महामंत्री गौरव धवन व कोषाध्यक्ष प्रसून टंडन ने देखी। विजेताओं को अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। समाज के सम्मानित नागरिक लालजी टंडन, जगन्नाथ टंडन, मुकुल टंडन, राधेमोहन टंडन, राजेश टंडन, रोबिन कपूर, निमिष टंडन, सोनल टंडन, तन्वी धवन, एकता कपूर, सोनी मेहरोत्रा, स्मिता कपूर, प्रियांशी टंडन, ऋतु टंडन, मोनी कपूर, वैष्णवी मेहरोत्रा आदि आदि उपस्थित रहे।

# बंद कर भिक्षु को पीटा पुलिस ने नहीं की कार्यवाही



जानकारी देते पीड़ित भंते

**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला दुबे निवासी भिक्षु रामस्नेही उर्फ धम्म रक्षित ने तीन भिक्षुओं पर कमरे में बंद कर गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से मारपीट करने का आरोप लगा कर पुलिस को तहरीर दी है। भिक्षु धम्म रक्षित ने दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि शनिवार सुबह समय लगभग 8 बजे भिक्षु मनोज ने हमको धम्मा लोको संकिसा तिराहे पर बुलाया और मुझे अंदर बंद कर लिया। उपरोक्त भिक्षु मनोज ने अपने साथी दो और भिक्षुओं के साथ मिलकर मेरे साथ गाली-गलौज कर लाठी-डंडों व लात-घूंसों से मारपीट की। जिससे मेरे शरीर में काफी चोटें आ गई। भिक्षु धम्म रक्षित ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया कि घटना की तहरीर मेरापुर थाना प्रभारी को दी पर उन्होंने कोई कार्यवाही नहीं की और ना ही मेरा मेडिकल कराया।

# श्याम आस्था परिवार व श्रीराम सेवा द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



प्रमाण पत्र देते मनोज अग्रवाल

- 45 लोगों ने किया रक्तदान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्री श्याम आस्था परिवार समिति एवं श्रीराम सेवा परिवार की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन स्टेट बैंक रोड अग्रवाल सभा भवन में आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल व नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल ने फीता काटकर किया। रक्तदान शिविर में आये लोगों ने रक्तदान किया। 45 रक्त दानियों ने रक्तदान कर संस्था का मान बढ़ाया। समिति की ओर से नवनीत कनौजिया ने आये हुए अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। रक्तदान आयोजन की देखरेख मुख्य रुप से अंकित अग्रवाल व रचित अग्रवाल एवं नवनीत कनौजिया ने देखी। 45 रक्त दानियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पूर्व एमएलसी ने कहा कि इस तरह के शिविर से जरुरतमंदों को रक्त मिल सकेगा। यह संस्था की अनोखी पहल है।

इस मौके पर सर्वेश दीक्षित, नन्हे भईया, संजय सक्सेना, सुनीता अग्निहोत्री, शिल्पी रस्तोगी, विजेन्द्र सिंह, राजीव अग्रवाल, मनोज मिश्रा, डा0 नवनीत गुप्ता, अनुराग अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना। नवाबगंज में योगेंद्र सिंह राठौर के प्रतिष्ठान पर बूथ नं0 250 पर प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात सुनते चेयरमैन अनिल राजपूत की उपस्थित में सुना गया। चेयरमैन अनिल राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार समाज सेवा और राष्ट्र कल्याण के लिए प्रेरित करते हैं। कमल भारद्वाज ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने की नई ऊर्जा प्रदान करता है। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद थे। सभी उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए प्रेरक प्रसंगों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आदेश राठौर, कमल भारद्वाज, लघु उद्योग प्रकोष्ठ संयोजक योगेंद्र सिंह राठौड़, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष हेम सिंह लोधी, अवनीश गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

**INFORMATION**

I hitherto known as Rajnesh S/O Nathu SinghR/O: Ghatiyaghat, near ganga fillig station, bhagua nagla District: Farrukhabad State: Uttar Pradesh PIN Code: 209601, have changed my name and shall hereafter be Amit Singh.

**Amit Singh S/O Nathu Singh P/O: Ghatiyaghat, near ganga fillig station, bhagua nagla District: FarrukhabadState: Uttar Pradesh PIN Code: 209601**

## खबरें एक नजर में

### वार्षिक परीक्षाफल घोषित, अमायरा, शिवी, अथर्व व प्रवीर रहे टॉपर, मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित




**लखीमपुर खीरी।** शहर के गोमती इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं और विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर के चिकित्सक डॉ. अंजनी मिश्रा रहे। उन्होंने नर्सरी से कक्षा आठ तक के बच्चों को रिपोर्ट कार्ड वितरित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास बेहद जरूरी है। विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं के टॉपर्स भी घोषित किए गए। प्ले ग्रुप में प्रवीर श्रीवास्तव प्रथम, धृति सिंह द्वितीय और अविरल सिंह तृतीय रहे। नर्सरी में अथर्व अवस्थी प्रथम, अयानाश कटियार द्वितीय और आकृति शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। यूकेजी में टॉपर अमायरा टॉपर रहीं, सक्षम कुमार द्वितीय और अभिनंदन सिंह तृतीय रहे। वहीं एलकेजी में शिवी शुक्ला टॉपर रहीं और श्रेयांश मिश्रा द्वितीय और अनुभव शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक नीरज सिंह, शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

### मासूम सिमरन को उठाकर मारने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद, फुटहा फार्म में ग्रामीणों ने ली राहत की सांस



**निघासन खीरी।** निघासन के फुटहा फार्म में घर से उठाकर सात वर्षीय मासूम सिमरन की जान लेने वाला तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के लगाए पिंजरे में कैद हो गया। कई दिनों से दहशत में जी रहे ग्रामीणों ने तेंदुए के पकड़े जाने के बाद राहत की सांस ली। बेलराया वन रेंज क्षेत्र के अंतर्गत फुटहा फार्म में लंबे समय से दहशत का कारण बना तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। तेंदुए के पकड़े जाने से जहां ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है, वहीं वन विभाग की कार्रवाई भी सफल मानी जा रही है। तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग द्वारा पिछले कई दिनों से लगातार अभियान चलाया जा रहा था। इलाके में कुल पांच पिंजरे लगाए गए थे, जिनमें बकरी को चारे के रूप में बांधा गया था। शनिवार देर रात तेंदुआ लालच में आकर एक पिंजरे में घुस गया और कैद हो गया। वन विभाग की टीम पहले से ही इलाके में सक्रिय थी और पिंजरों के आसपास कैमरों के जरिए निगरानी की जा रही थी। जैसे ही तेंदुए के पिंजरे में फंसने की सूचना मिली, टीम मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को सुरक्षित कर लिया गया। ड्रोन के माध्यम से भी आसपास की स्थिति पर नजर रखी गई। तेंदुए के पकड़े जाने के बाद फुटहा फार्म सहित आसपास के गांवों में राहत का माहौल है। बीते दिनों हुई दर्दनाक घटना के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों था। शाम होते ही लोग घरों में कैद हो जाते थे और बच्चों को बाहर भेजने से डरते थे। गौरतलब है कि बीते बुधवार को इसी क्षेत्र में तेंदुए ने घर में घुसकर सात वर्षीय सिमरन को उठाकर मार डाला था। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग पर जल्द कार्रवाई का दबाव बनाया था। बेलराया रेंज के रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि तेंदुए को सुरक्षित रूप से पकड़ लिया गया है और उसे जल्द ही आबादी से दूर सुरक्षित जंगल में छोड़ा जाएगा। पूरी प्रक्रिया विशेषज्ञों की निगरानी में की जा रही है। फिलहाल वन विभाग की टीम मौके पर तैनात है और अन्य संभावित खतरों को देखते हुए निगरानी जारी रखी गई है।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 195 मरीजों का हुआ उपचार

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के हलिया, नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमंडगंज, बरौंधा और मुडपेली में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मरीजों का चिकित्सा अधिकारी ने उपचार कर निरू शुल्क दवाएं दी। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित मुख्य मंत्री जन आरोग्य मेला में उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया हलिया डाक्टर आलोक कुमार यादव द्वारा 45 मरीजों का उपचार किया गया । वहीं मतवार में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ कामेश्वर तिवारी द्वारा कुल 31 मरीजों का उपचार कर मरीजों को दवा वितरित किया वहीं नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंड गंज में चिकित्सक बाल कृष्ण मिश्र ने कुल 43 मरीजों का उपचार किया। जबकि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में कुल 37 मरीजों का डा? सुरेश कनौजिया ने उपचार किया तथा मुड़पेली स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर मनीष कुमार ने कुल 39 मरीजों का नि:शुल्क दवा वितरित किया।इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी हलिया डा0 अवधेश कुमार ने बताया कि चार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो पर कुल 195 मरीजों का उपचार किया गया और नि:शुल्क दवाएं दी गई है।

### ताला तोड़कर चोरों ने नकदी समेत लाखों के जेवरात उड़ाएं

**महाराजगंज।** फरेंदा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा निरनाम पूर्वी के टोला लेदवा में 28 मार्च की रात्रि में ताला तोड़कर नकदी समेत लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात चोरों ने उड़ा दिया है।जिसकी सूचना फरेन्दा थाना में घर की मुखिया गुड्डी पत्नी संजय द्वारा लिखित तहरीर देखकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग किया गया है। फरेंदा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा निरनाम पूर्वी के टोला लेदवा निवासी गुड्डी पत्नी संजय सहानी के घर में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर नकदी समेत लाखों रुपए के सोने , चांदी के जेवरात उड़ा कर क्षेत्र में दहशत फैला दिया गया है जिससे क्षेत्र के लोगों में दहशत व्याप्त है जिसकी सूचना घर की मुखिया गुड्डी द्वारा फरेंदा थाने में तहरीर देकर बताया गया है कि उसके पुत्री का विवाह तय था जिसके लिए तमाम सोने व चांदी के जेवरात सहित अन्य सामग्री खरीद कर घर में रखा गया था। गुड्डी ने बताया कि घर में रखा ?40000 नगद भी मौजूद था जिसको अज्ञात चोरों द्वारा नकदी समेत लाखों रुपए के जेवरात उड़ा दिया गया है जिसके संबंध में फरेंदा थाने में तहरीर दी गई है मुकदमा लिखकर जांच करते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है उक्त प्रकरण में फरेंदा थाना इंचार्ज से पूछे जाने पर बताया गया है कि उक्त मामले की अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है तहरीर मिलने के पश्चात आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### दीवार से टकराकर पोल से भिड़ी बाइक, एक युवक की मौत

**महराजगंज।** नौतनवा थाना क्षेत्र के कजरी खास गांव में रविवार को एक हादसा हो गया। एक बाइक पर सवार दो युवक अनियंत्रित होकर दीवार से टकराकर बिजली के पोल में जा भिड़े। हादसे में खून से लथपथ पड़े दोनों घायलों को आस-पड़ोस के लोगों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने रामबचन साहनी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नौतनवा थाना क्षेत्र के ही ग्राम सेमरहवा टोला चेरइया निवासी सेमयी अपने गांव के ही एक साथी रामबचन साहनी के साथ बाइक से किसी काम के लिए निकला था। दोनों बाइक सवार जैसे ही कजरी गांव के पास पहुंचे, तभी बाइक अनियंत्रित होकर दीवार से टकराते हुए बिजली के पोल भिड़ गई। बाइक की टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों मौके पर ही गंभीर रूप से घायल होकर तड़पने लगे। ग्रामीणों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर में भर्ती कराया। वहां रामबचन साहनी को तत्काल मृत घोषित कर दिया गया। जबकि सेमयी की हालत गंभीर देख प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### पीड़ित ने जान से मारने की धमकी की दी तहरीर, कार्रवाई की मांग

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के सुईया कला गांव निवासी छेदीलाल सिंह ने रविवार को थाने में तहरीर देकर जान से मारने की धमकी देने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है । तहरीर में बताया है की अपनी जमीन पिछले करीब 40 वर्षो से काबिज दखल होकर के खेती करते चला आ रहा हूँ मेरे बटाईदार व उनके पिता व उनके पुत्र आदित्य को शनिवार को समय करीब चार बजे उनके घर में घुसकर जबरदस्ती लाठी डंडे से मारा पीटा जिसका पुनरावृति हो गई। रविवार को करीब 7:30 बजे विपक्षीगण ने मेरे दरवाजा पर आकर गाली व जान से मारने की धमकी देने लगे डर वश घर की दरवाजा नहीं खोला डायल 112 पर सूचना दिया विपक्षीगण द्वारा धमकी दिया गया है की पूरा गेंहू काटकर पूरा बोझ उठा ले जायेंगे और हत्या करके लाश फेंक देंगे और कुत्ते नोच नोचकर खा जायेंगे । ये सभी कभी भी हत्या करके लाश फेंक देंगे बहुत डरा हुआ हूँ । यें सभी लोग एकराय होकर करीब बीस की संख्या में मेरे गेंहू फसल को जबरदस्ती कटाई कर रहे है । मेरे घर लाठी डंडे से लैस घर के दीवारों व दरवाजा पर पत्थर ईट से घर पर जानलेवा हमला किये है । यें सभी लोग हत्या करने का प्रयास किये है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### किशोरी का अपहरण करने वाला युवक गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीया किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपित युवक को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन एसआइ शिवाकांत पांडेय,एसआइ राम विशाल,हेड कांस्टेबल घनश्याम यादव, अशोक बिंद ने नैड़ी कठारी गांव की सीमा के पास से लालगंज क्षेत्र निवासी आरोपित युवक मनीष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इस संबंध में किशोरी के पिता ने युवक के विरुद्ध बीते 25 मार्च को अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था।

# डीसीएम की टक्कर से मां-बेटी की दर्दनाक मौत

**मासूम के दो टुकड़े हुए, भागते समय ट्रक ने ई-रिक्शा को भी टक्कर मारी, पांच सवारियां घायल**



**फरधान (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर-मोहम्मदी मार्ग पर रविवार को दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया, जहां तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में 28 वर्षीय महिला और उसकी छह माह की मासूम बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बच्ची के शरीर के दो टुकड़े हो गए, जबकि महिला बुरी तरह कुचल गई। हादसे के बाद भागने की कोशिश में डीसीएम चालक ने आगे जा रहे ई-रिक्शा को भी टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गया और चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।

**शादी समारोह में जा रहा था परिवार, रास्ते में उजड़ गया घर:** थाना फरधान क्षेत्र के पठानन पुरवा निवासी इसराइल अपनी पत्नी शाहमीन (28) और तीन बेटियों-आफरीन (6), पलक (3) और छह माह की रशीदा-के साथ बाइक से नीमगांव स्थित अपने मामा के यहां शादी समारोह में जा रहे थे। जैसे ही वे राजेपुर गांव के पास पहुंचे, सामने से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक के पिछले हिस्से में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही शाहमीन और मासूम रशीदा उछलकर सीधे डीसीएम के पहियों के नीचे आ गईं। दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे इसराइल और अन्य दो बच्चियां सड़क किनारे गिरकर बाल-बाल बच गईं।

**भागते-भागते ई-रिक्शा में मारी टक्कर, 5 घायल:** हादसे के बाद डीसीएम चालक मौके से फरार होने लगा, लेकिन कुछ दूर जाकर उसने एक ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि रिक्शा उछलकर सड़क किनारे पलट गया। इसमें सवार चालक समेत पांच लोग घायल हो गए।

**घायलों को जिला अस्पताल रेफर:** स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस के जरिए सीएचसी फरधान भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चार घायलों को जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया गया। एक घायल का इलाज स्थानीय स्तर पर चल रहा है।

**ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर पुलिस को सौंपा:** हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने डीसीएम को मौके पर ही रोक लिया और चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को ग्रामीणों के कब्जे से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया।

**ई-रिक्शा में सवार घायल:** राजकुमार (23), निवासी देवरिया, थाना फरधान, विद्या देवी (85), निवासी देवरिया, थाना फरधान, पप्पू (55), निवासी रसूलपुर, थाना नीमगांव, रामफूल (86), निवासी रसूलपुर, थाना नीमगांव, माया देवी (35), निवासी अटवा, थाना नीमगांव।

**मौके पर पसरा मातम, हर आंख नम:** घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जिसने भी हादसे का मंजर देखा, उसकी रूह कांप उठी। एक ही पल में खुशियों से भरा परिवार मातम में बदल गया। सड़क पर बिखरी चीखें और आंसू देर तक लोगों को झकझोरते रहे।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से व्यापारी पुत्र की मौत, दो साल पहले ही हुआ था विवाह



**लखीमपुर खीरी।** सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। बनगवां मंडी के व्यापारी के पुत्र की तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। गौरीफंटा थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। बनगवां मंडी के व्यापारी एवं पलिया मोहल्ला बाजार-2 निवासी ईश्वरी चंद गुप्ता के मझले पुत्र निहाल गुप्ता (लगभग 30 वर्ष) को पलिया से गौरीफंटा जाने वाले मार्ग पर एक तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही अज्ञात मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में निहाल गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, दुर्घटना में घायल दूसरे युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे के समय निहाल गुप्ता की बाइक बीच जंगल में खराब हो गई थी और वह सड़क किनारे खड़े होकर दूसरे साधन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा भरकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। हालांकि, परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इनकार किया है। मृतक निहाल गुप्ता का विवाह लगभग दो वर्ष पूर्व हुआ था और वह प्रतिदिन की तरह अपनी दुकान के लिए बनगवां मंडी जा रहे थे। इस हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और क्षेत्र में शोक की लहर है।

# तमंचे की नोक पर दंपती से लूट, हाईवे किनारे वारदात से दहशत

**उचौलिया थाना क्षेत्री में हुई घटना से दहशत**

**उचौलिया (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। शनिवार की रात करीब 8 बजे अज्ञात असलाहधारी बदमाशों ने ससुराल से लौट रहे दंपति को बीच रास्ते रोककर लूट की वारदात को अंजाम दे डाला। नगरा निवासी आवेश सिंह पुत्र नरेश सिंह ने बताया कि वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ उचौलिया थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव से मोटरसाइकिल से वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह राष्ट्रीय राजमार्ग से नगरा की ओर मुड़े और रेलवे फाटक से करीब 100 मीटर पहले पहुंचे, तभी पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने उनकी बाइक के आगे अपनी मोटरसाइकिल लगाकर उन्हें रोक लिया। पीड़ित के अनुसार, बदमाशों ने कनपटी पर तमंचा सटाकर जान से मारने की धमकी दी और उनके पास से एक तोले का सोने का हार, करीब 150 ग्राम चांदी की पायल, ढाई ग्राम के कुंडल, एक पेंडल और करीब 5 हजार रुपये नगद लूट लिए। वारदात के दौरान परिवार दहशत में रहा और विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा सका। घटना के बाद सहमे पीड़ित ने तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की।

लगातार हो रही इस तरह की घटनाएं पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं। स्थानीय लोगों में डर का माहौल है और पुलिस से जल्द खुलासे की उम्मीद की जा रही है।

**पुलिस का बयान:** थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल नारायण ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और बदमाशों की तलाश के लिए टीमें लगा दी गई हैं।

**अहम सवाल:** हाईवे किनारे इस तरह की वारदात, क्या गश्त नाकाफी है? आखिर बदमाशों को इतनी सटीक लोकेशन की जानकारी कैसे मिली? क्या क्षेत्र में सक्रिय है कोई लुटेरा गिरोह?

# युवक को 4 किमी तक बोनट पर घसीटने के मामले में मुकदमा दर्ज

**गौरीफंटा (खीरी)।** इंडो-नेपाल बॉर्डर के दुधवा जंगल क्षेत्र में युवक को कार के बोनट पर लटकाकर करीब 4 किलोमीटर तक घसीटने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना 27 मार्च की है, जबकि पीड़ित की तहरीर पर 28 मार्च को कोतवाली गौरीफंटा में केस दर्ज किया गया। पटिहन निवासी विनीत कुमार उर्फ रामवक्स गुप्ता ने आरोप लगाया कि तेज रफ्तार कार (UP32ST5059) के चालक प्रवीन ने जानबूझकर उन्हें टक्कर मारने का प्रयास किया, जिससे बचने के लिए उन्हें कार का बोनट पकड़ना पड़ा। आरोपी उन्हें काफी दूर तक घसीटता रहा। पीड़ित के साथ चल रहे साथियों ने पीछा कर कार को रुकवाया और उनकी जान बचाई। आरोप है कि कार रोकने के बाद चालक ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक प्रमीत कुमार को सौंपी है। आरोपी चालक फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली में हाइटेंशन तार छूने से गेहूं में लगी आग, जलकर राख



**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज क्षेत्र के बरबसा गहरवार गांव में रविवार शाम पांच बजे के करीब ट्रैक्टर ट्राली पर लदे गेंहू के बोझ में हाइटेंशन तार छूने से अचानक आग लग गई। चालक के शोरगुल मचाने पर मौके पर डिब्बा बाल्टी में पानी लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने आग पर किसी तरह से काबू पाया लेकिन तब तक ट्राली में लदी गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। बरबसा गहरवार गांव निवासी किसान चिंतामणि मिश्र शुकुलपुर गांव में काटी गई गेंहू की फसल को मड़ाई कराने के लिए ट्रैक्टर ट्राली पर लदवाकर मड़ाई कराने के लिए खलिहान में लेकर जा रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर ट्राली बारीपुर मोहल्ले में प्रवीण तिवारी के घर के पास पहुंचा तो ट्राली पर लदा गेंहू का बोझ हाइटेंशन तार से छू गया। जिससे ट्राली में आग लग गई। ट्राली पर लदे गेंहू के बोझ में आग लगी देख ट्रैक्टर चालक चीनी कोल ने शोरगुल मचाते हुए ट्राली को ट्रैक्टर से अलग कर दिया। जिससे ट्रैक्टर आग की चपेट में आने से बच गया। किसान चिंतामणि मिश्र ने बताया कि बारीपुर मोहल्ले नीचे झूल रहा हाइटेंशन तार गेंहू के बोझ से छू गया जिससे आग लग गई। ट्राली पर लदा गेंहू के बोझ जलकर राख हो गए।घटना की सूचना हल्का लेखपाल शुभम ओझा को दी गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की।

# निघासन कोतवाली में एसपी का औचक निरीक्षण

**चार घंटे की मैराथन समीक्षा में खुलीं खामियां, रिकॉर्ड अपडेट से लेकर जनसुनवाई तक पर सख्ती, सिंगाही-पढ़ुआ थानों की कार्यशैली पर जताई नाराजगी, एक हफ्ते में सुधार के निर्देश**



**निघासन (लखीमपुर खीरी)।** जिले की कानून-व्यवस्था को और चुस्त-दुरुस्त बनाने के मकसद से रविवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने निघासन कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। अचानक पहुंचे इस दौरे से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। करीब चार घंटे तक चली मैराथन जांच और समीक्षा के दौरान कई खामियां सामने आईं, जिन पर एसपी ने मौके पर ही सख्त रुख अपनाया। कोतवाली पहुंचने पर एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने कार्यालय, मालखाना, हवालात, मैस और हाजिरी रजिस्टर समेत विभिन्न अभिलेखों की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड के रख-रखाव और साफ-सफाई को लेकर कमियां मिलीं, जिस पर उन्होंने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अवधराज सिंह सेंगर को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि अभिलेख पूरी तरह अपडेट और व्यवस्थित होने चाहिए, ताकि किसी भी जांच या कार्रवाई में बाधा न आए।

**सिंगाही और पढ़ुआ थानों पर सख्त नाराजगी:** निरीक्षण के बाद एसपी ने निघासन सर्किल के थानों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार, सिंगाही थाना प्रभारी दिलीप चौबे, तिकुनिया कोतवाल पुष्पराज कुशवाहा और पढ़ुआ थाना प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान सिंगाही और पढ़ुआ थानों की कार्यप्रणाली पर एसपी ने असंतोष जताया। उन्होंने दोनों थाना प्रभारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के भीतर सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि लापरवाही जारी रही तो कार्रवाई तय है।

जनता से व्यवहार पर विशेष जोर एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि थाने पर आने वाले हर फरियादी के साथ संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। कानून-व्यवस्था में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। करीब साढ़े चार घंटे तक चले इस औचक निरीक्षण और समीक्षा के बाद एसपी वापस लखीमपुर के लिए रवाना हो गईं।

# नेपाल में सियासी हलचल के बीच पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी, सोनौली सीमा पर हाई अलर्ट

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज़।**



नेपाल की राजधानी काठमांडू में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी के बाद भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हो गई हैं। खासतौर पर महराजगंज जनपद की संवेदनशील सोनौली सीमा पर चौकसी कई गुना बढ़ा दी गई है। सीमा से गुजरने वाले हर व्यक्ति और वाहन की सघन जांच की जा रही है। सुरक्षा बलों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज न किया जाए और तत्काल कार्रवाई की जाए। हालात को देखते हुए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम लगातार गश्त कर रही है, जिससे सीमा क्षेत्र में सुरक्षा का मजबूत घेरा बना रहे। केवल मुख्य मार्ग ही नहीं, बल्कि सीमा से जुड़े कच्चे रास्तों, पगडंडियों और ग्रामीण संपर्क मार्गों पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। ये वे रास्ते हैं, जिनका इस्तेमाल अक्सर स्थानीय लोग आवाजाही के लिए करते हैं, लेकिन संवेदनशील परिस्थितियों में इनका दुरुपयोग भी संभव है। इसी आशंका को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने यहां अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक नेपाल में तेजी से बदल रहे राजनीतिक घटनाक्रम के मद्देनजर यह एहतियाती कदम उठाया गया है।

एसएसबी की 22वीं वाहिनी के सहायक कमांडेंट सी विवेक ने बताया कि पूरी सीमा पर हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान का सत्यापन किया जा रहा है और वाहनों की गहन तलाशी ली जा रही है। साथ ही, स्थानीय प्रशासन और खुफिया एजेंसियां लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

### नायब तहसीलदार ने किया शिकायत की जांच



**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हथेड़ा गांव में रविवार को नायब तहसीलदार राजीव यादव ने थाना समाधान दिवस पर पड़े प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों से वार्ता कर शिकायत की जांच किया है और दोनों पक्षों को तहसील तलब किया है सिकटा गांव निवासी मिश्री लाल ने थाना समाधान दिवस पर प्रार्थना पत्र दिया था की हथेड़ा गांव में पैमाइशशुदा भूमि पर विपक्षी द्वारा खेत की चौहदी दिखाकर अबैध निर्माण करने में लगे है जिस पर प्रार्थना पत्र की जांच नायब तहसीलदार द्वारा किया गया है इस दौरान क्षेत्रीय लेखपाल विनोद कुमार मौजूद रहे।

# कंटेनर का ब्रेक फेल होने से कंटेनर चालक सहित दो की मौत, तीन घायल

**अनियंत्रित कंटेनर आगे चल रही कार, बाइक व कंटेनर में पीछे से टकराया**



**हलिया, मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित ड्रमंडगंज घाटी में शनिवार की रात साढ़े दस बजे के करीब कोल्डड्रिंक लादकर नीचे उतरते समय कंटेनर का अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित कंटेनर आगे चल रही कार, मोटरसाइकिल व कंटेनर में पीछे से टक्कर मारते हुए क्षतिग्रस्त हो गया। कंटेनर चालक व कंटेनर में बैठे एक अन्य कंटेनर चालक की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। वहीं घटना में खलासी और बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मध्य प्रदेश के इंदौर से कोल्डड्रिंक लादकर असम के गुवाहाटी जा रहा कंटेनर रात साढ़े दस बजे के करीब ड्रमंडगंज घाटी में नीचे उतरते समय जैसे ही जालिम मोड़ के आगे पहुंचा तो अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित कंटेनर आगे चल रही कार में पीछे से टक्कर मार दी। संयोग था कि कार में सवार सभी लोग बाल बाल बच गए।कार में सवार सभी लोग मैहर से दर्शन कर वापस अपने घर सोनभद्र जा रहे थे। इसके बाद अनियंत्रित कंटेनर आगे चल रही बाइक में टक्कर मारते हुए चार सौ मीटर आगे बड़का मोड़ घुमान पर आगे चल रहे कंटेनर में पीछे से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंटेनर का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और कंटेनर पर लदा कोल्डड्रिंक राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिखर गया।वही आगे चल रहा कंटेनर बड़का मोड़ पर डिवाइडर से जा टकराया। हादसे में 35 वर्षीय कंटेनर चालक अरविंद कुमार निवासी निस्बी थाना मिलक जिला रामपुर तथा कंटेनर में सवार दूसरे कंटेनर का चालक 50 वर्षीय लालता यादव निवासी खुटिया थाना चंदौली जिला चंदौली की मौके पर मृत्यु हो गई। मृतक कंटेनर चालक लालता देवास से कोल्ड ड्रिंक लदे कंटेनर में बैठकर अपने घर चंदौली जा रहा था कि रास्ते में हादसे का शिकार हो गया।वहीं जान बचाने के लिए नीचे कूदने पर 21 वर्षीय खलासी हिम्मत सिंह निवासी निस्बी थाना मिलक जिला रामपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। कंटेनर की चपेट में आने से बाइक सवार 28 वर्षीय अजय कुमार बिंद व उनका छोटा भाई विजय कुमार बिंद निवासी सोबरी सुभाष नगर थाना ऊंज जिला भदोही गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें विजय कुमार को गंभीर चोटें आई हैं। बाइक सवार दोनों भाई मुम्बई से बाइक से अपने घर भदोही जा रहे थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन एसआइ विनोद कुमार सिंह एसआइ सुभाष यादव, मूलचंद्र वर्मा, हेड कांस्टेबल संतोष यादव ने घायल बाइक सवार दोनों भाइयों व गंभीर रूप से घायल खलासी को एंबुलेंस सेवा 108 के ईएमटी कन्हैया पाल, चालक मंगला वर्मा के द्वारा उपचार हेतु पीएचसी हलिया भेजवाया। जहां पीएचसी के चिकित्सक आलोक सिंह यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल खलासी हिम्मत सिंह व बाइक सवार विजय कुमार को मंडलीय चिकित्सालय रेफ्र कर दिया। वहीं बाइक चालक अजय कुमार बिंद की हालत सामान्य बताई जा रही है।थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि देर रात ड्रमंडगंज घाटी में हुए हादसे में कोल्डड्रिंक लदे कंटेनर चालक व कंटेनर में सवार एक अन्य कंटेनर चालक की मृत्यु हो गई है।

# महराजगंज में भाजपा का वैचारिक मंथन

**दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान में कार्यकर्ताओं को संगठन व सिद्धांतों का मिला सशक्त मार्गदर्शन**

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**




जिले में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठनात्मक मजबूती और वैचारिक सुदृढ़ता को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की गई। शिकारपुर और घुघली मंडल के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान' का शुभारंभ घुघली क्षेत्र के बेलवा टीकर स्थित प्रभावती देवी महाविद्यालय में किया गया। इस आयोजन ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और वैचारिक स्पष्टता का संचार किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय वातावरण में हुआ, जहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन ने पूरे परिसर को राष्ट्रभक्ति के भाव से ओत-प्रोत कर दिया। घुघली मंडल के प्रशिक्षण सत्र में सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने 'सरकार की उपलब्धियां' विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसी योजनाओं को परिवर्तन का आधार बताते हुए कहा कि इनसे गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के जीवन में व्यापक सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने और आम जनता को जागरूक करने का आह्वान किया। वहीं शिकारपुर मंडल के सत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने 'वैचारिक अधिष्ठान' विषय पर गहन चर्चा करते हुए पार्टी की मूल विचारधारा को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद, अंत्योदय और सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित एक सशक्त वैचारिक आंदोलन है। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत उसके समर्पित और अनुशासित कार्यकर्ताओं में निहित होती है। ऐसे प्रशिक्षण अभियान न केवल कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं, बल्कि संगठनात्मक क्षमता और नेतृत्व कौशल को भी निखारते हैं। कार्यक्रम में दोनों मंडलों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।